ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी 02:16 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 5 जून 2025
वर्ष 5, अंक 104, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अमेरिका से बढ़ेगा तेल-गैस का आयात 12

तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली 13

## दो चरणों में होगी राष्ट्रीय जातीय जनगणना, 16 जून को अधिसूचना

नई दिल्ली, एजेंसी

- लद्दाख जैसे पहाड़ी इलाकों में 1 अक्टूबर 2026 से
- देश के बाकी हिस्सों में 1 मार्च 2027 से शुरू होगी

लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जातिगत गणना के साथ जनगणना की शुरुआत एक अक्टूबर, 2026 को होगी जबकि बाकी देश में इस प्रक्रिया की शुरुआत एक मार्च, 2027 से होगी।

गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि जातिगत गणना के साथ-साथ जनगणना-2027 को दो चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि 2026 के पहले अक्टूबर की आधी रात बारह बजे होगी। इस आशय की अधिसूचना संभवतः 16 जून 2025 को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी।

भारत की पिछली जनगणना 2011 में दो चरणों में की गई थी। पहला चरण एक अप्रैल से 30 सितंबर 2020 के बीच चला था और दूसरा चरण नौ फरवरी से 28 फरवरी 2011 तक चला था। मंत्रालय ने बताया कि जनगणना 2021 को भी इसी तरह दो चरणों में आयोजित करने का प्रस्ताव था।

पहला चरण अप्रैल-सितंबर 2020 के दौरान और दूसरा चरण फरवरी 2021 में आयोजित किया जाना था। हालांकि, देश भर में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित करना पड़ा।

## उत्तराखंड में इलेक्ट्रिक वाहनों पर नहीं लगेगा टैक्स

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक, 12 अन्य प्रस्ताव हुए पास



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इसमें इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैक्स माफी, 859 आउटसोर्स पर्यावरण मित्रों की मृतक आश्रित नियमावली का लाभ देने समेत 12 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी।

मुख्यमंत्री धामी की कैबिनेट बैठक में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट चारधाम में से एक श्री बद्रीनाथ धाम के आगमन प्लाजा में विशिष्ट आर्ट वर्क ऑफ सुदर्शन चक्र स्कल्पचर, झील के सामने शेषनेत्र कमल दीवार पर विशिष्ट कलाकृति, पर्यटन प्रबंधन भवन में भी विशिष्ट कलाकृति और बद्रीनारायण चौक पर पेड़ और नदियां बनाने की स्वीकृति दी गई। वर्तमान में बद्रीनाथ में मास्टर प्लान के तहत पुनर्निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा स्थानीय निकायों में विनियमितीकरण नियमावली-2013 के अंतर्गत 859 पर्यावरण मित्रों को वन टाइम सेटलमेंट के तहत विनियमित किया गया था। इस विनियमितीकरण शासनादेश में प्रावधान था कि एक बार के लिए विनियमित किए कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति अथवा अन्य किसी दशा में उक्त पद रिक्त होने पर यह आउटसोर्स में परिवर्तित हो जाएगा। इस प्रावधान की वजह से कर्मचारियों के आश्रितों को मृतक आश्रित नियमावली का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसे देखते हुए उक्त प्रावधान में संशोधन कर उन्हें मृतक आश्रित नियमावली का लाभ देने का निर्णय लिया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, डॉ. धन सिंह रावत, रेखा आर्या, गणेश जोशी, सतपाल महाराज, सौरभ बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

### कैबिनेट में इस पर भी मुहर

- विधि विज्ञान प्रयोगशाला में आय-व्यय कार्य संचालन के लिए विभागाध्यक्ष की घोषणा की जाएगी
- मानवाधिकार आयोग में सृजित 47 पदों के सापेक्ष 12 नवीन पदों को सृजन का अनुमोदन दिया गया
- राष्ट्रीय पेंशन योजना से आच्छादित कार्मियों की पूर्व सेवाओं को ग्रेच्युटी की देयता के लिए जोड़े जाने पर मंजूरी
- उपनिरीक्षक एवं सिपाही पदों पर सीधी भर्ती की चयन प्रक्रिया नियमावली 2025 के प्रख्यापन को मंजूरी
- बैटरी, सोलर पॉवर या सीएनजी से चलने वाहनों पर टैक्स में माफी हालांकि यह छूट 2025-26 के लिए होगी
- अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के संरचनात्मक ढांचे का पुनर्गठन कर 1 नियमित पद तथा 14 आउटसोर्स पदों का होगा सृजन

# मातम में बदला जश्न, 11 की मौत

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में घुसने के प्रयास में भगदड़, 33 लोग घायल | स्टेडियम के बाहर आरसीबी टीम के स्वागत को उमड़ी थी लाखों की भीड़ | मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की मृतकों के परिजनों को 10 लाख देने की घोषणा

बेंगलुरू, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का पहला आईपीएल खिताब जीतने का जश्न बुधवार को मातम में बदल गया जब जश्न में शामिल होने के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसकों के उमड़ने से मची भगदड़ में 11 लोग मारे गए और लगभग 33 लोग घायल हो गए। टीम की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसक उमड़ पड़े जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं रख सकी। इसके लिए हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। ये प्रशंसक स्टेडियम के भीतर घुसने की कोशिश में प्रवेश द्वार के बाहर ही भगदड़ का शिकार हो गए ।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बताया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ के कारण 11 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए। सिद्धारमैया ने कहा कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास दो-तीन लाख से अधिक लोग आए थे, किसी को भी इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि सरकार मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देगी। घटना की मजिस्ट्रेट जांच की जाएगी। गंभीर रूप से घायलों का इलाज वैदेही अस्पताल और बोवरिंग अस्पताल में चल रहा है और मृतकों की संख्या बढने की आशंका है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न की बेहतर योजना बनाई जानी चाहिए थी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि पर्याप्त एहतियात बरती जानी चाहिए थी और सुरक्षा को ध्यान में रखना था।



आईपीएल 2025 जीतने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सम्मान समारोह के दौरान उमड़ी प्रशंसकों की भीड़। ● एजेंसी

### फिर भी स्टेडियम के भीतर जारी रहा खिलाड़ियों का सम्मान समारोह

राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने स्थिति को ठीक से न संभालने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू कर दी। चिन्नास्वामी स्टेडियम के भीतर हालांकि खिलाड़ियों का सम्मान समारोह जारी रहा जिसमें खिलाड़ियों ने भाषण दिए, संगीज बजा और आतिशबाजी भी हुई। कोहली ने कहा कि यह आप सभी के लिए है, प्रशंसकों के लिए और इस शानदार शहर के लिए, उन लोगों के लिए जिन्होंने कठिन समय में भी आरसीबी का साथ दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्घटना पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में चेन्नास्वामी क्रिकेट स्ट्रेडियम के बाहर बुधवार को हुई दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मोदी ने दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा 'एक्स' पर जारी शोक संदेश में मोदी ने कहा कि बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही दुखद है। मेरी संवेदनायें उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं, वे शीघ्र स्वस्थ हों।



भगदड़ में घायल प्रशंसक को अस्पताल ले जाते लोग। ● एजेंसी

## न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के मुद्दे पर दलों में चर्चा शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- संसद में संयुक्त रूप से लाया जाए महाभियोग प्रस्ताव : रीजीजू



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने बुधवार को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने में सभी राजनीतिक दलों को साथ लेने के सरकार के संकल्प को रेखांकित करते हुए कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को 'राजनीतिक चश्मे' से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि कथित भ्रष्टाचार के मामले में फंसे न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के उद्देश्य से की जा रही यह कवायद एक 'सहयोगात्मक प्रयास' हो। उन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति ने दोषी ठहराया है।

रीजीजू ने कहा कि उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में प्रस्ताव लाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। सरकार चाहती है कि सभी दल न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए 'संयुक्त रूप से' प्रस्ताव लाएं। रीजीजू ने कहा कि वह छोटे दलों से संपर्क करेंगे, जबकि सभी प्रमुख दलों को न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की योजना के बारे में पहले ही सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला किसी एक राजनीतिक दल का एजेंडा नहीं होता। भ्रष्टाचार के खतरे से लड़ना सभी दलों का रुख है, चाहे वह न्यायपालिका हो या कोई और क्षेत्र। मंत्री ने कहा कि अधिकांश दल इस मुद्दे पर आंतरिक चर्चा के बाद अपना रुख बताएंगे।

### संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने इन तारीखों की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि इन सिफारिशों को राष्ट्रपति को भेजा जाएगा।

## सिक्किम में फंसे हैं 113 पर्यटक

गंगटोक, एजेंसी

- बचाव को लाचेन गांव तक पहुंचे सेना के जवान

सेना के जवान उत्तरी सिक्किम के लाचेन गांव तक पैदल मार्ग बनाकर वहां फंसे 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाने में सफल हो गए हैं। यह क्षेत्र मंगन जिले में भारी बारिश के बीच हुए कई भूस्खलनों की वजह से बाकी राज्य से पूरी तरह से कटा हुआ था।

बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से गांव में फंसे इन पर्यटकों को जल्द ही निकाला जाएगा। बयान में कहा गया है कि सेना ने लाचेन गांव तक पैदल संपर्क स्थापित किया है और फंसे हुए 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाई है, जिन्हें जल्द ही निकाला जाएगा। भारतीय सेना के जवान उत्तरी सिक्किम में स्थानीय लोगों और फंसे हुए पर्यटकों की सहायता के लिए खतरनाक इलाकों में लगातार काम कर रहे हैं। दो दिन पहले लाचुंग और चुंगथांग से कम से कम 1,678 पर्यटकों को बचाया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को सिक्किम में आंधी और भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

### अमेरिकी नागरिकों सहित 33 को निकाला

**नई दिल्ली।** वायु सेना ने सिक्किम के सुदूर चाटेन क्षेत्र से दो अमेरिकी नागरिकों सहित 33 लोगों को निकाला है। वायु सेना ने एक्स पर बचाव अभियान की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में कहा गया कि हेलीकॉप्टरों से बचाव अभियान शुरू किया।

### कर्नल और परिजनों की तलाश में तेजी

उत्तरी सिक्किम में लाचेन के चाटेन क्षेत्र में सेना ने लेफ्टिनेंट कर्नल प्रीतपाल सिंह संधू, उनकी पत्नी स्क्वाड्रन लीडर आरती संधू (सेवानिवृत्त) और बेटी अमायरा संधू सहित छह लोगों की तलाश और तेज कर दी है। रविवार शाम को चाटन क्षेत्र में भूस्खलन के कारण सेना के एक शिविर के ध्वस्त हो जाने के बाद से इन लोगों का कुछ पता नहीं चल पाया है।

## अपने जन्मदिन पर श्रीराम का आशीर्वाद लेंगे योगी

- राजा राम समेत देवों की प्राण प्रतिष्ठा के बनेंगे साक्षी

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में राजा राम और परकोटे में विराजमान अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा का गुरुवार को भव्य आयोजन होगा जिसके साक्षी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। अपने 53वें जन्मदिन पर वे श्रीराम का आशीर्वाद भी लेंगे। मुख्यमंत्री के सरयू नदी के त्रयोदशी महोत्सव में पहुंचने की संभावना है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा समारोह सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देव विग्रहों की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे। सरयू तट पर रामकथा पार्क के समीप पुष्प वाटिका में एक पेड़ मां के नाम लगाकर समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित भी करेंगे।

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का तात्पर्य अपमानजनक टिप्पणी नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ



- सेना पर टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी को नहीं दी राहत

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी की याचिका को 29 मई को खारिज किया था। हालांकि तब न्यायालय ने विस्तृत फैसला बाद में देने को कहा था, इसी क्रम में विस्तृत फैसला देते हुए न्यायालय ने टिप्पणी की है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का तात्पर्य किसी व्यक्ति या संस्था पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने दिया है। न्यायालय ने कहा है कि परिवादी उदय शंकर श्रीवास्तव के वाद पत्र व गवाहों के बयान को देखने से प्रथम दृष्टया राहुल गांधी के खिलाफ आईपीसी की धारा 500 के तहत सेना का अपमान कारित करने का मामला बनता है लिहाजा मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा उनको विचारण के लिए तलब करने के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। उक्त परिवाद में राहुल गांधी पर आरोप लगाया गया है कि न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करते हुए तमाम बातें कही थीं जिनमें उनके द्वारा यह भी कहा गया था कि चीनी सैनिक हमारे सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। राहुल गांधी की ओर से पेश अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल की दलील थी कि सभी व्यक्तियों को संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और इसलिए राहुल गांधी को भी अपनी असहमति प्रकट करने का अधिकार है। हालांकि न्यायालय ने इस तर्क को यह कहकर नकार दिया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा का तात्पर्य किसी व्यक्ति या सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है।

न्यायालय ने राहुल गांधी के अधिवक्ता की इस दलील को भी नामंजूर कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि धारा 500 के तहत मानहानि का मुकदमा सिर्फ सीधे तौर पीड़ित व्यक्ति ही दाखिल कर सकता है।

## मोमबत्ती से झोपड़ी में लगी आग, जिंदा जला बालक

संवाददाता, देहरादून

- दूसरे बच्चे की हालत गंभीर एम्स ऋषिकेश में भर्ती

**अमृत विचार :** हरिद्वार जनपद में मंगलवार देर रात झोपड़ी में अचानक आग लगने से एक अबोध बालक की जिंदा जलकर मौत हो गई जबकि एक अन्य बालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

श्यामपुर थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बुधवार को बताया कि चंडी घाट पुल के समीप गौरीशंकर पार्किंग स्थित एक झोपड़ी में आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से तीन वर्षीय बालक की मौत हो गई। जबकि चार वर्षीय बालक गंभीर रूप से झुलस गया, उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि झोपड़ी में जल रही मोमबत्ती से यह दुर्घटना हुई है। पटना, बिहार निवासी सोनू (34) पत्नी और बच्चों के साथ, गौरीशंकर पार्किंग क्षेत्र में अस्थायी झोपड़ी बनाकर रह रहा था। रोज़गार के सिलसिले में यहां आए सोनू ने झोपड़ी में अपने दो छोटे बेटों कृष्णा (3) और मुन्ना (4) को सुला दिया था। वहीं, पत्नी और दो पुत्रियों के साथ झोपड़ी के बाहर सो रहा था। इसी बीच यह हादसा हो गया।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी में यूट्यूबर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब के एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि जान महल नाम का यूट्यूब चैनल संचालित करने वाले एवं रूपनगर जिले के महलां गांव निवासी जसबीर सिंह का संबंध एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट (पीआईओ) से पाया गया है। वह जासूसी के आरोपों में नई दिल्ली से हाल में निष्कासित पाकिस्तानी उच्चायोग के एक अधिकारी के संपर्क में था और पड़ोसी देश की तीन यात्राओं में से एक में पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों से मिला था।

## सामाजिक विकास और डिजिटल टैलेंट को तीन समझौते

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विभिन्न संस्थाओं से हुए करार

मुख्य संवाददाता, देहरादून



समझौते के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ विभिन्न संस्थानों के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में सेतु आयोग, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने टाटा ट्रस्ट, वाधवानी फाउंडेशन और नैस्कॉम के साथ अलग-अलग तीन समझौते किए गए। इनका मकसद राज्य को तकनीकी कौशल का केंद्र बनाना और लाखों विद्यार्थियों को एआई आधारित व्यक्तित्व विकास है।

अधिकारियों के अनुसार, प्रदेश में सामाजिक व आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए टाटा ट्रस्ट के साथ 10 साल के लिए जल प्रबंधन, पोषण, टेलीमेडिसिन, ग्रामीण आजीविका और ग्रीन एनर्जी के लिए मिलकर काम करने के लिए समझौता हुआ। तकनीकी के क्षेत्र में प्रमुख कौशल केंद्र बनाने के लिए नैस्कॉम के साथ दूसरा समझौता हुआ। इसमें सभी सरकारी और निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में कोर्स को शैक्षणिक क्रेडिट के साथ शामिल करने और प्रत्येक जिले में एक मॉडल कॉलेज को बतौर मेंटर संस्थान विकसित किया जाएगा।

इसका मकसद लगभग डेढ़ लाख विद्यार्थियों में फ्यूचर स्किल्स प्राइम प्लेटफॉर्म के जरिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, पायथन, जनरेटिव की जानकारी देना और कौशल विकसित करना है। इसी तरह तीसरा समझौता वाधवानी फाउंडेशन के साथ कौशल विकास केंद्र बनाने को लेकर हुआ है। यह तीन वर्षों के लिए है। इसमें प्रदेश के सभी सरकारी उच्च शिक्षण संस्थानों में कोर्सेस को अगले शिक्षण सत्र से शैक्षणिक क्रेडिट के साथ शामिल किया जाएगा। इसका उद्देश्य लगभग 1.20 लाख विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित व्यक्तित्व विकास और स्वरोजगार संबंधित कौशल में मदद देना है। मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सेतु आयोग के सीईओ शत्रुघन सिंह एवं उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, टाटा ट्रस्ट के सीईओ सिद्धार्थ शर्मा, नैस्कॉम स्किल की सीईओ अभिलाषा गौड़, वाधवानी फाउंडेशन के सुनील दहिया मौजूद रहे।

> उत्तराखंड के सामाजिक विकास, डिजिटल टैलेंट का केन्द्र बनाने और एआई आधारित व्यक्तित्व विकास को आधुनिक कोर्स प्रारंभ करने के लिए तीनों समझौते जनता के लिए अत्यधिक उपयोगी होंगे। ये समझौते मानव संसाधन और एआई व साइबर सिक्योरिटी हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।
>
> -**पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री।

8 दिन में 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालु कर चुके गुरु साहिब के दर्शन, पुलिस, एसडीआरएफ और आईटीबीपी के साथ एटीएस भी सुरक्षा में तैनात

# हेमकुंड साहिब यात्रा: चरम पर उत्साह, जवान भी अलर्ट

मुख्य संवाददाता, देहरादून





हेमकुंड साहिब यात्रा पर जाते श्रद्धालु और मौके पर मौजूद जवान।

**अमृत विचारः** सिखों की आस्था के प्रमुख केंद्रों में से एक, उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह अब चरम की ओर है। खराब मौसम और बर्फबारी के बीच सबसे कठिन यात्रा को 'वाहे गुरु.. वाहे गुरु' सिमरन करते हुए सिख श्रद्धालु अपनी धार्मिक मंजिल पर सफलतापूर्वक पहुंच रहे हैं। यात्रा के शुरुआती आठ दिनों में बुधवार तक 30 हजार से अधिक यात्री हेमकुंड साहिब पहुंच चुके हैं। श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा में राज्य सरकार के साथ ही पुलिस, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और एटीएस के जवान अपने कर्तव्य को बखूबी निभा रहे हैं।

श्री हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा सिख धर्म के सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। पिछले चार दिनों से रुक-रुककर हो रही बर्फबारी के बावजूद तीर्थयात्रियों का उत्साह चरम पर है। हिमालय की गोद में 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित इस पवित्र गुरुद्वारे में तीर्थयात्रियों की अटूट श्रद्धा और विश्वास हैं। पिछले आठ दिनों में श्री हेमकुंड साहिब में तीर्थयात्रियों की संख्या ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस दौरान 30,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे के दर्शन किए हैं। श्री हेमकुंड साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा के अनुसार, हेमकुंड साहिब यात्रा में जो आस्था और उत्साह यात्रियों में है, वह निःसंदेह उल्लेखनीय है। उन्होंने उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन से मुलाकात कर हेमकुंड साहिब यात्रा की प्रगति की जानकारी दी।

जिसमें उन्होंने हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए गोविंदघाट में स्थायी पुल के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया और कहा गोविन्द घाट में स्थायी पुल की घोषणा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की जा चुकी है। उन्होंने हेमकुंड साहिब यात्रा पड़ाव घांघरिया में तीर्थयात्रियों के लिए दो नए हॉल के निर्माण को मंजूरी देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### बर्फबारी के बीच श्रद्धालुओं की सुरक्षा चुनौती

**देहरादून :** चमोली जिले में स्थित पवित्र तीर्थ स्थल श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा बर्फबारी और प्रतिकूल मौसम के बीच जारी है। इस पवित्र स्थान तक पहुंचने का मार्ग बेहद चुनौतीपूर्ण है और ऐसे कठिन हालातों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चमोली पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से एटीएस के जवान भी श्री हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर तैनात किए गए हैं। एटीएस के जवान बर्फबारी और अत्यधिक ठंड के बावजूद पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। एटीएस के जवान दुर्गम पर्वतीय रास्तों पर लगातार गश्त कर रहे हैं। वे श्रद्धालुओं की आवाजाही पर पैनी नजर रख रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर कोई सुरक्षित रूप से अपनी यात्रा पूरी कर सके।

# अधिकारी को नहीं मिली जमानत, आईओ तलब

हाईकोर्ट समाचार 1

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने विजिलेंस टीम द्वारा मुख्य कोषाधिकारी और एकाउन्टेन्ट कोषागार, नैनीताल को 1.20 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े जाने के मामले पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा को जमानत नहीं देते हुए जांच अधिकारी को आज 5 जून को मय रिकॉर्ड वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए हैं।

आरोपी की तरफ से कहा गया कि उसे इस मामले में फंसाया गया है जबकि उसके साथ शिकायतकर्ता की एसीपी के क्लेम की फाइल पहले ही वापस लौटा दी गई थी। इससे नाराज होकर उनके द्वारा यह षड्यंत्र रचा गया, जो पैसों की रिकवरी हुई, वह एकाउंटेंट के दराज से हुई। वहीं, सरकार की तरफ से कहा गया कि जब मामले की जांच हुई तो पाए गए नोटो पर एकाउंटेंट व मुख्य कोषाधिकारी के उंगलियों के निशान पाए गए। इसकी पुष्टि के लिए कांच के गिलास में पानी भरकर रखा गया। उसके सोडियम कॉर्बोनेट डाला गया। उसके बाद दोनों आरोपियों के हाथ धोए गए। इसमें दोनों के हाथ धोने पर पानी का रंग गुलाबी हो गया। इससे स्पष्ट हो गया कि इन अधिकारियों ने रिश्वत ली। नोटो पर इनकी उंगलियों के निशान लगे हैं। हल्द्वानी न्यायालय में कार्यरत कार्मिक की शिकायत पर मुख्य कोषाधिकारी नैनीताल दिनेश कुमार राणा और एकाउंटेंट बसन्त जोशी को विजिलेंस हल्द्वानी सेक्टर की टीम ने बीते माह की 9 तारीख को 1.20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुये मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय नैनीताल से रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। तब से आरोपी दिनेश राणा जेल में बंद है। निचली अदालत ने पूर्व में उसकी जमानत याचिका निरस्त कर दी थी। बुधवार को दिनेश राणा ने अपनी जमानत के लिए उच्च न्यायालय में प्रार्थना पत्र पेश किया था।

### हाईकोर्ट ने डीजीपी व गृह सचिव से मांगा शपथपत्र

2

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने बनभूलपुरा हिंसा के दिन गोली लगने से हुई फईम की मौत की जांच सीबीआई से कराए जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। खंडपीठ ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और सचिव गृह उत्तराखंड से कहा है कि इस मामले में वे अपना शपथपत्र 18 जून से पहले कोर्ट में पेश करें। मामले की अगली सुनवाई हेतु 18 जून की तिथि नियत की गई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि जांच अधिकारी खुद इस मामले की जांच कर रहा है और अंतिम रिपोर्ट भी खुद ही पेश कर रहा है। यह अपने आप मे एक नया अनोखा वाद है। मामले के अनुसार, मृतक फईम के भाई परवेज ने याचिका दायर कर कहा कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नैनीताल ने पुलिस को 6 मई 2024 को निर्देश दिए थे कि मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इसकी जांच कर उसकी रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करें लेकिन आज तक पुलिस ने इसकी जांच नहीं की इसलिए उनके द्वारा मामले की सीबीआई से जांच कराने व परिवार को सुरक्षा दिलाए जाने को लेकर याचिका दायर करनी पड़ी। याचिकाकर्ता का कहना है कि 8 फरवरी 2024 को बनभूलपुरा हिंसा के दौरान फईम की गोली लगने से मौत हो गयी थी।

### तीन अधिशासी अभियंताओं को हाईकोर्ट से राहत

3

**नैनीताल :** उच्च न्यायालय ने पेयजल निगम से हटाये गये तीन अधिशासी अभियंताओं को बुधवार को राहत देते हुए उनकी नियुक्ति खारिज करने संबंधी प्रबंध निदेशक (एमडी) के आदेश को निरस्त कर दिया है। याचिकाकर्ता मनीष कुमार करारहा, सुमित आनंद और मुज्जमिल हसन की ओर से दायर याचिकाओं पर मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में सुनवाई हुई। वर्ष 2005 में तीनों याचिकाकर्ताओं को उत्तराखंड पेयजल निगम में आरक्षित पदों के सापेक्ष सहायक अभियंता के पद पर नियुक्ति दे दी गयी। दस वर्ष बाद 29 जून, 2015 को तीनों को पदोन्नति का लाभ दिया गया और उन्हें अधिशासी अभियंता बना दिया गया। इसी बीच एक सामाजिक कार्यकर्ता की ओर से शिकायत दर्ज करायी गयी कि तीनों लोग उत्तराखंड के मूल निवासी नहीं हैं और उन्हें आरक्षण नियमावली के तहत गलत नियुक्ति दी गयी है। निगम के एमडी ने आरक्षण नियमावली का हवाला देते हुए 25 जून, 2024 को तीनों की नियुक्ति को खारिज कर दिया। पीड़ित पक्ष की ओर से एमडी के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि एमडी को नियुक्ति की समीक्षा का अधिकार नहीं है और न ही उनके आरक्षण संबंधी दस्तावेज फर्जी हैं।

## सार-संक्षेप



भूमिया मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**भीमताल :** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव के तोक माल गांव स्थित भूमिया मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। किदवंती है कि गंगा दशहरे से पूर्व भूमिया देवता को नई उत्पादित फसल का भोग लगाया जाता है। अगले साल अच्छी फसल, सुख-समृद्धि और उन्नति की मन्नत मांगी जाती है। यह पूजा सभी क्षेत्र वासियों के द्वारा सार्वजनिक रूप से की जाती है। कार्यक्रम कुंवर सिंह बिष्ट द्वारा संचालित किया गया। महिलाओं ने भजन-कीर्तन भी किए। ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से इस पवित्र स्थल पर टीन शेड बनाने की मांग की। इस अवसर पर किरण बेलवाल, बृजेंद्र सिंह, मोहन सिंह पडियार, मनोज सिंह कुल्याल, राजेंद्र सिंह कुल्याल, रोहित कुल्याल, रमेश चंद्र बेलवाल, विनोद बेलवाल आदि मौजूद रहे।





स्क्रीनिंग टेस्ट के दौरान मौजूद स्टाफ व बैंक अधिकारी। ● अमृत विचार

### स्क्रीनिंग टेस्ट में 26 से अधिक विद्यार्थियों का हुआ चयन

**नैनीताल :** कुमाऊ विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने एचसीएफडी बैंक में इंटर्नशिप के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का सफल आयोजन किया। यह पहल विद्यार्थियों के लिए उद्योग से जुड़ाव और कॅरियर अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। कार्यक्रम में 52 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार जैसे चरण शामिल थे। प्रारंभिक मूल्यांकन के आधार पर 26 से अधिक विद्यार्थियों का चयन किया गया है। कार्यक्रम समन्वयन प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. दिव्या जोशी एवं डॉ. किरण तिवारी ने किया। इस दौरान पंकज व राजेश सचिन ने सहयोग प्रदान किया। एचडीएफसी बैंक की ओर से कुमाऊं क्षेत्र के क्लस्टर हेड राजीव और सचिन नेगी ने चयन प्रक्रिया को संपन्न किया और विद्यार्थियों से संवाद किया।

# आधुनिकता लाएं और गुणवत्तापूर्ण पर्यटन को दिया जाए बढ़ावा: गवर्नर

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने बुधवार को होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता, नैनीताल



राज्यपाल से भेंट करते होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**अमृत विचारः** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने बुधवार को राजभवन में होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान नैनीताल एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन सुविधाओं, अवस्थापना विकास से जुड़ी समस्याओं और उनके संभावित समाधानों पर विस्तृत चर्चा की गई।

राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल का प्राकृतिक सौंदर्य और झील पर्यटकों के प्रमुख आकर्षण हैं और इनकी लोकप्रियता देश-विदेश तक फैली है। उन्होंने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में आधुनिक सुविधाएं विकसित करने की आवश्यकता है और इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र में आधुनिकता लाने और गुणवत्तापूर्ण पर्यटन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। पार्किंग की समस्या पर राज्यपाल ने कहा कि छोटी-छोटी पार्किंग सुविधाएं, मल्टीस्टोरी पार्किंग और रोपवे जैसे विकल्पों के माध्यम से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मेट्रोपोल को अस्थायी रूप से राज्य सरकार को आवंटित किया गया है और रक्षा संपदा की भूमि को पार्किंग उपयोग के लिए प्रयास जारी हैं। इससे पार्किंग की समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकेगा। कहा कि नैनीताल की झील इस क्षेत्र की आत्मा है और इसका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि नेशनल हाइड्रोग्राफर ऑफिस, देहरादून द्वारा झील का तकनीकी सर्वेक्षण किया गया है, जिससे झील की स्थिति का समुचित आकलन कर उसके संरक्षण के लिए वैज्ञानिक कदम उठाए जा सकेंगे। होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को कई सुझाव और समस्याओं से अवगत कराया। इनमें नैनीताल शहर की पार्किंग क्षमता बढ़ाने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने, रक्षा संपदा की भूमि को पार्किंग के लिए उपयोग में लाने, वैकल्पिक पेयजल स्रोतों की तलाश, सीवर प्रणाली का सुधार, पंतनगर हवाई अड्डे के विस्तार, कुमाऊंनी संस्कृति को स्थानीय व्यंजनों के माध्यम से बढ़ावा देने, रूरल आर्ट कमीशन की स्थापना तथा हॉर्टीकल्चर पर्यटन को प्रोत्साहन जैसे विषय प्रमुख थे। राज्यपाल ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इन पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि इन विषयों को संबंधित विभागों, स्थानीय प्रशासन, मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा और जहां संभव हो, शीघ्र अमल किया जाएगा। इस अवसर पर होटल एसोसिएशन नैनीताल के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, सचिव वेद शाह और रुचिर शाह आदि मौजूद रहे।

# बिना लाइसेंस किराए पर दी स्कूटी हुई सीज

संवाददाता, नैनीताल

● यातायात नियमों के उल्लंघन के आरोप में की गई कार्रवाई

**अमृत विचारः** पर्यटकों को बिना ड्राइविंग लाइसेंस स्कूटी किराए पर देना एक स्कूटी संचालक को महंगा पड़ गया। यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने स्कूटी को सीज किया है। बुधवार को तल्लीताल क्षेत्र में यातायात पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी।

इस दौरान एक पर्यटक स्कूटी को गलत दिशा में चला रहा था, जिसे पुलिस ने रोक लिया। पूछताछ के दौरान जब उससे ड्राइविंग लाइसेंस मांगा गया, तो वह दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दिल्ली निवासी पर्यटक रितेश कुमार ने बताया कि स्कूटी संचालक ने उसे बिना लाइसेंस देखे ही स्कूटी किराए पर दे दी थी।

मामले की पुष्टि होने पर टीएसआई हरीश फर्त्याल ने बताया कि स्कूटी स्वामी मनोज कुमार के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है, और वाहन को सीज कर दिया गया है।

# मोहित अध्यक्ष व जगदीश महासचिव बने

संवाददाता, नैनीताल





शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के बुधवार को चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुई। इसमें डॉ.मोहित सनवाल अध्यक्ष और जगदीश महासचिव निर्वाचित हुए।

विवि के प्रशासनिक भवन के द्विवार्षिक चुनाव में 112 में से 105 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सचिव पद पर मतदान करवाया गया, जबकि महिला उपाध्यक्ष पद पर शैलजा वर्मा, उपसचिव पद में रंजीत कीर्ति व कोषाध्यक्ष पद पर संजीत राम निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव में अध्यक्ष पद पर डॉ. मोहित सनवाल पुनः अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्हें 59 मत प्राप्त हुए, जबकि नवल किशोर को 45 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर ओम प्रकाश सगटा को 61 मत, जबकि तारा सिंह रेखोला को 39 मत प्राप्त हुए। सचिव पद पर जगदीश चंद्र पुनः निर्वाचित हुए। उन्हें 64 मत प्राप्त हुए, जबकि नवीन उप्रेती को 36 मत प्राप्त हुए। चुनाव अधिकारी संजय पंत, राकेश विश्वकर्मा, नवीन चंद्र पनेरू ने चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराई। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. ललित तिवारी ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान बहादुर राम, अकरम अली, यशवंत सिंह, देवेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

# सेतु आयोग ने मुख्यमंत्री को सुझावों के साथ सौंपी रिपोर्ट

मुख्य संवाददाता, देहरादून



● नगर निगम और निकायों को स्वावलंबी और सशक्त बनाने की कवायद

**अमृत विचारः** सेतु आयोग ने नगर निकायों के सशक्तिकरण की दिशा में गहन विश्लेषण आधारित रिपोर्ट बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दी। आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी ने रिपोर्ट सौंपते हुए कहा कि नगर निगम और निकायों को स्वावलंबी और सशक्त बनाने, प्रदेश के शहरी विकास और नगरों की समस्याओं को सुधारने की दिशा में सुझाव दिए गए हैं।

रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु निकायों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय स्वायत्तता और राजस्व जुटाने की क्षमता बढ़ाना और भारतीय संविधान की 12वीं अनुसूची में शामिल 18 कार्यों (जैसे जल आपूर्ति, सार्वजनिक स्वास्थ्य, शहरी नियोजन) को निकायों को हस्तांतरित करना है। उल्लेखनीय है कि इस रिपोर्ट के अनुसार, तकनीकी नवाचार के लिए स्मार्ट गवर्नेंस, जीआईएस मैपिंग और डेटा-आधारित निर्णय लेने को बढ़ावा देना है।

निकायों के कर्मचारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया गया है। रिपोर्ट में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उड़ीसा आदि राज्यों में इस दिशा में किए गए सुधारों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई है। देश के सफल शहरी निकायों के मॉडलों को उत्तराखंड की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी रूप से ढाले जाने के लिए भी सुझाव दिए गए हैं।

रिपोर्ट में आपदा-रोधी योजना, भूस्खलन प्रबंध नियोजन में आम लोगों की राय को प्राथमिकता देने का भी जिक्र किया गया है। आयोग द्वारा रिपोर्ट सौंपने के अवसर पर, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, आयोग के सीईओ शत्रुघ्न सिंह, सचिव नितेश झा, राधिका झा, चंद्रेश यादव मौजूद रहे।

लापरवाही — शिकायत के बावजूद नहीं हो रही इस मामले में कोई कार्रवाई, आंदोलन की दी चेतावनी

# सीवर के पानी से प्रदूषित हो रही भीमताल झील

संवाददाता, भीमताल



झील में जाता गंदा पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** एक तरफ संपूर्ण देश में स्वच्छता अभियान चलाया रहा है, लेकिन भीमताल झील में प्रतिदिन सीवर का गंदा पानी जाने से वह प्रदूषित हो रही है।कोई कार्रवाई नहीं होते देखकर अब क्षेत्रीय लोगों ने आंदोलन का ऐलान किया है।

भीमताल में लगभग पंद्रह किमी के सापेक्ष केवल साढ़े तीन किलोमीटर ही सीवर का निर्माण लगभग दो दशक पूर्व हुआ था। उसके बाद इस और कोई कार्य नहीं होने से अधिकांश होटल, रिसॉर्ट के द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के सीवर का गंदा पानी नालियों के माध्यम से छोड़ा जा रहा है। जिससे पूरे मुख्य मोटर मार्ग में दुर्गंध फैली हुई है। वार्ड नंबर 6 के सभासद बंटी आर्या ने बताया कि उनके क्षेत्र में कहीं भी सीवर निस्तारण की व्यवस्था नहीं है। बताया कि कई बार इन संस्थानों पर चालान की कार्रवाई करने की मांग पर भी किसी विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने भीमताल झील के लगातार प्रदूषित होने पर चिंता व्यक्त की है। उधर, लोगों ने इस मामले में आंदोलन का मन भी बना लिया है।

> मामले की जानकारी मिली है। कर्मचारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। **-आरपी डोबाल**, सहायक अभियंता, जल संस्थान

> वार्ड संख्या छह की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में होटल व रिसॉर्ट सीवर का गंदा पानी नालियों के माध्यम से झील में छोड़ रहे हैं। मेरे द्वारा चालान करने की कार्यवाही करने की मांग की गई है। कार्रवाई नहीं होने की दशा में स्थानीय जनता को साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा। **-बंटी आर्या**, सभासद वार्ड नंबर छह

> यह गंभीर मामला है। फोटोग्राफ के साथ लोगों ने शिकायत की है। चालान करने के निर्देश दे दिए गए हैं। दो होटल पर कार्रवाई करते हुए पांच-पांच हजार रुपये के चालान किए गए हैं। **-उदयवीर सिंह**, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका

# एक एई व तीन जेई से मांगा गया स्पष्टीकरण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** जिले में आवासीय और व्यावसायिक भवनों के नक्शों के लिए फरियादी को जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर है। समय सीमा पूरी होने के बावजूद 50 से अधिक लोगों को अब तक व्यावसायिक और आवासीय नक्शे जारी नहीं किए गए हैं। इस मामले में एक सहायक अभियंता व तीन जूनियर अभियंता को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि आवेदक को 30 दिन के भीतर व्यावसायिक या आवासीय नक्शा देना जरूरी है, मगर जिलेभर में कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने दिसंबर 2024 में नक्शा पास करने के लिए प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन किया था, लेकिन अब तक उन्हें नक्शा नहीं दिया गया। जिला विकास प्राधिकरण के अधिकारी बताते हैं कि नक्शे आपत्ति के चलते निर्गत नहीं किए गए हैं। जिन नक्शों में आपत्ति लगाई गई है, उनमें लैंड डेवलपमेंट के चलते आपत्ति लगाई गई है। आयुक्त दीपक रावत ने नाराजगी व्यक्त कर कहा कि नक्शे स्वीकृति के लिए आए आवेदनों को तय समय से अधिक दिनों तक लटकाना सेवा नियमावली के विपरीत है। लापरवाही करने पर डीडीए के एक सहायक अभियंता और तीन जूनियर अभियंताओं को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### आज का मौसम

आसमान में चटख धूप खिली रहेगी।

| 29.0° | 20.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.12 | सूर्यास्त 19.09 |

### आज के कार्यक्रम

- एक समाज श्रेष्ठ समाज की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर आर्मी कैंट में पौधरोपण किया जाएगा 7 बजे
- अरुणोदय संस्था की ओर से नवाबी रोड स्थित धर्मशाला में विचार गोष्ठी होगी 4 बजे

### एक नजर

#### बहन के घर जाने को निकली किशोरी लापता

**हल्द्वानी :** कोतवाली क्षेत्र की एक किशोरी लापता हो गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह तीन जून को बहन के घर गोरापड़ाव हाथीखाल के लिए निकली थी लेकिन वह अपनी बहन के घर नहीं पहुंची। परिजनों ने देर रात तक रिश्तेदारों व अन्य जगहों पर पूछताछ की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि 16 वर्षीय तीनपानी निवासी किशोरी के पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस ने शीघ्र किशोरी को बरामद करने का आश्वासन दिया है।

#### आत्महत्या को उकसाने पर पति समेत दो पर रिपोर्ट

**हल्द्वानी :** एक विवाहिता की मौत मामले में उसके पति समेत सास और ससुर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मीना ने 31 मई को अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ खा लिया। उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए लेकिन वहां उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता चल्किया कोटाबाग निवासी किशन राम ने मुखानी पुलिस में शिकायत की कि ससुराली उसे प्रताड़ित करते थे। इस वजह से उसकी बेटी काफी परेशान रहती थी और बाद में उसने आत्महत्या करने का कदम उठा लिया। एसओ मुखानी दिनेश जोशी ने बताया पिता की तहरीर पर बेटी के पति देवेंद्र समेत सास-ससुर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### मानसून को लेकर मौसम विभाग ने की आधिकारिक घोषणा, 12 से 15 जून के मध्य आएगा मानसून, सात जून से फिर शुरू होगा बारिश का दौर

# इस बार समय से पहले आएगा और सामान्य से ज्यादा बरसेगा मानसून

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** इस बार गर्मियों के मौसम में हुई झमाझम बारिश के बाद एक और राहत भरी खबर है। मानसून को लेकर आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। मानसून इस बार उत्तराखंड में समय से करीब 10 दिन पहले यानी 12 से 15 जून के मध्य पहुंच जाएगा। साथ ही सात जून से बारिश का दौर फिर से शुरू हो जाएगा।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस बार अप्रैल से लेकर जून अभी तक के दौरान पूरे उत्तराखंड में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है। बारिश का ऐसा असर रहा कि जहां पिछले साल मैदानी इलाकों में करीब 15 से 20 दिन तक पारा 40 डिग्री से ज्यादा दर्ज हुआ था तो वहीं इस बार गर्मियों में केवल एक से दो बार ही पारा 40 डिग्री के पार गया है। साथ ही लू का असर भी नाममात्र के लिए ही रहा। अब मानसून को लेकर भी आधिकारिक घोषणा हो गई है।

इस बार राज्य में 12 से 15 जून के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून आ जाएगा। अभी तक इसको लेकर अनुमान ही जताया जा रहा था। सामान्य तौर पर यहां पर मानसून 22 से 25 जून के दौरान आता है। साथ ही सात जून से एक बार फिर से प्री-मानसून की बारिश होगी और राज्य में कई जगह बारिश होगी। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञानी डॉ. आरके सिंह के अनुसार इस बार भी मानसून मजबूत रहेगा। सामान्य से ज्यादा ही बारिश होने का अनुमान है।


सरोवर नगरी में बुधवार के मौसम का नजारा। ● अमृत विचार

**बुधवार की रात होगी बारिश:** मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि बुधवार की देर रात या फिर गुरुवार तड़के एक बार फिर से नैनीताल जिले के मैदानी इलाकों में बारिश हो सकती है। बुधवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद तापमान में काफी गिरावट आई है।

हल्द्वानी में बुधवार को अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री रहा जो सामान्य से चार डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 18.9 डिग्री दर्ज किया गया है। मुक्तेश्वर में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 19.3 डिग्री दर्ज किया गया है जो सामान्य से पांच डिग्री कम है। बुधवार को कौसानी में 23 मिमी, रानीखेत में 14.5 मिमी, बेतालघाट में सात मिमी और शीतलाखेत में 5.5 मिमी बाारिश हुई। गढ़वाल में भी कई जगह झमाझम बारिश हुई है।

#### सुहावना रहा मौसम, पर्यटकों ने लिया आनंद

**नैनीताल :** सरोवर नगरी का मौसम बुधवार को सुहावना बना रहा। बादल अधिकांश समय आसमान में डेरा डाले रहे। सैलानियों ने मौसम के साथ नगर के नैसर्गिक पर्यटन स्थलों का भरपूर लुत्फ उठाया। इधर नैनीझील का जलस्तर 78.3 फीट बना हुआ है। पिछले दो दिन हुई बारिश के चलते नगर का तापमान सामान्य बना रहा। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के चलते वर्षा की संभावना आज भी व्यक्त की गई थी, लेकिन वर्षा नहीं हुई। सैलानियों ने स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, वॉटरफॉल, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, व लवर्स प्वाइंट समेत अन्य पर्यटन स्थलों की सैर की। नैनीझील में पूरे दिन सैलानियों का तांता लगा रहा। मालरोड में भीड़भाड़ रहने से रौनक नजर आई। ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन के चलते सैलानियों की बड़ी संख्या में सैलानियों का पहुंचना जारी है। पिछले दिनों हुई वर्षा के चलते नैनीझील के जलस्तर में मामूली सुधार आया है, जो 78.3 फीट पहुंच गया है। हालांकि झील किनारे बने डेल्टा अभी छिप नहीं पाए हैं। सिंचाई विभाग झील नियंत्रण कक्ष के सुपरवाइजर रमेश गैड़ा के अनुसार इस वर्ष पिछले पांच माह के दौरान 285 मिमी वर्षा हुई है, जबकि इस अंतराल में 400 मिमी वर्षा होनी चाहिए थी, जो सामान्य से 115 मिमी कम है। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 28 व न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस रहा।

# आधार सीडिंग नहीं किया बैंक खाता तो न छात्रवृत्ति मिलेगी, न ही पेंशन

### समाज कल्याण विभाग ने की लाभार्थियों से आधार सीडिंग की अपील, ब्लॉकों में लग रहे विशेष कैंप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग से पेंशन और छात्रवृत्ति लेने वाले लाभार्थियों यदि अपना बैंक खाता आधार से सीडिंग नहीं कराया है तो अवश्य करा लें वरना उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा।

समाज कल्याण विभाग के अनुसार, पेंशन और छात्रवृत्ति में फर्जीवाड़े की रोकथाम के लिए केंद्र ने डिजिटल तकनीकी अपनाई है। इसमें सभी लाभार्थियों चाहे वे पेंशन ले रहे हो या छात्रवृत्ति, उन्हें अपना बैंक खाता अनिवार्य रूप से आधार सीडिंग कराना होगा। दरअसल, बैंक खाता आधार सीडिंग होने से छात्रवृत्ति या पेंशन सीधे पात्र के बैंक खाते में जाएगी। आधार सीडिंग सिर्फ एक ही बैंक खाता हो सकता है। अब यदि कोई फर्जीवाड़ा करना भी चाहे तो नहीं कर सकता है क्योंकि बैंक खाता आधार सीडिंग नहीं होगा तो रकम नहीं जाएगी। इधर, समाज कल्याण विभाग ने सभी लाभार्थियों से बैंकखाता आधार सीडिंग कराने की अपील है ताकि उन्हें आगामी पेंशन या छात्रवृत्ति की रकम प्राप्त हो सके। फिर भी जिले के आठ ब्लॉकों में सैकड़ों युवा व बुजुर्ग हैं जिन्होंने बैंक खाता आधार सीडिंग नहीं कराया है।

#### आज रामगढ़ में लगेगा कैंप

**हल्द्वानी :** अधिकारियों के अनुसार, आधार सीडिंग के लिए आज रामगढ़, कल रामनगर, नौ को हल्द्वानी और 10 को धारी ब्लॉक में कैंप लगाए जाएंगे जिनमें लोग बैंक खातों का आधार सीडिंग करा सकते हैं।

> पेंशन व छात्रवृत्ति लेने वाले लोगों को बैंक खाता आधार सीडिंग कराना अनिवार्य है। तभी योजनाओं का लाभ मिल पाएगा। जनता की मदद के लिए ब्लॉक वार कैंप भी लगाए जा रहे हैं। सभी पात्र इन कैंप का लाभ ले सकते हैं। **-राहुल कांत आर्य,** सहायक समाज कल्याण अधिकारी

जनपद में ब्लॉक वार पात्रों की सूची जिनका बैंक खाता अधार सीडिंग नहीं है।

| ब्लॉक | युवाओं की संख्या | बुजुर्गों की संख्या |
|---|---|---|
| बेतालघाट | 651 | 162 |
| भीमताल | 390 | 98 |
| धारी | 196 | 238 |
| हल्द्वानी | 480 | 50 |
| कोटाबाग | 133 | 4 |
| ओखलकांडा | 325 | 300 |
| रामगढ़ | 298 | 21 |
| रामनगर | 590 | 78 |

## क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को धमकाने पर केस

**हल्द्वानी:** क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी दिव्या पांडे ने बनभूलपुरा संघर्ष समिति के अध्यक्ष उवैस राजा ने कार्यालय में भीड़ के साथ उन्हें धमकाने का आरोप लगाया है। साथ ही सरकारी कामकाज में बाधा डाली है।

पुलिस के अनुसार क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी दिव्या ने कहा कि बीती 31 मई को उवैस राजा निवासी लाइन नंबर 17 आजाद नगर हल्द्वानी 30 से 40 लोगों के साथ क्षेत्रीय खाद्य कार्यालय में पहुंचे। आरोप है कि उवैस राजा ने बनभूलपुरा क्षेत्र में किए जा रहे सत्यापन कार्य का विरोध किया। जिससे कामकाज प्रभावित हुआ। कहा कि डीएम के निर्देश पर सत्यापन कार्य पूरे ही जिले में चलाया जा रहा है। उवैस राजा ने आरोप लगाया कि सत्यापन कार्य से गरीबों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्हें डराने और धमकाने का भी प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान कार्यालय में सरकारी काम बाधित हुआ और सरकारी कर्मचारियों में भय का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने आरोपी उवैस राजा व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

# बेचने से मना किया तो चुरा लीं आठ भैंस

हल्द्वानी, अमृत विचार

- पशुपालक के अनुसार चारा चुगने गईं 17 में से 8 भैंस गायब
- पुलिस ने पशुपालक की तहरीर पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** एक पशुपालक की 17 में से आठ भैंसों को बदमाशों ने चुरा लिया। पशुपालक का आरोप है कि बदमाशों ने उससे भैंसें बेचने को कहा था लेकिन उसने मना कर दिया। इसके बाद उन्होंने भैंसों को चुरा लिया। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

झुटियाल खत्ता, टांडा हल्द्वानी निवासी प्रेम सिंह बिष्ट ने कोतवाली पुलिस को बताया कि वह पशुपालन करता है और उसके पास 17 भैंसे व एक कटरा है। इन्हीं जानवरों से वह अपने परिवार का गुजारा करता है। कहा कि महतोष मोड़ गदरपुर निवासी युसूफ बीती फरवरी में उसके पास आया और उससे कहा कि वह अपनी भैंसो को उसको बेच दे लेकिन प्रेम सिंह ने साफ मना कर दिया। बीती सात मार्च को अपनी सभी भैंसों को चराने के लिए जंगल में छोड़ आया था। बाद में जब वह वापस आया तो देखा कि 17 में से आठ भैंसें नहीं हैं। उसने जंगल में उन भैंसों को काफी खोजा लेकिन वह नहीं मिलीं। आरोप है कि उसने भैंसों के गुम होने की शिकायत पुलिस को दी तो टांडा निवासी करीम व नहर खत्ता निवासी अकरम उसके घर पर आए। उससे कहने लगे कि वह राजीनामा कर ले और पुलिस में दी गई शिकायत को वापस ले ले। इस पर उसे शक हुआ कि इन लोगों ने ही भैंसो को चुराया होगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि पशुपालक की तहरीर पर महतोष मोड़ गदरपुर निवासी युसूफ, खेड़ा यूएस निवासी असलम, टांडा निवासी करीम और नहर खत्ता निवासी अकरम के खिलाफ भैंस चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शर्मनाक: हरिद्वार में मां की शह पर बेटी से सामूहिक दुष्कर्म

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- पिता ने दर्ज कराया नामजद अभियोग, आरोपी मां और उसका प्रेमी गिरफ्तार

**अमृत विचार:** घोर कलयुग आ चुका है। हरिद्वार के रानीपुर क्षेत्र में एक मां की शह पर उसकी 13 वर्षीय से मां के प्रेमी और उसके दोस्त द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़ित बच्ची के पिता की तरफ से आरोपी महिला और उसके प्रेमी व दोस्त के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया गया, पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई कर आरोपी मां और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, रानीपुर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बुधवार को थाने पर दी तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी 13 साल की नाबालिग पुत्री को उसकी मां घुमाने के बहाने इसी साल जनवरी माह में अपने दोस्त सुमित पटवाल (33) निवासी न्यू कैनाल कालोनी बहादराबाद, हरिद्वार व शुभम के साथ गाड़ी में बीएचईएल स्टेडियम की तरफ लेकर गयी जहां पर उसकी पत्नी की सहमति पर उसके दोस्तों द्वारा शराब पीकर जबरदस्ती डरा धमकाकर बच्ची के साथ गलत काम किया गया।

उसके बाद यह सिलसिला चलता रहा और बच्ची को डरा धमकाकर आगरा, वृंदावन और हरिद्वार स्थित होटल में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म करवाया गया। साथ ही, धमकी भी दी गई कि यह बात किसी को बताई तो बच्ची और उसके पिता को जान से मार देंगे। तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के अलावा पॉक्सो एक्ट में अभियोग दर्ज किया गया।

एसएसपी के निर्देश पर कार्रवाई

बच्ची से जुड़े इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी हरिद्वार प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देश पर पीड़िता बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया और रानीपुर कोतवाल कमल मोहन भंडारी की टीम ने छापेमारी करते हुए आरोपी महिला व उसके प्रेमी सुमित पटवाल को हरिद्वार के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया।

# महिला डॉक्टर बन ठगे 50 लाख, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने एक महिला की शिकायत पर साइबर ठगी करने के आरोपी को पकड़ लिया है। आरोपी ने सोशल मीडिया पर फर्जी महिला डॉक्टर बनकर पीड़िता से अपने बताए बैंक खातों में करीब 50 लाख रुपये की रकम डलवा ली।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने बताया कि देहरादून निवासी महिला ने बीती दिसंबर में एक मामला दर्ज कराया। महिला ने बताया कि नवंबर 2024 में सोशल मीडिया पर फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली, जो महिला डॉ. लवेत गिब्सन के नाम से थी। उसने स्वयं को आईजीआई एयरपोर्ट का कस्टम ऑफिसर बताया। आरोपी ने आरबीआई, वित्त मंत्रालय और अन्य सरकारी कर्मचारी बनकर पीड़िता से फर्जी बैंक खातों पर करीब 50 लाख रुपये डलवा लिये। साइबर क्राइम पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बैंक खातों, रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बरों और व्हाट्सअप की जानकारी के लिए सम्बन्धित बैंकों, सर्विस प्रदाता कम्पनियों, मेटा कम्पनी से डेटा लिया। पता चला कि मुख्य आरोपी ओम शर्मा पुत्र राजकुमार शर्मा, निवासी राम पार्क, पुलिस स्टेशन लोनी, गाजियाबाद है। पुलिस ने ओम शर्मा को दिल्ली से गिरफ्तार किया। एसएसपी सिंह ने बताया कि आरोपी ने फर्जी आईडी पर सिम लिये थे। अभियुक्त के बैंक खाते के विरुद्ध देश के कई राज्यों में कुल चार साइबर अपराधों की शिकायतें दर्ज हैं।

# तीन ट्यूबवेल एक साथ खराब शहर में पेयजल संकट गहराया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर और आसपास के इलाकों में बारिश के बावजूद पेयजल संकट कम होने के बजाय और गहरा गया है। छड़ायल, हिम्मतपुर और मल्ली बमौरी क्षेत्रों में एक साथ तीन ट्यूबवेलों के खराब हो जाने से लोगों को पानी के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन क्षेत्रों में अधिकांश आबादी की जलापूर्ति की व्यवस्था ट्यूबवेलों पर निर्भर है, क्योंकि गौला नदी से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों तक पानी की आपूर्ति सीमित है। ऐसे में एक के बाद एक ट्यूबवेलों का खराब होना स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी बन चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से ट्यूबवेलों में तकनीकी खामी लगातार देखने को मिल रही है। कालाढूंगी रोड स्थित हिम्मतपुर का ट्यूबवेल मात्र 20 दिन पहले ही मरम्मत के बाद शुरू हुआ था, लेकिन अब फिर से बंद हो गया है। वहीं छड़ायल और मल्ली बमौरी में भी ट्यूबवेल खराब हैं, ऐसे में लोगों को पानी की आपूर्ति के लिए टैंकरों पर निर्भर होना पड़ रहा है। इधर जल संस्थान के ईई आरस लोशाली का कहना है कि ट्यूबवेलों को ठीक करने का काम जारी है, जल्द ही ट्यूबवेल ठीक कर पानी की आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।


खराब नलकूप को ठीक करते कर्मचारी।

#### सुबह 6 बजे से सड़कों पर दौड़ते हैं टैंकर

जल संकट से निपटने के लिए टैंकरों को सुबह 6 बजे से ही सड़कों पर उतार दिया जाता है। प्रत्येक टैंकर दिनभर में 4 से 5 चक्कर लगाकर क्षेत्रों में पानी पहुंचाता है। गर्मी के चलते जैसे-जैसे दिन चढ़ता है, वैसे-वैसे पानी की मांग भी तेज होती जाती है। पिछले दिनों हुई बारिश से गौला का जल स्तर बढ़ने से जल संस्थान को राहत मिली है।

**जगी उम्मीद** — हाई पावर कमेटी लेगी निर्णय, आरटीओ परिसर के पास बनेगा नया आधुनिक आरटीओ कार्यालय और ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक

# जल्द पूरा होगा ऑटोमेटिक ड्राइविंग स्कूल का सपना

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में ऑटोमेटिक ड्राइविंग स्कूल का सपना जल्द पूरा होने की उम्मीद है। प्रस्तावित ऑटोमेटिक ड्राइविंग स्कूल, जो रेलवे भूमि विवाद के कारण अब तक अधर में लटका हुआ था। अब जल्द ही मूर्त रूप लेगा। इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट को लेकर देहरादून मुख्यालय में हाईपावर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक होनी है, जिसमें भूमि विवाद के निस्तारण पर अंतिम मुहर लगने की पूरी संभावना है।

परिवहन विभाग की ओर से विवादित भूमि का सर्वेक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर दी गई है, जिसे कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। रेलवे की ओर से किए गए दावे के बाद भूखंड पर निर्माण रुकने से यह योजना सालों से ठप पड़ी थी। उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग ने पिछले साल गौलापार में ड्राइविंग स्कूल का निर्माण शुरू कर दिया था। निर्माण शुरू हुआ ही था कि रेलवे ने निर्माण स्थल को अपनी भूमि बताकर काम रुकवा दिया था। जो अभी तक शुरू नहीं हो पाया है।

संभागीय परिवहन अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि रेलवे वास्तविकता से अधिक भूखंड पर अपना दावा कर रहा है। जबकि सर्वे के अनुसार यह हिस्सा परिवहन विभाग के स्वामित्व वाली भूमि में है। इधर, नए आरटीओ कार्यालय और आधुनिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक के निर्माण का रास्ता साफ हो चुका है। यह पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर वर्तमान आरटीओ कार्यालय परिसर के पास स्थित एक हेक्टेयर भूमि पर ही बनाया जाएगा। नए परिसर के निर्माण से न सिर्फ ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया आसान होगी, बल्कि ऑटोमेटिक टेस्टिंग सुविधाओं से पारदर्शिता और दक्षता में भी इजाफा होगा। नए परिसर में सुंदर भवन बनाया जाएगा, जिसमें सैकड़ों वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी। यहां संभागीय परिवहन कार्यालय का कॉरपोरेट ऑफिस बनाया जाएगा। विभाग ने इसकी डीपीआर तैयार कर दी है। विभाग के पास इसके निर्माण के लिए बजट पहले से उपलब्ध है। स्वीकृति मिलते ही इसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा।




#### रेलवे जिसे अपनी भूमि बता रहा, परिवहन विभाग ने उसे फॉरेस्ट से खरीदा

भूमि के विवाद के कारण अभी तक कार्य दोबारा शुरु नहीं हो सका है। रेलवे ने ड्राइविंग स्कूल की जिस भूमि को अपना बताया है। परिवहन विभाग के अनुसार उसने यह भूमि वन विभाग से खरीदी है। पेयजल निगम की निर्माण इकाई इस पर कार्य कर रही थी और उसने मैपिंग करने के बाद काम भी शुरु कर दिया था। 36 करोड़ रुपये इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर खर्च होने थे, जिसमें ड्राइविंग स्कूल और टेस्टिंग ट्रैक के साथ ही आरटीओ कार्यालय भी बनना था।

#### देहरादून की तर्ज पर बनना है सेंसर युक्त ट्रैक

देहरादून की तर्ज पर हल्द्वानी में भी कुमाऊं का पहला आधुनिक सेंसर युक्त ट्रैक बनाया जाएगा। आरटीओ कार्यालय के आधुनिकीकरण में आधुनिक तकनीक से लैस ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक होगा। जिसमें टेस्ट के लिए 7 प्रमुख बिंदु निर्धारित किए गए हैं। इन बिंदुओं पर गलती करने पर टेस्ट देने वाला व्यक्ति ड्राइविंग टेस्ट में फेल हो जाएगा। यह ट्रैक एलगोरिद्म पर आधारित होगा जिसमें कुल 17 बिंदु हैं।

## स्पोर्ट्स टीचर ने बल्ले से छात्र का हाथ तोड़ा

**हल्द्वानी:** एक प्राइवेट स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर ने आठवीं कक्षा के छात्र के हाथ पर बल्ला मार दिया। जिससे छात्र का हाथ टूट गया। छात्र के परिजन ने कार्रवाई की मांग के साथ पुलिस में तहरीर सौंपी है।

कालाढूंगी रोड वार्ड नंबर 11 निवासी किरन श्रीवास्तव ने कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि उनका बेटा हल्द्वानी में एक प्राइवेट स्कूल का छात्र है। स्कूल के ही स्पोर्ट्स टीचर ने उनके बेटे के हाथ पर बल्ला मार दिया। जिस वजह से उनके बेटे का हाथ टूट गया। अस्पताल में उपचार कराने के बाद हाथ पर प्लास्टर बांधा गया है। तहरीर में कहा कि शिक्षा अधिनियम के तहत किसी भी बच्चे को मारने का अधिकार नहीं है और आरोपी शिक्षक के ऊपर कार्रवाई की जाए। इधर बद्रीपुरा पार्षद रवि जोशी भी पीड़ित परिवार के साथ कोतवाली पहुंचे। उन्होंने भी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

# ट्रैफिक पुलिस से अभद्रता आरसी और रसीद भी छीनी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे युवक को पुलिस ने रोका और उसका चालान काट दिया। जिस पर उसने यातायात पुलिस के सिपाही के साथ अभद्रता की। आरसी व रसीद बुक छीन ली।

यातायात अपर उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र पाठक ने इस संबंध में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के अनुसार बुधवार को वह सिपाही नरेंद्र सिंह अधिकारी और होमगार्ड अमर गोस्वामी के साथ नैनीताल बैंक तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे उन लोगों ने देखा कि रोजवेज की तरफ से दोपहिया वाहन (यूके 04 एई 7491) पर एक युवक बिना हेलमेट आ रहा है। पुलिस ने उसे रोका और बिना हेलमेट वाहन चलाने के आरोप में एमवी एक्ट के तहत चालान कर दिया। इसके अलावा वाहन की आरसी भी पुलिस ने ले ली। इतना देख युवक पूरी तरह से आवेश में आ गया। वह पुलिस के साथ बहुत ही अभद्र तरह से व्यवहार करने लगा। वह पुलिस वालों को धमकाने लगा कि उसकी आरसी वापस की जाए लेकिन पुलिस ने उसे बताया कि नियम के तहत ही उसके वाहन की आरसी ली गई है। युवक कहने लगा कि उसकी आरसी वापिस करो। वाहन चालक को समझाते हुए पुलिसकर्मियों ने कहा कि उसकी आरसी मोटर अधिनियम के तहत जब्त की गई है। लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। युवक ने पुलिसवालों के हाथ से आरसी और रसीद बुक छीन ली और वहां से भागने का प्रयास करने लगा लेकिन उसे पकड़ लिया गया। यही नहीं उसने रसीद भी फाड़ दी। बाद में पुलिस उसे पकड़कर थाने ले आई। जहां कठघरिया निवासी लाखन सिंह के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, अभद्रता समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एक नजर

### मयंक ने उत्तीर्ण की जेईई एडवांस की परीक्षा



**भीमताल :** क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी नैनीताल सुरेंद्र सिंह बिष्ट के बेटे मयंक ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा कराई गई जेईई एडवांस की परीक्षा पास की है। मयंक ने सेंट जोसफ कॉलेज से 12वीं साइंस से स्कूल में 3 रैंक के साथ पास की थी। उन्होंने इस परीक्षा को पास करने के लिए किसी कोचिंग संस्थान का सहारा भी नहीं लिया। सेल्फ स्टडी कर उन्होंने इस परीक्षा को पास किया है। मयंक की इस कामयाबी से उनके माता-पिता भाई और अन्य परिजनों में खुशी की लहर है।

### फायर स्टेशन की मांग अभी तक लंबित

**भीमताल :** भीमताल और आसपास के क्षेत्र में कई होटल, रिसॉर्ट व होमस्टे बन चुके हैं, लेकिन यहां पर फायर स्टेशन की मांग अभी तक लंबित है। भवाली मुख्य बाजार में लगी भयानक आग के मद्देनजर अब भीमताल और आसपास के क्षेत्र के लिए भीमताल और भवाली में ही एक-एक फायर स्टेशन होने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मनोज भट्ट ने बताया कि इस मामले में जिला प्रशासन, अग्निशमन विभाग और मुख्यमंत्री से गुहार लगाई जा रही है। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के केंद्रीय सदस्य अखिलेश सेमवाल ने बताया कि शीघ्र ही एक शिष्टमंडल कुमाऊं आयुक्त से मिलेगा और व्यापारियों और स्थानीय जनता की मांग को सामने रखते हुए फायर स्टेशन खोलने की मांग करेगा।

### 18 वाहन किए सीज, 35 का किया चालान

**रामनगर :** एआरटीओ प्रशासन ने एनएच पर रामनगर से गर्जिया मोहन तक चेकिंग अभियान चलाकर ओवरलोडिंग कर चल रहे 17 ऑटो व एक जिप्सी वाहन सीज कर दिया। ओवरस्पीड व अन्य उल्लंघन पर 35 मिश्रित वाहनों का चालान किया गया।

एआरटीओ प्रशासन संदीप वर्मा के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम ने बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। ओवलोडिंग में 17 ऑटो सीज किए। राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवरलोड और ओवर स्पीड, प्रपत्रों की कमी के चलते 35 मिश्रित वाहनों पर जुर्माना लगाकर चेतावनी जारी की गई है। एआरटीओ प्रशासन संदीप वर्मा ने सभी से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया है।

# रामनगर में विद्युत कटौती पर भड़की कांग्रेस, अधिकारियों का घेराव किया

## युवा कांग्रेस ने जल्द इस समस्या का समाधान नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** लगातार हो रही बिजली कटौती के विरोध में युवा कांग्रेस ने विद्युत विभाग रामनगर में अधिकारियों का घेराव करते हुए नारेबाजी की।

युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि रामनगर में लगातार बिजली कटौती गंभीर विषय है। गर्मी के बीच कटौती होने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही नागरिकों के दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। बिजली कटौती का असर व्यापार पर भी पड़ रहा है। चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली कटौती बंद नहीं की गई, विद्युत विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष अमित कुमार, सभासद सचिन कुमार आर्य, सलमान नितिन, सोनू, करीम, दीपक राणा, चेतन पंत, देवेंद्र जोशी, केवल सिंह, आसिफ सिद्दीकी, बलजिंदर सिंह ,कारण पांडे व गुलफाम आदि शामिल रहे।



विद्युत कार्यालय में प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### कटौती का आरोप निराधार

अधिशासी अभियंता गोविंद सिंह कार्की ने बताया कि विद्युत कटौती के आरोप निराधार है। बताया कि आंधी तूफान से बीते दिनों 55 पोल धराशाई हो गए थे। विद्युत लाइन ठीक करने की वजह से ही आपूर्ति ठप थी।

## बैठक में प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**नैनीताल, अमृत विचार:** नगर पालिका निर्माण समिति की पहली बैठक बुधवार को हुई। जिसमें शहर के विभिन्न वार्डों में सड़कों, नालियों, दीवारों की मरम्मत आदि की समस्या के संबंधित प्रस्तावों को चर्चा के बाद मंजूरी दी गई। सार्वजनिक निर्माण समिति के अध्यक्ष पूरन सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण, सीढ़ियों का निर्माण, क्षतिग्रस्त मार्गों का जीर्णोद्धार, नालियों में जालियां लगाने, नालियों, सीवर की मरम्मत, सीसी मार्ग के पुनर्निर्माण और रेलिंग लगाने आदि के प्रस्ताव रखे गए। इन प्रस्तावों को मंजूरी भी दी गई। नगर पालिका के अफसरों ने बताया कि बजट आते ही निर्माण और जीर्णोद्धार कार्य शुरू किए जाएंगे। बैठक में सभासद भगवत रावत, जितेंद्र कुमार पांडे, अंकित चंद्रा, गजाला कमाल, गीता उप्रेती, काजल आर्य, लता दफौटी, शीतल कटियार, रमेश प्रसाद, मनोज साह जगाती, राकेश पवार, जेई विपिन पुरोहित, सूरज और चेतन आदि मौजूद रहे।



तहसीलदार को ज्ञापन देते गोविंद बल्लभ भट्ट। ● अमृत विचार

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को उठाए जाए ठोस कदम

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** वरिष्ठ समाजसेवी गोविंद बल्लभ भट्ट ने राज्य गठन से अभी तक प्रदेश भर में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को प्रेषित 17 सूत्रीय मांग पत्र में अविलंब ठोस नीति बनाने मांग की है।

समाजसेवी गोविंद बल्लभ भट्ट ने तहसीलदार हल्द्वानी मनीषा बिष्ट को सौंपे ज्ञापन में बताया कि राज्य गठन से आज तक राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। सरकार तत्काल उक्त स्वास्थ्य सेवाओं का संज्ञान लेते हुए सख्त कदम उठाए। उन्होंने कहा कि यही हाल शिक्षा विभाग का भी है। शिक्षा के क्षेत्र में भी राज्य बदहाली के आंसू बहा रहा है। जिसको लेकर अविलंब सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से तत्काल उक्त मामले में नीति निर्धारण करने की मांग की।

# शिविर में 40 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, दवाई भी दी

- वृद्धा, विकलांग व विधवा पेंशन के आवेदन भी हुए प्राप्त

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** बिंदुखत्ता में आयोजित जन सुविधा कल्याण शिविर में दर्जनों लाभार्थियों ने वृद्धा, विकलांग, विधवा पेंशन के फॉर्म के साथ ही 40 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ।

विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट की पहल पर समाज कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जन सुविधा कल्याण शिविर का आयोजन जनता इंटर कॉलेज बिंदुखत्ता में किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, आधार कार्ड, पंचायतीराज विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान 20 आवेदन वृद्धावस्था पेंशन, 15 आवेदन विधवा पेंशन, 10 आवेदन दिव्यांग पेंशन के प्राप्त हुए, जबकि खाद्य आपूर्ति विभाग के 15 आवेदन भी मिले।

25 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 40 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां वितरित की गई। 36 लोगों ने आधार कार्ड में सुधार व नए आवेदन किए। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मनीष बोरा, जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम, तहसीलदार हल्द्वानी मनीषा बिष्ट, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्वेता भंडारी, बीडीओ हल्द्वानी तनवीर असगर, सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल आर्य, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय बिष्ट, सहायक समाज कल्याण अधिकारी पूजा भट्ट और एडीओ समाज कल्याण ललित सिंह आदि मौजूद रहे।



शिविर में मौजूद अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

### ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**भीमताल :** विकासखंड ओखलकांडा के कूकना में खांसी-जुखाम के खासे मरीज होने की जानकारी पूर्व प्रधान मदन नौलिया ने मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल को दी थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए मुख्य चिकित्साधिारी ने स्वास्थ्य टीम को गांव में भेजा। दल ने क्षेत्रवासियों में निरंतर फैल रही खांसी, जुखाम व बुखार की जांच की और दवाई वितरित की।

### टेनिस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** प्रथम आल इंडिया टेनिस एसोसिएशन आइटा की ओर से स्वर्गीय बीएस रावत की समृति में आयोजित फर्स्ट आइटा मैंस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कई प्रदेशों के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। बुधवार को आप्टिमम टेनिस एकेडमी चूनाखान बैलपडाव में आयोजित टेनिस में क्वार्टरफाइनल मैच खेले गए। सिंगल्स इवेंट मैच में रियान शर्मा दिल्ली ने सार्थक शर्मा दिल्ली को 6-2-6-4 से हराया। रंजीत वीएम तमिलनाडू ने हर्षित यादव दिल्ली को 6-1-6-2 से हराया। डबल्स इवेंट मैच में उत्तरप्रदेश के चंद्रिल सूद व लक्षित सूद ने अभिषेक सिंह बिहार व हनु वर्मा उत्तरप्रदेश को 6-2-6-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सुभ्रनिल बर्मन व अमृत्युंजय मोहंती उड़ीसा ने सुमित गोदियाल उत्तराखंड व दीपक कुमार दिल्ली को 6-0-6-0 से हराया। सिंगल्स इवेंट मैच में अमृत्युंजय मोहंती ने प्रनव मिश्रा उत्तरप्रदेश को 6-2-6-0 से, आयुष शर्मा राजस्थान ने प्रशांत प्रओचा हरियाणा को 6-3-6-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। डायरेक्टर डीएस रावत व आयोजन सचिव अविनीश ररस्तोगी, जिला टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष ललित मोहन जोशी, सचिव हेम कुमार पांडेय, एसबीआई के भूतपूर्व प्रबंधक बृजमोहन सिंह बिष्ट, मंजू जोशी आदि मौजूद रहे।

# मंदिर में आई महिला की चेन झपटी, पुलिस ने टरकाया

- रविवार को परिवार के साथ गिरिजा देवी मंदिर में दर्शन करने आईं थी महिला

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** प्रसिद्ध गिरिजा देवी मंदिर में दर्शन को आई एक महिला चेन स्नेचरों का शिकार बन गई। आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाए उसे टरका दिया। हालांकि अब पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

रविवार को ऊधमसिंह नगर के बाजपुर क्षेत्र की रहने वाली ममता नाम की महिला अपने परिजनों के साथ मंदिर दर्शन के लिए पहुंची थीं। मंदिर में प्रवेश करते ही दो अज्ञात महिला चेन स्नेचर ने ममता के गले से करीब तीन तोले की सोने की चेन झपट ली। इस दौरान उसकी बहन की चेन भी लूटने की कोशिश की गई। उन्होंने एक महिला का हाथ पकड़ लिया, लेकिन वह भाग गईं। घटना के तुरंत बाद ममता गर्जिया पुलिस चौकी पहुंचीं और वहां तैनात पुलिसकर्मियों को पूरे मामले की जानकारी दी। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उसका नाम-पता रजिस्टर में दर्ज तो किया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। बल्कि उससे कहा गया कि वह खुद मंदिर परिसर में जाकर सीसीटीवी फुटेज देखे। घटना के तीन दिन बाद बुधवार को ममता ने रामनगर कोतवाली पहुंचकर लिखित तहरीर सौंपी। पीड़िता ने बताया कि पुलिस ने उनकी कोई मदद नहीं की। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज किया जा रहा है। मंदिर परिसर व आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालने को टीम गठित की गई है।



महिला के परिजन रिपोर्ट दर्ज कराने जाते हुए। ● अमृत विचार

## गुलदार के आतंक से दहशत का माहौल

**भवाली:** क्षेत्र में एक बार फिर गुलदार का आतंक बढ़ने लगा है। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मंगलवार देर रात घोड़ाखाल के धुलई ग्रामसभा में गुलदार ने बकरियों को निवाला बना दिया। ग्राम प्रधान गणेश जोशी ने बताया कि पूर्व में दो गायों को गुलदार ने मार दिया था।



एक हफ्ते में चार बकरियां मार दी हैं। कहा कि वन विभाग जल्द पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़े। गुलदार के आतंक से लोग दहशत में रहने को मजबूर है। दो बाघ क्षेत्र में घूम रहे हैं। गांव के दीपू आर्य की बकरी को निवाला बनाया गया है।अब शाम होते ही लोग बच्चों व मवेशियों को अंदर कर रहे हैं। चेतावनी दी यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।



शांति कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी व लोग। ● अमृत विचार

### ईद पर स्लाटर हाउस खोलने का उठाया मुद्दा

**नैनीताल :** ईद को लेकर बुधवार को मल्लीताल कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसपी जगदीश चंद्र और एसडीएम नवाजिश खलीक ने की। बैठक में ईद के दौरान नगर में साफ-सफाई, पानी की आपूर्ति, ट्रैफिक व्यवस्था और सौहार्द बनाए रखने पर चर्चा हुई। बैठक में नगर पालिका के स्लाटर हाउस के बंद होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। कहा गया कि कुर्बानी में अक्सर कई लोग साझेदारी करते हैं और स्लाटर हाउस का बंद रहना गरीब तबके के लिए समस्या पैदा करेगा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से बंद किए गए स्लाटर हाउस को ईद के दौरान वैकल्पिक रूप से तीन दिन के लिए खोले जाने की मांग करने का निर्णय लिया गया। एसडीएम ने नगर पालिका के मुख्य सफाई निरीक्षक सुनीत कुमार और जल संस्थान अधिकारियों को मस्जिद व डीएसए मैदान की सफाई कराने और पर्याप्त पानी की आपूर्ति करने के निर्देश दिए। नमाज के दौरान पुराना घोड़ा स्टैंड से मस्जिद तिराहे तक का क्षेत्र जीरो जोन रहेगा। ठक में सीओ गोविंद बल्लभ जोशी, कोतवाल हेम चंद्र पंत, एसआई सतीश उपाध्याय, अंजुमन इस्लामिया सदर सुहैब अहमद, अजमल कासमी, शाकिर अली, शहाबउद्दीन, जलालुद्दीन, शाहिब आलम, किशन नेगी, त्रिभुवन फर्त्याल आदि रहे।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# राजस्व निरीक्षकों ने किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पर्वतीय राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक एवं राजस्व सेवा संघ के सदस्यों का कार्य बहिष्कार बुधवार को भी जारी रहा। इस दौरान जिला मुख्यालय नैनीताल में प्रदर्शन कर राजस्व गांवों को पूरी तरह से राजस्व पुलिस के हस्तांतरित किए जाने की मांग की गई।

कलक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन के दौरान अध्यक्ष शिव सिंह चौहान ने कहा कि राजस्व पुलिस के अधीन आ चुके राजस्व गांवों को मई 2025 तक पूरी तरह राजस्व पुलिस को हस्तांतरित किया जाए। लंबे समय से गांव सिविल पुलिस को दिए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन धरातल पर इस दिशा में सार्थक पहल नहीं की जा रही है। कहा कि उच्चाधिकारियों की ओर से अंश निर्धारण में अनावश्यक दबाव बनाकर वेतन रोकने का कार्य किया जा रहा है, जो न्यायसंगत नहीं है।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। कार्य बहिष्कार करने वालों में अमित साह, राकेश सिंह, प्रवीण ह्यांकी, गौरव रावत, विनोद परगाई, सुरेश सनवाल, प्रकाश चंद्र, जया बिष्ट, जीसी जोशी, जीवन सिंह, उमेश चंद्र, प्रभात मेहरा, फईमुद्दीन, मोहम्मद शकील, गोविंद कैड़ा, रवि चंद्र पांडे, राजेंद्र सिंह और हिना मेवाड़ी आदि मौजूद रहे।



वार्षिकोत्सव समारोह में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मचाया धमाल

**भवाली:** सेंट एन्ड्रूज पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन हो गया। मुख्य अतिथि विद्यालय संरक्षिका पीजे मैडली आदि रहे। कक्षा 1 से 10 के विद्यार्थियों ने हिंदी व अंग्रेजी भाषा में विशेष प्रस्तुति दी। वहीं, नृत्य, संगीत, नाटक की सुंदर प्रस्तुति देकर धमाल मचा दिया। हिंदी सोलो वर्ग कक्षा 7 की हर्षिका पांडे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी सोलो वर्ग में कक्षा 8 की एश्टन जोन मोर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पद्मावत, ब्यूटी ऐंड दा बीस्ट रंगारंग कार्यक्रम कर विद्यार्थियों ने सुंदर प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य मार्क मैडली ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास व रचनात्मकता के गुणों का विकास करते हैं।

# डंपर से 400 क्विंटल रेता बरामद

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** तराई पूर्वी वन विभाग के गश्ती दल ने गौला नदी से 400 क्विंटल रेता लेकर आ रहे डंपर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। हालांकि चालक मौके से फरार हो गया।

वन क्षेत्राधिकारी गौला चंदन सिंह अधिकारी के नेतृत्व में बुधवार सुबह चार बजे गश्ती दल शहीद स्मारक लालकुआं के पास से डंपर आता दिखाई दिया। रोकने पर चालक ने वाहन को आईटीबीपी वाली रोड की तरफ भगा दिया। पीछा करने पर लगभग एक किलोमीटर दूर वाहन को पकड़ा गया। चालक वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर फरार हो गया। वाहन संख्या यूके06सीसी- 0869 की तलाशी लेने पर उसमें लगभग 400 क्विंटल रेता पाया गया। इस दौरान उपखनिज निकासी से संबंधित कोई भी प्रपत्र नहीं मिला। वाहन को डौली रेंज परिसर में खड़ा करवा दिया गया है। अज्ञात वाहन स्वामी/ चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वन विभाग की टीम में वन दरोगा दीप चंद्र आर्या, संदीप सूंठा, वन आरक्षी भुवन चंद्र तिवारी, नीरज रावत, भुवन सिंह और भगत सिंह शामिल रहे।



वन विभाग की टीम की ओर से पकड़ा गया डंपर। ● अमृत विचार

## पर्व आज, शुभ मुहूर्त बुधवार रात 11:56 बजे से शुरू होकर गुरुवार की रात 2:18 बजे तक रहेगा

# गंगा दशहरा: बन रहा हस्त नक्षत्र व सिद्धी योग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड का लोक पर्व गंगा दशहरा पर्व आज श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। इस बार योग इस पर्व को फलदायी बना रहे हैं।



डॉ. मंजू जोशी।

ज्योतिषाचार्य डॉ. मंजू जोशी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष जेष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा अवतरण दिवस मनाया जाता है।

इसको गंगा दशहरा पर्व भी कहा जाता है। इस दिन गंगा स्नान बेहद शुभ माना जाता है। जो श्रद्धालु गंगा स्नान करने नहीं जा सकते हैं, घर पर ही गंगा जल पानी में मिलाकर स्नान कर सकते हैं।




इस वर्ष गंगा दशहरा पर हस्त नक्षत्र एवं सिद्धि योग बनने से गंगा स्नान का महत्व और भी शुभ फलदायी रहेगा। उन्होंने बताया कि गंगा दशहरा पर्व के लिए शुभ मुहूर्त बुधवार की रात 11:56 बजे से शुरू होगा और गुरुवार की रात 2:18 बजे तक रहेगा। पूजा के लिए अभिजित मुहूर्त 11:51 से 12:47 बजे तक का है।

### इसलिए मनाया जाता है गंगा दशहरा पर्व

स्कंद पुराण के अनुसार कि राजा भागीरथ पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए धरती पर गंगा जी को लाना चाहते थे। एक शाप की वजह से गंगा जी ही उनका उद्धार कर सकती थी। इसके लिए भागीरथ ने गंगा जी की कठोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर गंगा जी ने दर्शन दिए और भागीरथ ने उनसे धरती पर आने की प्रार्थना की लेकिन गंगा जी के सीधे धरती पर आने से जल के वेग से धरती पर प्रलय आ जाती। गंगा जी के प्रचंड वेग को नियंत्रित करने के लिए भगवान शिव ने अपनी जटाओं में समा लिया जिससे वेग नियंत्रित हुआ और गंगा जी पृथ्वी पर अवतरित हुईं। इसके बाद भागीरथ ने पूर्वजों की अस्थियां प्रवाहित कर उन्हें मुक्ति प्रदान की व पवित्र गंगा जी को धरती पर ला कर जनमानस का कल्याण किया।

### उत्तराखंड में दरवाजों की चौखटों पर लगाए जाते हैं द्वार पत्र

प्रदेश में गंगा दशहरा पर्व मनाने का एक अलग ही उत्साह है। यहां गांव-कस्बों में मंदिरों व घर के दरवाजों की चौखटों पर रंग-बिरंगे द्वार पत्र लगाये जाते हैं। इन्हें कुल पुरोहित स्वयं तैयार करते हैं। मान्यता है कि ये द्वार पत्र सुरक्षा कवच की तरह काम करता हैं इससे सभी प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

## मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**हल्द्वानी :** अंजुमन सिद्दिकियान की ओर से चोरगलिया के एक निजी हॉल में बुधवार को एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं, साथ ही डॉक्टर, वकील, पत्रकार, पीएचडी धारक और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड सरकार के अपर सचिव मोहम्मद नासिर हुसैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। 60 से अधिक व्यक्तियों को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में अंजुमन सिद्दिकियान के सदर राशिद गुड्डू, नायब सदर सईद अहमद सिद्दीकी, उज़ैर फ़िरोज़, मज़हर हुसैन, फरीद अहमद समेत कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# बारिश के बाद गौला का जलस्तर बढ़कर 251 क्यूसेक पर पहुंचा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** पहाड़ों में हुई लगातार बारिश के बाद गौला नदी का जलस्तर 170 क्यूसेक से बढ़कर 251 क्यूसेक तक पहुंच गया है।

जलस्तर में आई इस बढ़ोत्तरी से शहर में पेयजल संकट से राहत मिलने की उम्मीद है। सिंचाई विभाग गौला से जल संस्थान को प्रतिदिन 30 क्यूसेक पानी उपलब्ध करा रहा है, जिससे शहर के अधिकांश इलाकों में जलापूर्ति सुचारु रूप से की जाती है।

पिछले दिनों में कई क्षेत्रों में जलस्तर गिरने और ट्यूबवेल खराब होने के चलते लोगों को पानी की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही थी। अब गौला में पानी की उपलब्धता बढ़ने से जल संस्थान को वैकल्पिक स्रोतों पर अधिक निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और आपूर्ति की स्थिति सुधरेगी।



जल संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि बारिश से जलस्तर में और बढ़ोतरी की संभावना है, ऐसे में गौला से जुड़ी पेयजल योजनाओं को स्थिर बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### सिंचाई के लिए दो दिन छोड़कर दिया जा रहा है पानी

शहर में सिंचाई की तीन नहर है जिसमें कटघरिया, गौलापार और देवलचौड़ शामिल है। किसानों को सिंचाई के लिए हफ्ते में नहरों के माध्यम से दो दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता मनोज तिवारी ने बताया पानी को रोस्टर के अनुसार तीनों नहरों में छोड़ा जा रहा है।

# अब दमुवाढूंगा में भी हाउस टैक्स लागू करेगा नगर निगम

## मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी, सर्वे के बाद अगस्त से टैक्स वसूली की तैयारी, गिनाईं कार्यकाल की उपलब्धियां

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम ने दमुवाढूंगा क्षेत्र के लोगों की विशेष मांग पर अब यहां भी हाउस टैक्स लागू करने का निर्णय लिया है। इस आशय की जानकारी बुधवार को नगर निगम सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने दी। योजना के अनुसार इसका सर्वे कराकर अगस्त से टैक्स वसूलने की तैयारी है।

मेयर ने व्यवसायियों को वेंडिंग कार्ड और पहचान पत्रों का वितरण भी किया। उन्होंने बताया कि नगर निगम की ओर से शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत सड़कें, चौराहे, पार्क, राष्ट्रीय राजमार्ग और अनधिकृत कब्जों से मुक्त कराया जा रहे हैं। इसके साथ ही फड़-फेरी व्यवसायियों को व्यवस्थित ढंग से पुनः स्थापित करने की योजना पर अमल शुरू हो गया है। इसके लिए नगर निगम ने फेरी व्यवसायियों का व्यापक सत्यापन अभियान चलाया, जिसमें अभी तक लगभग 1800 फेरी व्यवसायियों ने आवेदन किया है।



नगर निगम सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते मेयर गजराज सिंह बिष्ट।

प्रेस वार्ता के दौरान मेयर बिष्ट ने अपने तीन माह के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने अपने अब तक के कार्यकाल के कुल 27 कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। बताया कि दमुवाढूंगा क्षेत्र के निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए अब वहां हाउस टैक्स लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा एडीबी, जल संस्थान और लोक निर्माण विभाग की ओर से निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि नगर निगम की भूमि पर लंबे समय से कुछ लोग अवैध रूप से काबिज थे, जिन्हें हटाया गया है। साथ ही नगर निगम के अंतर्गत करीब 600 दुकानदारों को नोटिस जारी कर नवीनीकरण का निर्देश दिया गया है ताकि निगम की आय में वृद्धि हो सके। मेयर ने बताया कि कालू सिद्ध मंदिर को शिफ्ट किया जाएगा। जिसका विधिवत रूप से उद्‌घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे जिसके बाद इसे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैणी सेना के प्रयासों से इस बार यूजर चार्ज का कलेक्शन 30 लाख से बढ़कर 32 लाख हो गया। इस दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 27 कार्यों में से पांच प्रमुख कार्य

1. 69 में से 6 पार्कों का सुधारीकरण किया जाएगा। जिसके लिए कुल 5.31 करोड़ का बजट है। रजत पार्क और साइंस पार्क के लिए डीपीआर शासन को भेजी गई है।
2. 69.17 करोड़ से वार्ड 1 से 33 और 460 करोड़ से वार्ड 34-60 में सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया जाना है। सीवर कार्य की प्रगति 60 प्रतिशत तक पहुंची। यूयूएसडीए और जल निगम की ओर से कार्य किया जा रहा है।
3. शीशमहल, एफटीआई, जल संस्थान कार्यालय सहित जल संकट से राहत के लिए 2800 केएल के 5 पेयजल टैंक बनाए जाएंगे। इनकी टेंडर प्रक्रिया प्रगति पर है। 4. लिगेसी वेस्ट प्लांट चालू किया गया है, जिसमें ट्रंचिंग ग्राउंड के कूड़े को निस्तारित किया जा रहा है। साथ ही शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। 5. शहर में 1856 नई स्ट्रीट लाइटें लग चुकी हैं और फिलहाल 2100 का लक्ष्य रखा गया है।



जोनल कार्यालय का उद्‌घाटन करते मेयर गजराज बिष्ट व नगर आयुक्त ऋचा सिंह।

### कठघरिया में निगम के जोनल कार्यालय का किया उद्‌घाटन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कठघरिया में बाबा हैड़ाखान चौक के पास नगर निगम ने अपना जोनल कार्यालय खोल दिया है। मेयर गजराज ने चुनाव के समय जनता से वादा किया था कि हल्द्वानी के ग्रामीण क्षेत्रों में नगर निगम का जोनल कार्यालय खोला जाएगा। जिसे पूरा करते हुए मेयर ने तीन महीने के भीतर ग्रामीण क्षेत्र कठघरिया में बाबा हैड़ाखान चौक के पास नगर निगम के जोनल कार्यालय का बुधवार को उद्‌घाटन किया। इस दौरान मेयर ने दावा किया कि इस जोनल कार्यालय में नगर निगम से जुड़े हुए सभी कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइट, सड़क, कूड़ा निस्तारण से जुड़ी समस्या, नगर से जुड़े प्रमाण पत्र बनाना संबंधित सभी काम लोग यहां आकर करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शहर में नगर निगम का मुख्य कार्यालय होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपनी शिकायत या समस्या के समाधान के लिए दूर आना पड़ता है। अब ग्रामीण क्षेत्र में जोनल कार्यालय खुलने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। इस दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, पार्षद मनोज भट्ट, पार्षद धीरज पांडे, जिला मंत्री प्रमोद बोरा समेत स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# पहाड़ों में सेवा देने के लिए मिले 220 डॉक्टर

- बैकलॉग के 220 रिक्त पदों को भरा गया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पहाड़ों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने 220 चिकित्साधिकारियों का परिणाम घोषित किया है।

इनका चयन बैकलॉग संवर्ग से किया गया है। कुल रिक्त 276 पदों में से इन चिकित्साधिकारियों का चयन हुआ है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार उत्तराखंड प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के अंतर्गत साधारण ग्रेड चिकित्सा अधिकारी के रिक्त 276 बैकलॉग पद थे। इन पदों को भरने के लिए बीती 27 फरवरी को आवेदन मांगे गए। डॉक्टरों ने पदों पर नियुक्ति के लिए 20 मई को साक्षात्कार दिए। बुधवार को इनमें से 220 पदों पर चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति का परिणाम घोषित कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के अनुसार इन चिकित्साधिकारियों की शीघ्र ही पर्वतीय क्षेत्रों में नियुक्ति की जाएगी। जिससे वहां डॉक्टरों की कमी को कम किया जा सके।

### डीके स्पोर्ट्स ने कुमाऊं क्रिकेट अकादमी को हराया

**हल्द्वानी :** अंडर-16 बालक जिला क्रिकेट लीग के पहले सेमीफाइनल मैच में डीके स्पोर्ट्स ने कुमाऊं क्रिकेट अकादमी को हराकर फाइनल में जगह बनाई। बुधवार को जीएनजी क्रिकेट एरिना के मैदान में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में डीके स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर कुमाऊं क्रिकेट अकादमी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। कुमाऊं क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम डीके स्पोर्ट्स की शानदार गेंदबाजी के आगे 35 ओवरों में कुल 96 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। पीयूष जोशी 25, यश 10 और करन रौतेला ने 10 रन बनाए। डीके स्पोर्ट्स के गेंदबाज राकेश बिष्ट ने 3, रक्षित, देवांग नेगी और तन्मय ने दो-दो विकेट लिए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके स्पोर्ट्स की टीम ने 16 में ओवर में ही 2 विकेट के नुकसान पर 99 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया। टीम के लिए अथर्व अग्रवाल नाबाद 64 और अर्नव पंत ने 25 रनों का योगदान दिया। कुमाऊं क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज अभय पाठक और पीयूष जोशी ने 1-1 विकेट लिया।

# सभी अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं रखने के निर्देश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में कोविड संक्रमण को लेकर हालात अभी सामान्य हैं। फिर भी स्वास्थ्य विभाग ने बचाव को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि अस्पतालों में आवश्यक संसाधन और व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं।

कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं, उपकरणों और मानव संसाधनों को सक्रिय मोड में रखा गया है। केंद्र सरकार ने कोविड-19 को लेकर किसी खतरे की स्थिति घोषित नहीं की है। न ही कोई नया वेरिएंट सक्रिय रूप से फैल रहा है। संक्रमितों में भी केवल मामूली लक्षण पाए जा रहे हैं और वे सामान्य इलाज से घर पर ही ठीक हो रहे हैं। सभी जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्यों और मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं। अस्पतालों में पर्याप्त बिस्तरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ऑक्सीजन सप्लाई, जरूरी दवाएं वेंटिलेटर, बीआईपीएपी मशीनें, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और पीएसए ऑक्सीजन संयंत्र पूरी तरह कार्यशील स्थिति में रहें। सचिव ने निगरानी प्रणाली को और अधिक मजबूत करने के निर्देश भी दिए हैं। इन्फ्लुएंजा जैसे लक्षण, गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण और कोविड के मामलों की अनिवार्य रिपोर्टिंग की जाए। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि कोविड पॉजिटिव सभी सैंपल को नए वेरिएंट की पहचान के लिए भेजा जाए।

## घोटाले में शामिल अधिकारियों की संपत्ति की हो जांच

**हल्द्वानी :** उक्रांद ने हरिद्वार भूमि घोटाले में लिप्त अधिकारियों की संपत्ति की जांच हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश से कराने की मांग की है। उक्रांद के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने बयान जारी कर कहा कि हरिद्वार के अंदर जिस तरह से आईएएस से पीसीएस स्तर तक के अधिकारियों ने 56 करोड़ की बंदरबांट की है, उन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए। साथ ही उनकी संपत्ति की जांच भी हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश से कराई जाए। उन्होंने कहा कि लोग बार-बार इस बात को मंच से उठा चुके हैं कि अधिकारियों और सफेदपोशों ने इस राज्य को खोखला कर दिया है। एक साधारण व्यक्ति 1000 वर्ग फिट भूमि का लैंडयूज बदलवाने के लिए एसडीएम कार्यालय के चक्कर काटता रहता है।

# माहेश्वरी वंश उत्पत्ति पर भगवान महेश का पूजन



कार्यक्रम में मौजूद माहेश्वरी समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** माहेश्वरी वंश उत्पत्ति दिवस पर महेश नवमी के पावन पर्व पर रामपुर रोड स्थित समन्वय परिवार मंदिर परबटेश्वर महादेव मंदिर पर सभी माहेश्वरी बंधुओं ने श्रद्धापूर्वक भगवान महेश का अभिषेक तथा पूजन किया।

अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान माहेश्वरी सभा के संरक्षक विनय लाहोटी, अध्यक्ष नीरज शारदा, महामंत्री रजत माहेश्वरी, मीडिया प्रभारी सुमित गुप्ता, कोषाध्यक्ष रविकांत माहेश्वरी, महिला अध्यक्षा सुजाता माहेश्वरी, बीना सोमानी, मनोज माहेश्वरी, तरुण महेश्वरी, सुनील शारदा, हरीश माहेश्वरी, संदीप माहेश्वरी मौजूद रहे।

# डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन ने किया क्लब के कार्यों का अवलोकन

- तीनों क्लबों ने किया नीलू सिंह धाकरे का जोरदार स्वागत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब शाइनिंग स्टार्स और राइजिंग स्टार्स के संयुक्त तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन नीलू सिंह धाकरे का नैनीताल रोड स्थित एक निजी संस्था में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने उन्होंने तीनों क्लबों की ओर से किए जा रहे सामाजिक कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने क्लबों के कार्यों की सराहना की।

नीलू सिंह धाकरे ने इनरव्हील क्लब हल्द्वानी और राइजिंग स्टार्स के न्यूजलेटर का विमोचन भी किया। उन्होंने बताया कि इनरव्हील क्लब देशभर में विभिन्न सामाजिक सेवाओं के माध्यम से सक्रिय है और समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। चेयरपर्सन नीलू ने जानकारी दी कि क्लब की ओर से देशभर में 1 करोड़ महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण और स्वच्छता के क्षेत्र में भी क्लब की ओर से लगातार कार्य किए जा रहे हैं। तीनों क्लबों की अध्यक्ष इंदु पांडे (हल्द्वानी), मीना रावत (शाइनिंग स्टार्स) और शैली गर्ग (राइजिंग स्टार्स) के अलावा सचिव जया, निवेदिता लिली सिंह, अमिता मेहरा, सुशीला, सुनीति, पायल, नमिता, विनीता, मीतू मित्तल, कुसुम, शिखा, सरिता, रमा, शशि, पुष्प भट्ट, रश्मि, शोभा और कल्पना मौजूद रहीं।



इनरव्हील क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करतीं पदाधिकारी व सदस्य।

**जांची दक्षता** — ट्रायल में विभिन्न भार वर्गों में बालक और बालिकाओं ने किया प्रतिभाग, देहरादून में होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में करेंगे शिरकत

# देहरादून बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए जिले की टीम का चयन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** देहरादून में आगामी 7 से 9 जून तक आयोजित होने जा रही राज्य स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए बुधवार को मिनी स्टेडियम में जिले की टीम का चयन किया गया।

इस चयन ट्रायल में विभिन्न भार वर्गों में बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिले के चयनित खिलाड़ी परेड ग्राउंड, देहरादून में आयोजित प्रतियोगिता में नैनीताल जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह चयन प्रक्रिया जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत की देखरेख में पूरी हुई। इस अवसर पर जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव नवीन टम्टा, अंतरराष्ट्रीय कोच देवेंद्र चंद्र भट्ट, प्रदेश महासचिव गोपाल सिंह खोलिया, नवीन पांडे, देवेंद्र जीना, संजय अधिकारी, विमला रावत, पुष्पा दरमवाल, नंदन सिंह नेगी, रमेश सिंह जीना, संजय गैड़ा, पंकज कुमार, गौरव भंडारी, भूपेश भट्ट, प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसमें वे राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।



प्रतियोगिता के लिए ट्रायल में प्रतिभाग करतीं बालिकाएं।

### चयनित खिलाड़ियों की सूची (बालक वर्ग)

| क्रम | नाम | भार वर्ग (किग्रा) |
|---|---|---|
| 1 | आदित्य मेहरा | 44-46 |
| 2 | दिगम्बर | 46-48 |
| 3 | अकुल | 48-50 |
| 4 | पवन फुलेरा | 50-52 |
| 5 | पंकज नेगी | 52-54 |
| 6 | करन खाती | 54-57 |
| 7 | ध्रुव सिंह | 57-60 |
| 8 | किशोर मौर्या | 60-63 |
| 9 | ओम भण्डारी | 66-70 |
| 10 | अमन दमका | 70-75 |
| 11 | नीरज सिंह | 80+ |

### चयनित खिलाड़ियों की सूची (बालिका वर्ग)

| क्रम | नाम | भार वर्ग (किग्रा) |
|---|---|---|
| 1 | सृष्टि भट्ट | 44-46 |
| 2 | पीहू | 46-48 |
| 3 | तनुजा बिष्ट | 50-52 |
| 4 | निधि बिष्ट | 54-57 |
| 5 | रितिका मेहर | 57-60 |
| 6 | कशिश | 66-70 |

### मिनी स्टेडियम में खिलाड़ियों को मिलेगा प्रशिक्षण

**हल्द्वानी :** जिले के युवाओं के लिए खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर खुल गया है। अब क्रिकेट, बॉक्सिंग, बास्केटबॉल, फुटबॉल, स्विमिंग, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और हॉकी जैसे प्रमुख खेलों का प्रशिक्षण मिनी स्टेडियम में उपलब्ध होगा। इच्छुक खिलाड़ी इन खेलों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जिला खेल कार्यालय से आवेदन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य जिले की प्रतिभाओं को निखारकर उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा स्टेडियम परिसर में ही दिया जाएगा, जहां खिलाड़ियों को खेल की तकनीकी जानकारी, शारीरिक फिटनेस और खेल अनुशासन का विशेष अभ्यास कराया जाएगा। विभाग ने जिले के बालक और बालिका खिलाड़ियों से अधिक संख्या में आवेदन करने की अपील की है।

### अब गौलापार में राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में एक बार फिर फुटबॉल का रोमांच देखने को मिलेगा। इसके लिए फुटबॉल एसोसिएशन ने राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता कराने की कवायद शुरू कर दी है। यदि सब कुछ ठीकठाक रहा तो जून आखिरी या जुलाई पहले सप्ताह में ये आयोजन हो सकता है। नेशनल गेम्स की सफलता के बाद गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में प्रस्तावित इस प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के आयोजन की कवायद की जा रही है। इसके लिए एसोसिएशन के सदस्यों ने मैदान का बीते दिनों जायजा भी ले लिया है। अभी प्रतियोगिता कब होगी। इसके लिए तिथि का फाइनल नहीं किया गया है।

### कोटा स्टोन क्रिकेट पिच का उद्‌घाटन 55 खिलाड़ियों का हुआ रजिस्ट्रेशन

**हल्द्वानी :** शहर के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी सौगात सामने आई है। जिला खेल कार्यालय परिसर में नवनिर्मित कोटा स्टोन क्रिकेट पिच का उद्‌घाटन मंगलवार को उप निदेशक खेल कुमाऊं रसिका सिद्दीकी और जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने किया। इस पिच का निर्माण खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों के अनुरोध पर करवाया गया है। उद्‌घाटन के अवसर पर ही लगभग 55 खिलाड़ियों का पंजीकरण हो चुका है, जो अब नियमित रूप से इस पिच पर अभ्यास करेंगे। प्रशिक्षण का कार्य वरिष्ठ क्रिकेट प्रशिक्षक त्रिलोक सिंह जीना के दिशा-निर्देशन में किया जाएगा। वह बच्चों की प्रतिभा को तराश कर उन्हें उत्तराखंड की अंडर-14 और अंडर-16 क्रिकेट टीमों में प्रतिभाग करने के लिए तैयार करेंगे। उप क्रीड़ाधिकारी वरुण बेलवाल, जिला प्रशिक्षक संघ अध्यक्ष श्याम मन्नू भट्ट, किशोर पाल, हिमांशु, गोविंद लटवाल, मनीष वर्मा, अंकुश रौतेला, दिनेश सिंह, गीता पोखरिया, हिमानी शाह, उमेश रावत, रितिका जोशी, कैलाश जोशी, चेतन, बलवंत सिंह समेत अन्य प्रशिक्षक रहे।

## एक नजर

### दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से एक प्लास्टिक के जरीकेन के अंदर लगभग 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने उस पर आबकारी एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की है। मंगलवार रात को कुंडा पुलिस गढ़ीनेगी क्षेत्र में गश्त पर थी। जब टीम तुमड़िया डैम को जाने वाली रोड में किलावली को जाने वाले तिराहे पर पुलिया के पास पहुंचे, तो एक व्यक्ति प्लास्टिक के जरीकेन के साथ आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे पकड़कर जब पूछताछ की तो उसने अपना नाम बलविंदर सिंह निवासी ग्राम दुर्गापुर बताया। बताया कि जरीकेन में कच्ची शराब है जो वह डाम से खरीदकर लाया है। पुलिस ने जांच की तो केन में करीब 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी का आबकारी एक्ट के तहत चालान किया है।

### सिडकुल में 60 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सितारगंज :** सितारगंज सिडकुल क्षेत्र में पुलिस ने आरोपी को 60 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अपर उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह दानू व टीम ने चेकिंग के दौरान संदिग्ध रूप से भागने की कोशिश कर रहे एक मोटरसाइकिल सवार को पकड़ा, जिसकी तलाशी में नीले रंग के कट्टे में छुपाकर रखी गई काली ट्यूब से कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी हरबंस सिंह निवासी ध्यानपुर, नानकमत्ता को मौके से गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल समेत पुलिस हिरासत में लिया गया।

# जनता की आस्था पर भारी पड़ा शराब का ठेका

## धार्मिक स्थलों से घिरा हुआ है शराब का ठेका, तीन वार्डों के पार्षदों की चुप्पी पर जनता भी हैरान, लोगों में आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जहां एक ओर नई शराब नीति कहती है कि मदिरा की दुकान किसी भी धार्मिक स्थल या फिर घनी आबादी के बीच नहीं खुल सकती है, वहीं इंदिरा कॉलोनी में खुला नया देशी शराब का ठेका इन नियमों की धज्जियां उड़ा चुका है। कारण ठेके के बेहद करीब आस्था से जुड़े चार धार्मिक स्थल हैं और जिस स्थान पर देशी शराब का ठेका खोला गया वो तीन वार्ड की जनता का संपर्क मार्ग भी है। ऐसे में तीन वार्ड के पार्षदों की चुप्पी पर जनता भी हैरान है।

इंदिरा कॉलोनी में पिछले कुछ दिन पहले ही देशी शराब का ठेका खोला गया। जिस स्थान पर शराब का ठेका खुला है उसके ठीक सामने रामलीला कमेटी प्रांगण, उसके बिल्कुल बगल में महावीर वाटिका पार्क, ठीक सामने जैन मंदिर और ठेके के पीछे चंद कदमों की दूरी पर एक चर्च भी है। इसके अलावा जिस स्थान पर ठेका खुला है। उसके नजदीक मार्केट के अलावा सब्जी-फड़ की दुकानें भी हैं। जहां प्रतिदिन आदर्श कॉलोनी वार्ड-30, सिंह कॉलोनी वार्ड-33 और इंदिरा कॉलोनी वार्ड 34 के लोगों की आवाजाही रहती है। भीड़भाड़ वाले स्थान के अलावा चार-चार धार्मिक स्थलों से घिरा होने के बाद अभी तक चुने हुए स्थानीय वार्ड पार्षदों ने इसका विरोध नहीं किया। शुरूआती दौर में एक बैठक जरूर की थी, लेकिन बाद में मामला ठंडे बस्ते में चला गया। नियमों, आस्था और जन भावनाओं की धज्जियां उड़ाते हुए शराब का ठेका धड़ल्ले से संचालित है। वहीं चुने गए पार्षद एक-दूसरे का वार्ड होने का हवाला देते हुए अपनी नैतिक जिम्मेदारी से भाग रहे हैं, जबकि पार्षदों को जनता की भावनाएं और आस्था को देखते हुए एकजुट होना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पार्षदों की चुप्पी पर वार्ड की जनता भी हैरान है और आक्रोशित है।



तीन वार्डों को जोड़ने वाले इलाके में खुला देशी शराब का ठेका। ● अमृत विचार

### नौ साल बाद हुआ मुकदमाती शराब का निस्तारण

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप में पिछले नौ सालों से लंबित मुकदमाती मालों का निस्तारण गठित कमेटी द्वारा किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट की देखरेख में कच्ची एवं पक्की शराब को नष्ट किया गया। बुधवार को एसीजेएम प्रथम इंदु शर्मा एवं पीओ रविंद्र कुमार के समक्ष थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप मोहन चंद्र पांडेय ने वर्ष 2017 से वर्ष 2024 तक के 87 मुकदमाती मामलों का ब्यौरा रखा। जिस पर विचार करने के बाद गठित टीम ने निस्तारण किए जाने का आदेश दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2017 से लेकर 2024 तक के वर्षवार 1762 लीटर कच्ची शराब, 228 बोतल अंग्रेजी और 120 बोतल बियर का जंगली इलाके में ले जाकर नष्ट किया गया और लंबित पुराने मुकदमाती मामलों का निदान हुआ। उन्होंने बताया कि अगले चरण में पुनः गठित कमेटी मालों के दस्तावेज देखने के बाद नष्टीकरण की कार्रवाई करेगी।

### क्या बोले पार्षद व अधिकारी



वार्ड-30 में इंदिरा कॉलोनी का कुछ हिस्सा आता है। जिसके तहत ही देशी शराब का ठेका खोला गया है। यह बात ठीक है कि ठेका धार्मिक स्थल व धार्मिक पार्क के घिरा हुआ है और अक्सर यहां पर धार्मिक अनुष्ठान व कार्यक्रम भी होते हैं। ठेका खुलने की सूचना पर बैठ कर रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन अन्य वार्डों के पार्षद का साथ नहीं मिला। बावजूद वह खुद जिलाधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी को आपत्ति पत्र देकर ठेका निरस्त कराने की कोशिश करेंगे।

**-गौरव खुराना**, पार्षद, वार्ड-30



तीन वार्डों एवं चार आस्था के केंद्रों के समीप देशी शराब का ठेका खोलना दुर्भाग्यपूर्ण है। कारण खरीदारी के अलावा कुछ शैक्षिक संस्थान भी नजदीक हैं और अक्सर स्कूली विद्यार्थियों एवं जनता की भीड़भाड़ भी रहती है। वार्ड-30 में ठेका आता है। यदि वार्ड पार्षद पहल करते तो वार्ड 33 की जनता के साथ आंदोलन होता है। बावजूद वह जल्द ही डीएम को ज्ञापन देंगे।

**-सुशील चौहान**, पार्षद, वार्ड-33



देशी शराब के ठेका वार्ड-30 में आता है और उसके सामने वाला वार्ड 34 उनके पार्षदी का इलाका है। वार्ड-30 के पार्षद के अलावा उनके वार्ड की जनता ने भी कोई विरोध नहीं किया। जिस कारण उनके द्वारा भी कोई विरोध या फिर आंदोलन की रणनीति नहीं बनाई, जबकि शिव नाटक क्लब यानी रामलीला मंचन कमेटी के अलावा अन्य धार्मिक स्थलों के पदाधिकारियों को आगे आना चाहिए था। यदि ऐसा हुआ तो वह भी अपना समर्थन देंगे।

**-इंद्रजीत सिंह**, पार्षद, वार्ड-34

नई शराब नीति के अनुसार ठेका शराब की दुकान से 100 मीटर के दायरे पर धार्मिक स्थल या फिर शिक्षक संस्थान नहीं होने चाहिए। यदि इंदिरा कॉलोनी में खुला देशी शराब के ठेके का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। यदि कोई भी जनप्रतिनिधि या फिर जनता की शिकायत आती है तो प्रकरण की जांच कर निरस्तीकरण की कार्रवाई भी की जाएगी।

**-महेंद्र बिष्ट**, आबकारी निरीक्षण, रुद्रपुर

# नम आंखों से दी उर्मिला चुघ को अंतिम श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ और अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ की माता उर्मिला रानी चुघ को हजारों लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी और चुघ परिवार को ढांढस बंधाया।

काशीपुर रोड स्थित आनंदम गार्डन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान व्यास गद्दी पर विराजमान पंडित अनिल शर्मा के साथ मंच पर स्वामी धर्मदेव, महंत हरनाम, महंत मनीष सलूजा, महंत रमेश वशिष्ठ, स्वामी नारायण चैतन्य, अनिल शर्मा बबलू एवं बाई जी सहित पूज्य संतों ने परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। शोक सभा में उत्तर प्रदेश के मंत्री बलदेव सिंह औलख, पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बलराज पासी, उत्तम दत्ता, विधायक अरविंद पांडे, विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, राजेश शुक्ला, हल्द्वानी के मेयर गजराज बिष्ट, मेयर विकास शर्मा, गदरपुर चेयरमैन मिंटू गुंबर, गूलरभोज चेयरमैन सतीश चुघ, सचिन शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष कुलवंत औलख, पूर्व विधायक नारायण पाल, प्रेम सिंह राणा, जिला पंचायत अध्यक्ष पति सुरेश गंगवार, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, आरएसएस के सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी, उधमसिंहनगर

पत्रांक : 418/कृषि/रा.खा.ते.मि./2025-26 दिनांक : 04 जून, 2025

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

जनपद ऊधम सिंह नगर में तिलहन के उत्पादन को बढाने व कृषकों की आय में वृद्धि करने के लिये राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तिलहन केन्द्रपोषित योजना संचालित की जा रही है। जिसके अन्तर्गत तिलहन संग्रहण, तेल निष्कर्षण और पुनर्प्राप्ति की दक्षता बढ़ाने के लिए सरकारी/निजी उद्योगों, एफपीओ, सहकारी समितियों और व्यक्तिगत रूप से संचालित फर्म स्वामी को मौजूदा बुनियादी ढांचे की क्षमता या दक्षता में सुधार सहित कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए मिशन के तहत तेल निष्कर्षण इकाइयों (10 टन क्षमता) और तिलहनों के प्रसंस्करण के लिए मशीनरी और उपकरणों के कुल मूल्य का 33 प्रतिशत या अधिकतम रू० 990000 (रू० नौ लाख नब्बे हजार मात्र) जो भी कम हो, की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। वित्तीय सहायता केवल तिलहन प्रसंस्करण, तेल निष्कर्षण हेतु मशीनरी एवं उपकरण इकाईयों पर ही देय है, भूमि व भवन हेतु कोई सहायता देय नही होगी।

अतः जनपद के इच्छुक सरकारी/निजी उद्योगों, एफपीओ. सहकारी समितियों और व्यक्तिगत रूप से संचालित फर्म स्वामी, जो मौजूदा बुनियादी ढांचे की क्षमता या दक्षता में सुधार सहित कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए मिशन के तहत तेल निष्कर्षण इकाइयों (10 टन क्षमता) और तिलहनों के प्रसंस्करण के लिए मशीनरी और उपकरणों पर अनुदान हेतु अपना आवेदन दिनांक 19 जून 2025 को मुख्य कृषि अधिकारी कार्यालय, कक्ष संख्या 101, विकास भवन रूद्रपुर में अपरान्ह 3:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाभार्थी का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा। लॉटरी की कार्यवाही मुख्य विकास अधिकारी अथवा परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की अध्यक्षता में दिनांक 19 जून 2025 को अपराहन 4:00 बजे सम्पन्न की जायेगी।

मुख्य कृषि अधिकारी
ऊधम सिंह नगर


### करंट लगने से राजमिस्त्री की मौत

**काशीपुर :** एलटी लाइन की चपेट में आकर एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया है।

बाजपुर गांव निवासी राजमिस्त्री नसरत अली गुलजारपुर में एक व्यक्ति के घर पर कई दिनों से निर्माण कार्य कर रहा था। बुधवार को निर्माणाधीन स्थल पर लेंटर डाला जा रहा था। इस दौरान पास से गुजर रही बिजली लाइन के संपर्क में आने पर अचानक करंट लग गया। इससे वह बुरी तरह से झुलस गया। मजदूरों ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेई अनिल कुमार ने बताया कि गुलजारपुर में सेवानिवृत्त विंग कमांडर की कोठी बनी हुई है। पास में ही एलटी की लाइन गुजर रही है। कुछ दिन पहले वह लाइन के नीचे टीन डाल रहे थे। उस समय लाइनमैन ने मना कर दिया था। बिजली विभाग से बिना अनुमति लिए अब ऑफिस का निर्माण करा रहे थे। पुलिस को इसकी सूचना दे दी है।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**काशीपुर :** दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। डेढ़ महीने पूर्व महुआखेड़ा गंज निवासी सरजीत सिंह (33) मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए थे। एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। मृतक अपने पीछे माता भगवान देवी, पत्नी प्रियंका, एक बेटा और दो बेटियों को छोड़ गया है। परिजनों ने बताया कि वह फैक्टरी में काम करता था। खाली समय में वैवाहिक कार्यक्रम में फोटोग्राफी भी कर लिया करता था।

# प्रशिक्षण सामग्री को रोचक बनाने के दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) की कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठक जिला सभागार में आयोजित हुई। बैठक में पीपीटी के माध्यम से विगत वर्ष डायट की ओर से कराये गये प्रशिक्षणों की विस्तृत समीक्षा की गयी। साथ ही चालू शिक्षण सत्र 2025-26 के प्रस्तावित कार्यक्रमों का अनुमोदन किया गया।

बुधवार को जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण सामग्री को नवाचार व रोचक बनाने के निर्देश दिए। ताकि बच्चों को सीखने की उत्सुकता बनी रहे। उन्होंने डायट प्रशिक्षणों को बाहरी राज्यों के डायट प्रशिक्षणों के अध्ययन के लिए भेजने के निर्देश डायट प्राचार्य को दिए। साथ ही त्रैमासिक बैठक कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी विद्यालयों के एक-एक शिक्षक को बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने गरीब, मजदूरों के बच्चे जो स्कूल नहीं जाते हैं उनका नामांकन विद्यालय में कराने अथवा उनके क्षेत्र में जाकर ही अस्थाई शिक्षण केंद्र में पढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 16 अनुदेशक जिन्हें डायट द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, बटरफ्लाई योजना के तहत अस्थाई शिक्षण केंद्र में बच्चों को बढ़ाया जाता है। उन्होंने डायट द्वारा दिये जाने वाले प्रशिक्षणों की वीडियोग्राफी कराने और बेस्ट ई-सामग्री आपस में साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने डायट द्वारा दिये गये प्रशिक्षणों का शिक्षा पर प्रभाव की भी मॉनिटरिंग करने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिए।

उन्होंने जनपद के सभी विकास खंडों में उत्कृष्ट विद्यालय कलस्टर बनाने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश सभी उप जिलाधिकारियों एवं खंड शिक्षा अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, प्राचार्य डायट डॉ. अजंता बिष्ट, खंड शिक्षा अधिकारी भानू प्रताप कुशवाहा, धीरेंद्र कुमार साहू, सीताराम कछारी, सतेंद्र सिंह, मयंक रतूड़ी, आलोक मिश्र, अनिल कुमार सिंह सहित डायट के प्रवक्ता मौजूद थे व सभी उप जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

# क्रिकेट मैच देखने गये युवक से मारपीट

**काशीपुर:** क्रिकेट मैच देखने गए एक युवक को कुछ अन्य युवकों ने घर में ले जाकर मारा पीटा, जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम बरखेडा पांडेय निवासी सतीश कुमार ने पैगा चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 मई को रात नौ बजे पर अपने साथी विपिन और सोनू के साथ बांसखेड़ा में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट देखने गया था। वहां पर ताहिर, विशाल, अमित, आकाश, मनोज, आशीष निवासीगण फसियापुरा भी मैच देख रहे थे। बताया कि किसी बात को लेकर दो पक्षों का आपस में बाद विवाद हो गया जिसके बाद तीनों युवक अपनी गाड़ी लेकर हाईवे होते हुए वापस आने लगे। आरोप है कि जैसे ही वे लोग बांसखेड़ा ओवरब्रिज पर पहुंचे तो वहां आरोपी लोग पहले ही खड़े थे। उन्होंने बाइक रोकर उन पर लाठी-डंडों से हमला किया और मारपीट करने लगे। बताया कि विपिन और सोनू अपनी जान बचाकर भाग गए, लेकिन आरोपियों ने पीड़ित को पकड़ लिया और फसियापुरा ले गए। यहां आरोपियों ने दोबारा उसके साथ मारपीट की। जिस कारण वह बेहोश हो गया। बताया कि किसी तरह वह वहां से भागा और पैगा चौकी पहुंचा।

# बंद पड़े घर से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी



घर में बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में बंद पड़े घर पर धावा बोलकर चोरों ने लाखों के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और चोरों की तलाश शुरू कर दी।

थाना ट्रांजिट कैंप स्थित जनपथ रोड महालक्ष्मी निवासी सरिता देवी ने बताया कि वह परिवार के साथ 29 मई को अपने गांव गई थी। घर की चाबी पड़ोसी को सौंप दी थी। 30 मई को जब भाई अनिकेत घर पर पहुंचा तो देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है और कमरे का सामान बिखरा पड़ा है। पड़ताल में पता चला कि चोरों ने अलमारी में रखी चार जोड़ी सोने की पिन चोरी हो गयी। इसके अलावा चार जोड़ी चांदी पायल, एक जोड़ी चांदी की मोटी पायल, सोने की चेन, चांदी के दो कड़े, 10 चांदी के छत्र, सात चांदी के सिक्के, छह जोड़ी चांदी बिछिया, सोने का ओम, सोने की अंगूठी और 70 हजार की नगदी चोरी हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और मकान स्वामी की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

### गंगापुर पावर हाउस से चोरी हो गए 75000 रुपये के उपकरण

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप स्थित गंगापुर पावर हाउस से हजारों रुपये के विद्युत उपकरण चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अवर अभियंता गंगापुर उप संस्थान दीपक शर्मा ने बताया कि 2 जून की रात्रि 12 बजे 33/11 केवी विद्युत उप संस्थान गंगापुर के बाहर रखे 5 एमवीए ट्रांसफार्मर, 100 केवीए और 33 केवीए के बुशिंग रॉड, बशवारे व पीटी के विद्युत उपकरणों को चोरों ने चोरी कर लिया। इसके अलावा चोरों ने ट्रांसफार्मर संबंधी विद्युत उपकरणों को भी चोरी कर लिया। जिसकी वजह से ट्रांसफार्मर का संचालन करना संभव नहीं होता है। बताया कि चोरी उपकरण की कीमत 75 हजार रुपये से अधिक है। अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow

Admission Open
Session 2025-26

Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



हवा प्रदूषित न रहें, इसके लिए बहुत सारे पेड़ लगायें, क्योंकि प्रदूषित हवा जानलेवा है, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है

विश्व पर्यावरण दिवस—05 जून

-: Ending Plastic Pollution Globally:-

प्रदूषित वायु और गर्मी से करें बचाव, याद रखें ये सुझाव

लक्षण



उल्टी आना | बेहोशी | सिर दर्द | तेज बुखार | चक्कर आना

क्या करें
- पर्याप्त पेय तरल पदार्थों का सेवन करें।
- तीव्र धूप को घर के अन्दर आने से रोकें।
- दोपहर 12 से 4 बजे तक घर में ही रहें।
- प्राकृतिक पेय पदार्थ जैसे जूस आदि का सेवन अधिक से अधिक मात्रा में करें।




क्या न करें
- भारी कार्य जैसे कसरत इत्यादि न करें।
- धूप में नंगे पांव न चलें।
- दोपहर 2 से 4 बजे तक खाना पकाने से बचें।
- शराब, चाय, कॉफी, साफ्ट ड्रिंक्स/कोल्ड ड्रिंक्स जैसे पेय पदार्थ का सेवन न करें।

स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारी/शिकायत हेतु हेल्पलाईन न0 104 पर सम्पर्क करें
घर बैठे चिकित्सक से स्वास्थ्य सम्बन्धित परामर्श हेतु esanjeevaniopd.in पर सम्पर्क करें।

नेशनल प्रोग्राम ऑन क्लाइमेट चेंज एण्ड ह्यूमन हेल्थ (एन०पी०सी०सी०एच०एच०)
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ऊधम सिंह नगर द्वारा जनहित में जानकारी

जिला नोडल अधिकारी, एन0पी0सी0सी0एच0एच0, उधम सिंह नगर। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधम सिंह नगर | जिलाधिकारी महोदय, उधम सिंह नगर

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ऊधमसिंह नगर
पत्रांकः- एन.पी.सी.सी.एच.एच./वि.पर्या.दि. व/2025-26/1931 दिनांक : 04.06.2025

# लोन एजेंट ने किया किशोरी से दुष्कर्म

संवाददाता, रुद्रपुर

- थाना पंतनगर इलाके की है वारदात
- पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज किशोरी अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार:** थाना पंतनगर इलाके में 16 वर्षीय किशोरी के साथ घिनौनी हरकत करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि लोन किश्त एजेंट ने किशोरी को डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया और जब पता चला कि किशोरी 20 सप्ताह की गर्भवती भी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

थाना पंतनगर इलाके की रहने वाली एक महिला ने बताया कि 31 मई को उसकी 16 वर्षीय बेटी के अचानक पेट में दर्द होने लगा। जब उसे हल्द्वानी के एक अस्पताल में उपचार कराया तो पता चला कि किशोरी 20 सप्ताह की गर्भवती है। पूछे जाने पर किशोरी ने बताया कि जब वह घर पर अकेली थी तो हल्द्वानी में कार्यरत माइक्रो कैपिटल फाइनेंस कंपनी में कार्यरत लोन किश्त लेने वाला संजीव कुमार आया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। आरोप था कि आरोपी एजेंट ने धमकाया कि यदि किसी से शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार डालेगा। किशोरी की हालत बिगड़ने पर उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं थाना पंतनगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुंदरम शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अपनी जांच भी शुरू कर दी है।

### पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने कहा- विधायक और मेयर का आपस में नहीं कोई तालमेल, काशीपुर की जनता में भारी रोष

# चौराहों के नाम बदलने को लेकर मेयर व पूर्व विधायक आमने-सामने

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता करते पूर्व विधायक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर के चौराहों के नाम बदलने को लेकर मेयर और पूर्व विधायक आमने-सामने आ गये हैं। इतना ही नहीं पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने यहां तक कह दिया कि पहले मेयर और विधायक मिलजुलकर काम करते थे। लेकिन अब विधायक को मेयर ने अपने सारे कार्यकलापों में से इस तरह बाहर कर दिया है, जैसे दूध में से मक्खी निकाल दी जाती है। उन्होंने कहा कि विधायक और नगर निगम मेयर का कोई तालमेल नहीं है।

बुधवार को रामनगर रोड स्थित अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने कहा कि जब नगर निगम के चुनाव हुए तो काशीपुर की जनता को पूरा विश्वास था कि निगम के नए पदाधिकारी हैं। वह काशीपुर के विकास की गाड़ी को तेजी से आगे बढ़ाएंगे। इसमें दो राय नहीं की सड़कों का काम पहले से अच्छी स्पीड में चल रहा है। लेकिन किसी भी शहर का विकास केवल सड़कें बना देने से नहीं बढ़ता हुआ माना जा सकता। बल्कि शहर के प्रति ऐसे निर्णय लेना होता है जिनका दूरगामी परिणाम हो। उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी में आया है कि नगर निगम मेयर द्वारा काशीपुर के लंबे समय से नामित चौराहों के नाम बदलने का निर्णय लेते हुए संबंधित चौराहों का निरीक्षण किया गया। साथ ही अधिकारियों की बैठक लेकर सौंदर्यीकरण और चौराहों के नामों के प्रति अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। जिससे काशीपुर की जनता में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि पुरातन नाम किसी भी स्थान के होते हैं वह उस शहर की पहचान होते हैं, एकदम से सारे चौराहों के नाम बदलना तो काशीपुर की पहचान बदलने के बराबर है। जनता को ये डर है कि कभी न कभी काशीपुर का नाम भी बदला जा सकता है। सीएम को ध्यान देते हुए नगर निगम काशीपुर को नाम न बदले जाने के लिए निर्देशित किया जाना चाहिए।

### शहर की तस्वीर बदल देने से तकदीर नहीं बदलती

**काशीपुर :** महापौर के एकतरफा फैसलों से भाजपा नेताओं का अस्तित्व संकट में आ गया है। ऐसे में अब भाजपा नेताओं का धैर्य डगमगाने लगा है। वरिष्ठ नेताओं को साथ लेकर प्रेस से रुबरु हुए पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने महापौर दीपक बाली की कार्यशैली को कठघरे में खड़ा कर दिया। कहा कि शहर की तस्वीर बदल देने से तकदीर नहीं बदलती। इसके लिए सामूहिक विमर्श से फैसले लेने होते हैं। पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने कहा कि शासन स्तर पर होने वाले फैसलों में मेयर बाली दखल दे रहे हैं। पुरानी पहचान को बिना कारण मिटाए जाने का कोई औचित्य नहीं है। कहा कि जब शासन से नाम बदलने के प्रस्ताव अनुमोदित नहीं हुए तो अफसरों की फौज के साथ इन स्थलों का भ्रमण करने का क्या औचित्य है। कहा कि जरूरी मसलों में मेयर शहर के विधायक से भी मशविरा करना जरूरी नहीं समझते।

### नगर निगम के पूर्व कार्यकाल को किया याद

**काशीपुर :** पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने कहा कि वह 20 साल विधायक रहे। इस दौरान नगर निगम और उन्होंने मिल जुलकर काम किया। निगम और वह एक-दूसरे को सूचना देकर विकास का काम करते थे। कहा कि चाहे निगम का मेयर हो या विधायक हो, अगर कोई भी अपने कार्यक्षेत्रों के बाहर और नियमानुसार काम न कर रहा तो उसके लिए अधिकारियों को दोनों को सही राय देने का काम करना चाहिए।

### बाली के विरोध से बढ़ सकती है गुटबाजी

**काशीपुर :** पार्टी के नेता विकास के मुद्दे पर भले ही बाली का विरोध नहीं कर पा रहे हो, लेकिन नीतिगत फैसलों को लेकर उनका विरोध शुरू हो गया है। बाली पर संगठन को भरोसे में न लेने की तोहमत लगाकर नेता उन्हें घेरने में जुट गए हैं। ऐसे नेताओं का कहना है कि दीपक बाली आरएसएस की पृष्ठ भूमि से न होने के कारण संगठन की रीति नीति से वाकिफ नहीं हैं। जबकि सरकार के साथ ही संगठन से रिश्ते बेहतर होना जरूरी है। एक बात तो साफ है कि अगर पार्टी के भीतर महापौर दीपक बाली का विरोध तेज होता है तो इससे गुटबाजी बढ़ेगी।

## एक नजर

### बातचीत के बहाने मारपीट करने का लगाया आरोप

**काशीपुर** : एक व्यक्ति पर बातचीत के बहाने घर ले जाकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पैगा चौकी में तहरीर सौंपी है। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महुआखेड़ा गंज, वार्ड नं. 5 निवासी अरविंद सैनी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि एक जून की शाम चार बजे अपने खेत पर खड़ा था। तभी अरमान सैफी पीछे से आया और उससे बात करने के बहाने हरिश्चन्द्र के घर में ले गया। आरोप है कि यहां आरोपी ने उसके साथ मारपीट की व गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। आरोप यह भी है कि कुछ दिनों से आरोपी उसे व उसके बड़े भाई हरपाल सिंह सैनी को मारने की धमकी भी दे रहा है। कहा कि आरोपी अपराधी किस्म का व्यक्ति है और उसे जान-माल का खतरा बना हुआ है।

### विद्युत पोल लगाने की मांग उठाई

**शक्तिफार्म** : नगर पंचायत सभासद ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड सितारगंज को ज्ञापन देकर वार्ड के कई स्थानों में विद्युत पोल लगाने की मांग की है। नगर पंचायत शक्तिगढ़ के वार्ड नंबर दो के सभासद सुशीला राय ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को दिए ज्ञापन में बताया कि लंबी दूरी में विद्युत पोल होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सभासद ने वार्ड के सात स्थानों में 29 विद्युत पोल लगाने की मांग की है। सभासद के पति रमेश राय ने बताया अधिशासी अभियंता ने वार्ड मे शीघ्र विद्युत को लगाने की आश्वासन दिया है।

# दबंगों ने पुलिस पर किया हमला, दो एसआई व दो सिपाही समेत 6 घायल

### घर के आगे कूड़ा डालने के विवाद की सूचना पर पहुंची थी पुलिस, आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर के केलाखेड़ा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम विधि का मझरा में पुलिस से छीना झपटी करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** घर के आगे कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद की सूचना के बाद पहुंची पुलिस पर दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।जिससे दो उपनिरीक्षक, दो कांस्टेबल सहित छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने नौ लोगों के विरुद्ध सरकारी कार्य में व्यवधान डालने, बलवा और गाली-गलौज के आरोप में प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है।

ग्राम पंचायत सरकड़ी के अंतर्गत ग्राम विधि का मझरा निवासी मोहन लाल ने तीन जून को केलाखेड़ा थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही बनवारी लाल व उसके परिजन रात में घर आकर धमका रहे हैं, जिनसे जान-माल का खतरा है। इस पर एसआई देवेंद्र सिंह राजपूत, एसआई संजय बोरा अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान मोहन लाल के घर के बाहर बनवारी लाल, उसका राजेश, जसपाल, पत्नी कमला, भाई बाबू राम, पंकज, दीपक, पुष्पा, सुनीता आदि गाली-गलौज व धमकियां दे रहे थे। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया तो बनवारी लाल ने परिजनों के साथ मिलकर मंगलवार-बुधवार रात करीब पौने दो बजे पुलिस कर्मियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में एसआई देवेंद्र सिंह राजपूत, संजय बोरा, कांस्टेबल महेंद्र सिंह, दिनेश धपोला गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बीच-बचाव कर रहे हरि राम और इनकी पत्नी ममता भी घायल हो गईं। घायलों को उपजिला चिकित्सालय बाजपुर में भर्ती कराया गया। वहीं मारपीट करने के आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिशें दी जा रही हैं। पुलिस पर हमला करने के मामले में केलाखेड़ा थाने में बनवारी लाल, राजेश, जसपाल, कमला, बाबू राम, पंकज, दीपक, पुष्पा, सुनीता आदि पर राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर एक राय होकर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप है।

### पूरा परिवार हुआ नामजद

**बाजपुर :** कूड़ा डालने के मामूली से विवाद में मामला इतना बढ़ गया कि बनवारी लाल का पूरा परिवार नामजद हो गया है जिसमें पुलिस ने स्वयं बनवारी लाल के साथ ही पत्नी कमला, भाई बाबूराम व उसकी पत्नी पुष्पा, बेटे राजेश, जसपाल, पंकज को नामजद किया है, इनकी गिरफ्तार जल्द हो सकती है।

### एसएसपी दरबार तक पहुंचा था कूड़ा डालने का विवाद

**बाजपुर :** घर के आगे कूड़ा डालने का विवाद एसएसपी दरबार तक पहुंचा था जिसमें एसएसपी ने पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए थे। पुलिस कप्तान के आदेश पर अपना काम कर रही थी और दोनों पक्षों को समझाया भी जा रहा था, लेकिन बनवारी लाल के परिवार को लगता था कि पुलिस एकतरफा कार्रवाई कर रही है जिसके चलते वह पुलिस पर हमलावर होने से भी पीछे नहीं हटे।

### दूसरे के कागजात पर लोन देने पर शाखा प्रबंधक व कर्मचारी पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर:** कोर्ट के आदेश पर आईटीआई थाना पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक व कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ढकिया नंबर एक काशीपुर निवासी अनीता देवी पत्नी मुकेश कुमार ने अपने अधिवक्ता सूरज कुमार के माध्यम से काशीपुर अदालत में 175(3) बीएनएसएस का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया था कि वह अपनी आवश्यकता के लिए अप मनी लिमिटेड शाखा काशीपुर में गई थी। जहां उसकी मुलाकात शाखा प्रबंधक राहुल राणा व कर्मचारी अमित से हुई थी। उन्होंने बताया था कि आपका लोन हमारी शाखा से हो जाएगा, जिस पर बैंक अधिकारियों के कहने पर अनीता देवी ने अपना आधार कार्ड, पहचान पत्र अपने पति मुकेश कुमार के बैंक एसबीआई के चार ब्लैंक चेक आदि प्रपत्र प्रबंधक राहुल राणा व अमित को दे दिए थे। तब उन्होंने कुछ समय बाद आने को कहा था। कुछ समय बाद अनीता वहां गई, तो उन्होंने बताया कि तुम्हारा लोन नहीं होगा। तुम्हारे आधार कार्ड पर 40 हजार का लोन पहले से चल रहा है। जिसमें प्रार्थनी ने बताया कि उसके नाम पर कोई लोन नहीं है। जब जांच पड़ताल की, तो पता चला कि शाखा प्रबंधक राहुल राणा व कर्मचारी अमित ने अनमोल देवी से हमसाज होकर अनीता देवी के आधार कार्ड व अन्य कागजातों पर फर्जी तरीके से अनमोल देवी को लोन दे दिया।

# विधायक, प्रशासन व मेयर का पुतला फूंका


विधायक, मेयर व प्रशासन का पुतला फूंकते देवभूमि रक्षा मंच के पदाधिकारी।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रुद्रपुर विधायक, मेयर और जिला प्रशासन पर पहाड़गंज में अवैध मस्जिद निर्माण के मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाते हुए देवभूमि रक्षा मंच ने पुतला फूंका। उन्होंने ऐलान किया कि वर्ष 2007 से विवादित धार्मिक स्थल को यदि नहीं रोका गया तो आंदोलन होगा।

बुधवार को पुतला फूंकते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2007 से पहाड़ गंज में एक मस्जिद का निर्माण सांप्रदायिक तनाव का कारण बन चुका है। जिसको लेकर कई बार स्थानीय विरोध करने वाले लोगों पर मुकदमा भी हुआ और वर्ष 2007 से ही निर्माण को रोके जाने का संघर्ष जारी है। आरोप था कि कई बार रुद्रपुर विधायक को भी अवगत कराया। साथ ही नवनिर्वाचित मेयर को भी पत्र लिखकर निर्माण का मामला संज्ञान में लाया और प्रशासन से लगातार देव भूमि रक्षा मंच मुद्दा उठाता आ रहा है। बावजूद निर्माण की गति रुकने के बजाय तेज होती जा रही है, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने हिंदू समाज की भावनाओं की कद्र नहीं की। उन्होंने ऐलान किया कि यदि जल्द ही निर्माण को ध्वस्त नहीं किया तो 26 जून को हरिद्वार जाकर बुद्धि-शुद्धि यज्ञ किया जाएगा और उसके बाद आंदोलन की रणनीति तैयार होगी। इस मौके पर समर पाल सिंह, प्रमेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, शंकर सिंह, अमित चौहान, सतपाल सिंह, चेतन चौहान, विजेंद्र कुमार सिंह, रमन जीत सिंह, मंजीत सिंह, अमनदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# दो सड़क हादसों में मुकदमा दर्ज

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग हुई घटनाओं में पीड़ित की शिकायत पर थाना पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। एक घटना में अज्ञात वाहन की टक्कर में चंपावत निवासी बस यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरी घटना में ट्रक की टक्कर में घायल लालपुर निवासी बाइक चालक का गंभीर अवस्था में उपचार चल रहा है।

थाना पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर एक, लालपुर थाना किच्छा निवासी विकास ने बताया कि विगत 24 मई को धनीलाल अपनी बाइक से सितारगंज से किच्छा की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान दोपहर करीब 1:30 बजे ग्राम बरी क्षेत्र में पीछे से आ रहे ट्रक संख्या यूपी 22 टी 9494 ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक चालक धनी लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए 108 एंबुलेंस के माध्यम से किच्छा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। पीड़ित के अनुसार धनी लाल का कौमा की स्थिति में आईसीयू में उपचार चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है। दूसरे मामले में दर्ज हुई रिपोर्ट में ग्राम पचपखुरिया, थाना बनबसा, जिला चंपावत निवासी किशन सिंह ने कहा कि विगत 23 मई की रात्रि करीब 10 बजे उसके पिता जगत सिंह रोडवेज बस संख्या यूके 08 पीए 2053 से दिल्ली जा रहे थे। इसी दौरान रोडवेज बस के चालक ने किच्छा बाईपास स्थित नीलकंठ होटल पर खाना खाने के लिए बस को रोका था। बस रुकने के बाद जगत सिंह सड़क की तरफ टहलने निकल गए। इसी बीच अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना में घायल जगह सिंह को तुरंत नगर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया गया।

# मृतक के खाते से पैसे निकालने बैंक में आए अधेड़ को दबोचा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मृतक के बैंक खाते से पैसे निकालने पहुंचे एक व्यक्ति को बैंक कर्मियों ने दबोच पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही बैंक कर्मियों की लापरवाही से वह व्यक्ति बैंक से भाग गया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा सत्रहमील में उस समय हड़कंप मच गया जब नकुलिया निवासी एक व्यक्ति एक मृत व्यक्ति के खाते से पैसे निकालने पहुंच गया। जैसे ही उस व्यक्ति ने खाते से पैसे निकालने के लिए वाउचर भरा तो बैंक मैनेजर ने खाते की केवाईसी कराने को कहा। तब तक तक सुरक्षा गार्ड ने उसे पहचान लिया और जांच पड़ताल करने लगा।

सुरक्षा गार्ड बोला आपका खाता तो नकुलिया बैंक में है और मैं आपको जानता हूं। आप यहां किसके खाते से पैसे निकालने पहुंचे हैं। मामला संदिग्ध होने पर बैंक कर्मियों ने उसे दबोच लिया और मामले की सूचना सत्रहमील पुलिस चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट को दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती आरोपी बैंक कर्मियों के चंगुल से निकल कर भाग गया। चौकी प्रभारी बिष्ट ने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है।

**आक्रोश** चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ नहीं होने का उठाया मुद्दा, चुनाव तिथि घोषित नहीं होने पर होगा आंदोलन

# दूसरे दिन भी कार्य बहिष्कार कर धरने पर रहे अधिवक्ता

संवाददाता, रुद्रपुर


जजी परिसर में धरना प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला बार एसोसिएशन के कुछ पदाधिकारियों पर वार्षिक चुनाव प्रक्रिया को टालने का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन भी कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया। आरोप था कि पद की लालसा करने वाले पदाधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया तक प्रारंभ नहीं की, जबकि कार्यकाल समाप्त हो चुका है। आगाह किया कि यदि जल्द ही चुनाव तिथि घोषित नहीं हुई तो आंदोलन जारी रहेगा।

बुधवार को भी बड़ी संख्या में अधिवक्ता चैम्बर परिसर में एकत्रित हुए और न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि 24 अप्रैल 2024 को जिला बार एसोसिएशन का चुनाव हुआ था और शपथ ग्रहण समारोह भी एक वर्ष पहले हो चुका है। बावजूद अभी तक एजीएम की बैठक बुलाने के बाद भी निरस्त कर दी गई। आरोप था कि कुछ पदाधिकारी चुनाव को कराने नहीं चाहते हैं और सदैव कुर्सी पर काबिज रहने का षड्यंत्र रच चुके हैं।

नियमानुसार कार्यकाल समाप्त होने के बाद शीघ्र ही चुनाव अधिकारी, मतदाता सूची के अलावा चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है। जो कि अधिवक्ताओं की भावनाओं को आहत पहुंचाने के समान है। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई, तो आंदोलन होगा। इस मौके पर एसपी सिंह, आरपी सिंह, सुशीला मेहता, अनिल सिंह, जगदीश बिष्ट, सागर अरोरा, राशिद खान, मनमोहन सिंह, सुरेंद्र चंद्र, सुधांशु जोशी आदि मौजूद रहे।

Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दु:खियों–रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दु:खी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# साइबर सुरक्षा प्राथमिकता

भारत में बढ़ते डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ, साइबर सुरक्षा खतरे भी बढ़ रहे हैं जो देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं। सूचना युद्ध और साइबर हमलों से भारत की राजनीतिक व्यवस्था को नुकसान हो सकता है। वित्तीय धोखाधड़ी, जैसे ऑनलाइन निवेश घोटाले और अवैध ऋण देने वाले ऐप, डिजिटल वित्त में विश्वास को कमजोर करते हैं। साइबर अपराधियों ने 2024 में डिजिटल धोखाधड़ी के ज़रिए 1,750 करोड़ रुपये से अधिक की हानि पहुंचाई है। कहा जा सकता है कि भारत का बढ़ता डिजिटल बुनियादी ढांचा साइबर खतरे में है और सुरक्षा खतरे तेजी से जटिल होते जा रहे हैं। ये खतरे डेटा उल्लंघन, फिशिंग अटैक और रैनसमवेयर के रूप में सामने आते हैं। यह मुख्य रूप से साइबर अपराधों से निपटने के लिए मज़बूत बुनियादी अवसंरचना की कमी के कारण होता है। डेटा उल्लंघन एक प्रमुख चिंता है, जिसमें संवेदनशील जानकारी तक अनधिकृत पहुंच हो जाती है। फिशिंग अटैक में, साइबर अपराधी लोगों से संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने के लिए ईमेल, संदेश या वेबसाइटों का उपयोग करते हैं। रैनसमवेयर हमले में, साइबर अपराधी डेटा को एन्क्रिप्ट कर देते हैं और उसे वापस प्राप्त करने के लिए फिरौती मांगते हैं।

साइबर सुरक्षा चुनौतियां बढ़ जाने की वजह से साइबर हमलों से विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सेवाएं बाधित हो सकती हैं। भारत के नेतृत्व, संस्थान और रणनीतिक संपत्ति डिजिटल निगरानी के निशाने पर रहे हैं। अधिकांश लोगों को साइबर सुरक्षा नियमों की जानकारी नहीं होती है, जिससे वे फ़िशिंग और अन्य सामाजिक इंजीनियरिंग तकनीकों के लिए अधिक असुरक्षित हो जाते हैं। देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में विकसित हो रहे डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के लिए देश में लगभग 7,90,000 साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी है। साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, नियमित प्रशिक्षण, सिमुलेशन, और साइबर सुरक्षा ऑडिट आवश्यक हैं। साइबर खतरों के तेजी से परिष्कृत और अंधाधुंध होने के साथ, नैतिक हैकर्स, साइबर विश्लेषकों और डिजिटल रक्षकों की आवश्यकता बढ़ेगी और भारत को पहले से कहीं ज्यादा साइबर योद्धाओं की जरूरत होगी। कुल मिलाकर जब भारत की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचा डिजिटल होता जा रहा है, भारत डिजिटल क्रांति से गुज़र रहा है और साइबर सुरक्षा युद्ध अब हाशिये पर नहीं है, बल्कि यह सबसे आगे और केंद्र में है। साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए।

# विरासत और विकास की नई इबारत लिख रहे योगी



डॉ. चंद्रमोहन
प्रदेश सचिव
उत्तर प्रदेश भाजपा

कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है।

आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन है। ये अवसर इसलिए खास है, क्योंकि देश और दुनिया में आज जिस उत्तर प्रदेश के विकास की चर्चा हो रही है, उसका श्रेय योगी आदित्यनाथ को जाता है। योगी आदित्यनाथ ने 'जो कहा, वो करके दिखाया'। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी 'विरासत और विकास' की भावना को साथ लेकर एक दुनियाभर में एक नई पहचान बना रहा है। आपने देखा कि 14 जनवरी से लेकर 27 फरवरी तक तीर्थराज प्रयाग में अद्भुत तरीके से महाकुंभ का सफल आयोजन योगी के नेतृत्व में किया गया। मानवता के इस 'महायज्ञ' में, आस्था, एकता और समता का महापर्व में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व और अविस्मरणीय आयोजन है। हमारी सांस्कृतिक विरासत को इतने भव्य तरीके से जीवंत करने और इस आयोजन में विभिन्न माध्यमों से लाखों लोगों को विकास और रोजगार की पावन धारा से जोड़ने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस आयोजन से लाखों लोगों को रोजगार मिला और उनके जीवन का कायाकल्प हुआ।

इसी तरह अयोध्या नगरी में रामलला का भव्य मंदिर बना, जो रामलला बरसों से टाट में थे, वो अब अपने भव्य और दिव्य भवन में विराजमान हैं। योगी सरकार का प्रयास ही है कि देश-विदेश से हर रोज लाखों की संख्या में भक्त रामनगरी अयोध्या में दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। अयोध्या नगरी आज फेवरेट टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, इसके बाद एक वर्ष के भीतर 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। अयोध्या में दान का रिकॉर्ड भी टूट रहा है। यहां दस काउंटरों पर प्रतिदिन 10 लाख रुपये से अधिक चढ़ावा आ रहा है। अयोध्या और उसके आसपास का



क्षेत्र आज विकास की एक नई इबारत लिख रहा है। विरासत को विकास से जोड़ने का यह अद्भुत उदाहरण है। भगवान राम का विचार था कि प्रजा का एक भी व्यक्ति अगर चैन से नहीं सो पा रहा है, तो राजा को भी नींद लेने का कोई हक नहीं। भगवान राम अपना सुख, चैन त्यागकर, मानव कल्याण के लिए राक्षसों का सर्वनाश करने निकल पड़े थे। 14 बरस भोग की हर वस्तु का त्यागकर प्रभु राम जमीन पर सोए और नंगे पैर कांटों भरे रास्ते पर चले। आज हमारे प्रदेश के मुखिया योगी, उन्हीं के पदचिन्हों पर चल रहे हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर दिन रात प्रदेश के जनता की सेवा कर रहे हैं।

संतकबीर नगर में बाबा तामेश्वरनाथ धाम का कायाकल्प कर इसे एक भव्य तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। बाबा तामेश्वरनाथ धाम को अयोध्या और काशी की तर्ज पर एक सुव्यवस्थित व भव्य तीर्थस्थल का स्वरूप दिया जाएगा। वृंदावन में भव्य और दिव्य बांकेबिहारी कॉरिडोर का निर्माण जल्द शुरू होने जा रहा है। 500 करोड़ रुपये से बांके बिहारी मंदिर के निकटवर्ती क्षेत्र में सुविधाओं का सुधार किया जाएगा और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर माहौल बनाया जाएगा। मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी धाम को दिव्य बनाने के लिए 331 करोड़ की लागत से कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। सहारनपुर में सिद्ध पीठ मां शाकुंभरी देवी मंदिर के विकास के लिए करोड़ों रुपये का बजट योगी सरकार ने स्वीकृत किया है। उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 4560 करोड़ रुपये की लागत से धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों का कायाकल्प किया जा रहा है। अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, चित्रकूट, प्रयागराज, नैमिषारण्य और मीर्जापुर के धार्मिक स्थलों को विकसित कर नई पहचान दिलाने का काम योगी आदित्यनाथ की सरकार कर रही है। आज हर जनपद में जिस तरह मेडिकल कॉलेजों का निर्माण हो रहा है, पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई कॉलेजों का कायाकल्प हो रहा है, उसी तरह वहां के प्रमुख धार्मिक स्थलों और विरासतों का मूलभूत विकास भी सरकार करा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी चहुंमुखी विकास की गाथा लिख रहा है। एक समय प्रभु राम की नगरी अयोध्या में जैसा शासन रहा होगा, उसी राम राज्य को स्थापित करने की कल्पना साकार होती दिख रही है।

स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर हो रहा है। टूटी-फूटी सड़कें एक्सप्रेस का रूप ले रही हैं, गरीबों के खाते में सीधे सहायता राशि पहुंच रही है। आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में रामराज्य की कल्पना साकार हो रही है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार, गुंडाराज, घोटाला, अपराध, जंगलराज, धांधली, तुष्टीकरण, कोरोना, जबरन धर्मांतरण आदि पर जबरदस्त प्रहार हो रहे हैं। गुंडे-माफियाओं पर शिकंजा कसता जा रहा है। बदमाश गले में तख्ती डालकर थाने में स्वयं सरेंडर करने आ रहे हैं। बाहुबली और माफिया योगी राज में थर-थर कांप रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने दूसरे कार्यकाल से पहले लोक कल्याण संकल्प पत्र में जो संकल्प लिए थे, उन्हें एक-एक कर पूर्ण कर दिखाया है। प्रदेश में युवाओं को रोजगार की बात हो, प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को निवेश के लायक बनाने की चुनौती हो, एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हो या फिर माफिया-अपराधियों पर नकेल कसने का संकल्प हो, हर मुद्दे पर योगी आदित्यनाथ ने जनता के प्रति समर्पण के भाव से प्रभावशाली काम किया है। अपने ऐतिहासिक कार्यकाल में योगी आदित्यनाथ ने न सिर्फ योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया, बल्कि समय-समय पर योजनाओं के विकास की समीक्षा भी की, जिससे कोई योजना सरकारी फाइलों में दब नहीं सकी और पूरी पारदर्शिता के साथ लोगों को उनका लाभ मिल सका।

योगी आदित्यनाथ पांच अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डों वाले यूपी में सभी मंडलों को एयर कनेक्ट करने की महात्वाकांक्षी परियोजना पर मिशन मोड में काम कर रहे हैं। यूपी में 1,225 किलोमीटर तक फैले एक्सप्रेस-वे के जाल ने न सिर्फ यात्राओं को सुगम और तेज बनाया है, बल्कि इनके दोनों ओर डेवलप किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्र प्रदेश के विकास को भी गति दे रहे हैं। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ एटीएम लगाए जा रहे हैं। हर जिले में मेडिकल कॉलेज के अलावा गोरखपुर-रायबरेली में एम्स का संचालन किया जा रहा है। 6.51 करोड़ प्रदेशवासियों को आयुष्मान कार्ड के जरिए पांच लाख रुपये तक के बीमा से कवर किया जा चुका है। मेट्रो को अब गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, बरेली और मेरठ में भी चलाने की योजना बनाई जा रही है। आगरा में मेट्रो की सवारी शुरू हो चुकी है।

कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में सबसे ज्यादा निवेश आईटी और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में 94,632 करोड़ रुपए का हुआ है। हर हाथ को रोजगार देने की दिशा में योगी आदित्यनाथ आगे बढ़ रहे हैं।

## प्रसंगवश

# गंगाजल भारतीय चिंतन और दर्शन का प्रतीक

श्रीकृष्ण ने गीता के अध्याय 10 श्लोक 31 में स्वयं मुख से कहा है- 'स्रोतसामस्मि जाह्नवि' अर्थात् दियों में भागीरथी गंगा मैं हूं। भगवद् स्कंद 11 अध्याय 16 में आता है-'तीर्थानां स्रोतसां गंगा' तीर्थों में गंगा सबसे श्रेष्ठ है। यों गंगाजल की लौकिक महत्ता भी कम नहीं है, पर इसका मूल महत्व तो परलौकिक एवं आध्यात्मिक ही है। गंगा से कितने मनुष्यों और अन्य जीव-जंतुओं की तृष्णा शांत होती है, कितनी भूमि हरी-भरी शस्यश्यामला बनती है, उसके जल से सिंचित होकर कितनी घास-पात, कितना अन्न, शाक, फलों का भंडार उत्पन्न होता है इसे सभी लोग जानते हैं।

सभी जानते हैं कि लाखों करोड़ों मनुष्यों और पशु-पक्षियों का जीवन गंगा पर निर्भर रहता है। यदि गंगा का अवतरण न हुआ होता तो आज जहां की भूमि हरी-भरी दीखती है, जहां अगणित मनुष्य और पशु-पक्षी आनंद से किलोल करते हैं, वहां का दृश्य दूसरा ही हुआ होता। उस भूमि पर आज श्मशान जैसी विभीषिका दृष्टिगोचर होती। गंगा जिस प्रदेश में होकर गुजरती है, वहां के समीपवर्ती लोगों को तो जीवन के बहुमूल्य आधार दिए ही हैं, साथ ही दूरवर्ती जनता को भी बहुत कुछ दिया है। यहां की समृद्धि दूर-दूर तक फैलकर प्रकारांतर से सारे देश की समृद्धि को बढ़ाती है। प्रसिद्ध नदीसूक्त में सर्वप्रथम गंगा का ही आह्वान किया गया है। ऋग्वेद में 'गंगय' शब्द आया है। महाभारत एवं पुराणों गंगा की महत्ता एवं पवित्रीकरण के विषय में सैकड़ों प्रशस्तिजनक श्लोक हैं। भारत की अनेक धार्मिक अवधारणाओं में गंगा नदी को देवी के रूप में निरुपित किया गया है।



आचार्य टेकनारायण उपाध्याय
वरिष्ठ अर्चक, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी

बहुत से पवित्र तीर्थस्थल गंगा नदी के किनारे पर बसे हुए हैं। अनेक पर्वों और उत्सवों का गंगा से सीधा संबंध है। इस नदी के बारे में पं. जवाहर लाल नेहरू ने लिखा है, "गगा तो लोकतांत्रिक भारत की नदी है, जनता की प्रिय है, जिसकी झलक भारत की जातीय स्मृतियां, उसकी आशाएं और उसका भय, उसके विजयगान, उसकी विजय और पराजय है।" इसके तटों पर अनेक प्रसिद्ध मेलों का आयोजन किया जाता है और अनेक प्रसिद्ध मंदिर गंगा के तट पर ही बने हुए हैं। ये तीर्थ स्थल संपूर्ण भारत में सांस्कृतिक एकता स्थापित करते हैं। गंगा को लक्ष्य करके अनेक भक्ति ग्रंथ लिखे गए हैं। गंगाजल के बारे में प्रचलित मान्यताएं व तथ्य तो यहां तक कहते हैं कि यदि मृत्युशय्या पर पड़े व्यक्ति के मुख में गंगाजल डाल दिया जाए तो वह बंधनों से मुक्त हो जाता है। गंगा जी के प्रति हमारी श्रद्धा और आस्था अकारण नहीं है। इसका वैज्ञानिक आधार भी है।

अनेक शोधकर्ताओं ने परिक्षण से सिद्ध किया है कि गंगाजल में ऐसे बहुत से औषधीय गुण हैं, जो विविध शारीरिक और मानसिक रोगों से मुक्ति दिलाते हैं, इसके पान, स्नान, स्पर्शन और नव प्राणशक्ति का संचार होता है। पुरानी मान्यता है कि वृद्धावस्था में जब शरीर जर्जर और व्याधिग्रस्त हो जाए तो केवल गंगाजल ही इसका उपचार है। "शरीर जर्जरीभूते व्याधिग्रस्त कलेवर औषधि जाह्नवी तायं वैद्यो नारायणोहरि।" "वैज्ञानिक कहते हैं कि गंगा के पानी में बैक्टीरिया को खाने वाले बैक्टीरियोफाज वायरस होते हैं। ये वायरस बैक्टीरिया की तादाद बढ़ते ही सक्रिय होते हैं और बैक्टीरिया को मारने के बाद फिर छिप जाते हैं। पश्चिमी प्रकृति ने भी गंगा के जल की इस अद्भुत विशेषता को सिद्ध किया है। डॉ. एफ.सी. हरिसन के अनुसार गंगा जल में एक विशिष्ट गुण है, जिसका संतोषजनक वर्णन कठिन है। इसमें हैजे के जीवाणु की तीन से पांच घंटे में मृत्यु हो जाती है। जबकि कई नदियों में यही जीवाणु तेजी से फैलते हैं।

यह नदी उन खेतों के लिए पोषक तत्व भी प्रदान करती है, जिनसे यह गुजरती है। गंगा की सहायक नदियां 300 मिलियन से अधिक लोगों के लिए जीवनदायिनी हैं। गंगाजल को हर भारतीय अमृत तुल्य मानकर उसका पान करता है। अपने पूर्ण जीवन काल के अंतिम समय में हर भारतीय के प्राण गंगा की सिर्फ एक बूंद मात्र के लिए तरसते हैं। यहीं विशेषता गंगा को संसार की हर नदी से पृथक बनाती है और मुक्ति का यही विश्वास गंगा को एक सामान्य नदी के बजाय देवी के रूप में प्रतिष्ठित करता है।

# पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी पहाड़वासी

पहाड़ समस्त प्राणी जगत के मूलाधार हैं। पारिस्थितिकी और जैव विविधता के आश्रय स्थल हैं। बशर्ते कि पहाड़ विविध प्रजाति के जंगलों से आच्छादित हो। 'पहाड़' शब्द की कल्पना मात्र से मस्तिष्क में बर्फ की सफेद चादर से ढके हिमालय, श्रृंखलाबद्ध पहाड़ियों में गहनों की भांति सजे हरे वृक्ष, झरने, गाड-गधेरे और कल-कल करती नदियों का चित्र उभर आता है। पेड़, पानी और पहाड़ का वजूद एक-दूसरे से गहरे तौर पर जुड़ा है। पहाड़ हैं तो पेड़ हैं, पेड़ हैं तो पानी है। ये सब मिलकर पहाड़ को 'पहाड़' बनाते हैं। इनके बगैर पेड़, पहाड़, पानी और पर्यावरण की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

मनुष्य और जंगलों के बीच आदिम युग से अटूट रिश्ते रहे हैं। उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की समूची अर्थव्यवस्था सदियों से प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रही है। पर्वतीय समाज का पूरा जीवन चक्र वनों की ऊर्जा से घूमता था। वन यहां के निवासियों के जीवनाधार थे। ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश जरूरतें वनों से ही पूरी होती थीं। यही वजह है कि यहां के निवासियों का वनों के प्रति भावनात्मक और आत्मीय लगाव था। जंगल, पेड़ और पहाड़ के प्रति पहाड़वासियों की संवेदनशीलता के चलते वन महोत्सव की शुरुआत भी पहाड़ से ही हुई।

अविभाजित उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने 1953 में वन महोत्सव की शुभारंभ नैनीताल से की थी। इस अवसर पर श्री मुंशी ने नैनीताल के राजभवन परिसर में बांज का पौधा लगाया था। जंगल, पेड़ और पर्यावरण के संरक्षण के लिए जन्मे 'चिपको आंदोलन' के प्रणेता भी पहाड़वासी ही हैं। पहाड़वासी सदियों से जंगल, पेड़ और पर्यावरण का संरक्षण करते आ रहे हैं। जंगलों



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया।

और यहां के बाशिंदों के बीच सहअस्तित्व का रिश्ता रहा है, लेकिन उत्तराखंड में ब्रिटिश राज कायम होने के बाद वनों के संरक्षण के नाम पर थोपे गए तमाम अव्यावहारिक वन कानूनों ने पहाड़ के ग्रामीण समाज और वनों के बीच एक गहरी खाई पैदा कर दी। यहां के निवासियों का वनों के प्रति दिनों-दिन लगाव कम होते चला गया।

आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया। परिणामस्वरूप गांव के लोगों और जंगलों के बीच दरार और चौड़ी होती चली गई। आज इसका खामियाजा ग्रामीण समाज, जंगल, पर्यावरण तीनों को उठाना पड़ रहा है। दो शताब्दी पहले तक पहाड़ के जंगलों और इसके आसपास रहने वाले मनुष्यों के मध्य भावनात्मक रिश्ता था। कुमाऊं में देशज राजवंश के शासनकाल में यहां के निवासी संपूर्ण वन संपदा का नियंत्रित दोहन नैसर्गिक अधिकार के रूप में करते थे। उनका समूचा जीवन चक्र जंगलों से जुड़ा था, सो जंगलों की सुरक्षा करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी हुआ करती थी। 1790 में यहां गोरखा सैनिक शासन कायम हो गया था। गोरखों ने बेहिसाब जंगल काटे। 1815 में उत्तराखंड में ईस्ट इंडिया कंपनी का राज कायम हो गया। इसके बाद यहां के ग्रामीणों और जंगलों के बीच सदियों पुराने रिश्तों में दरारें आनी शुरू हुई। धीरे-धीरे जंगलों और स्थानीय निवासियों के आदिकाल से चले आ रहे रिश्ते तार-तार हो गए।

हालांकि अंग्रेजी शासनकाल में पहाड़ के भीतर यातायात व संचार का विकास सामरिक जरूरतों और यहां की अकूत वन संपदा के दोहन के नजरिए से ही हुआ। इसके बावजूद यह भी सच्चाई है कि अंग्रेजों ने जंगलों के एकतरफा दोहन की नीति नहीं अपनाई। अंग्रेज वनों के दोहन के साथ संरक्षण पर भी उतना ही ध्यान देते थे। अंग्रेजी शासनकाल में वनों की निगरानी और हिफाजत की पुख्ता व्यवस्था थी। आजाद भारत में अंग्रेजों की वनों के प्रति संरक्षणवादी और दूसरे सकारात्मक पक्षों को तो तिलांजलि दे दी गई है, लेकिन वनों को जनता से जोड़ने के सवाल पर गंभीरता से नहीं सोचा गया। ग्रामीण जन समुदाय को वनों से जोड़ने की नीति बनाने की दिशा में ठोस पहल नहीं हो पाई। जबकि उत्तराखंड के वन सिर्फ उत्तराखंड के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत के संदर्भ में अमूल्य संपत्ति हैं।

यदि वनों के प्रति सुविचारित नीति हो, तो इन्हें सरकार और आम जनता, दोनों के लिए लाभदायी बनाया जा सकता है। वन संपदा को समृद्ध बनाकर वनोत्पादों पर आधारित लघु एवं कुटीर उद्योगों के माध्यम से बेरोजगारी और पलायन जैसी गंभीर समस्याओं से निपटा जा सकता है। असल सवाल सोच और इच्छाशक्ति का है, जो फिलवक्त दिखलाई नहीं पड़ती। याद रहे कि पहाड़ के वनों और वनोपज के संरक्षण और संवर्धन की ठोस एवं व्यावहारिक नीति बनाए बगैर वन और पर्यावरण संरक्षण की बात बेमानी है।

## सोशल फोरम

# उदार होना अधिक जरूरी है

आर्थिक उदारीकरण आया, बाजार को मुक्त करके और समाज को विभक्त करके चला गया। इस समय दुनिया सामाजिक रूप से दो जनवर्गों में विभक्त है-कूपमंडूक और उदार। हमारे देश में भी हर विचारधारा, हर धर्म, हर जाति, हर प्रांत में दो तरह के लोग हैं- कूपमंडूक और उदार। कूपमंडूक के पास भी बुद्धि होती है, पर उसकी बुद्धि उसे कुआं के बाहर कुछ भी सोचने नहीं देती। वह कुआं को ही पूरा विश्व समझता है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इसके विपरीत उदार व्यक्ति की बुद्धि में तर्क, संवेदना और खुलापन-ये तीन खास गुण होते हैं। यह एक बड़ी विडंबना है कि हमारे समय के लोग बाजार में उदार हैं, सब तरह के आधुनिक माल खरीदेंगे, चीन का भी माल खरीदेंगे, पर विचारों से धर्म, जाति और प्रांत के मामलों में कूपमंडूक होंगे। इस समय कूपमंडूकों की शक्ति और संख्या दोनों बढ़ी है। कूपमंडूक होने में फिलहाल बड़े फायदे हैं। निश्चय ही उनकी तुलना में उदार चित्त के लोग कम हो गए हैं, पर मनुष्यता या नागरिक भाव सचमुच यदि है, तो ऐसे ही लोगों में हैं, जो उदार हैं, उनकी सबसे बड़ी कमाई उनकी उदारता है, उन्हें इस मनुष्यता में ही आनंद है। जब समाज का भविष्य अंधकार में हो तो फिर उन्हें अपने लिए उज्ज्वल भविष्य क्यों चाहिए? उदारता क्या है, यह जानना हो तो, जिस 'वसुधैव कुटुंबकम्' को लोग तलवार की तरह इतना भांजते हैं, उसके पूरे श्लोक को एक बार देख लेना चाहिए- अयं निजः परे वेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम्॥ अर्थात् जो मोर-तोर की भिन्नता वाले लघु चित्त से ऊपर उठ जाए और उदार चरित्र का हो उसके लिए यह पृथ्वी घर-परिवार की तरह है।

भारत की सांस्कृतिक परंपरा का संबंध कूपमंडूकता से नहीं उदारवाद से है। यदि कुछ भी संस्कृति है, तो उसमें उदारता एक प्रमुख तत्व है। कूपमंडूकता विकृति है, जबकि उदारता संस्कृति है। प्रसाद ने 'लहर' में लिखा है : तुम हो कौन और मैं क्या हूं/इसमें क्या है धरा सुनो/ मानस जलधि रहे चिर चुंबित/ मेरे क्षितिज उदार बनो। साहित्य केवल पढ़ने-पढ़ाने के लिए ही नहीं है, अपने जीवन में जगह देने के लिए भी है। **-फेसबुक वॉल से**

# पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण की जरूरत

वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, अगर उस पर समय रहते काबू नहीं पाया गया तो अगली सदी में तापमान 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। आज जब 48 डिग्री सेल्सियस की गर्मी मनुष्य के लिए असहनीय है, तो 60 डिग्री सेल्सियस गर्मी को कैसे बर्दाश्त कर सकता है। तापमान बढ़ने से सूर्य की किरणें कैंसर जैसे भयंकर रोगों में वृद्धि करेंगी। कहीं सूखा पड़ेगा, कहीं गरम हवाएं चलेंगी तो कहीं भीषण तूफान व बाढ़ का सामना करना पड़ेगा। यदि पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो जाए, तो आर्कटिक एवं अंटाकर्टिका के विशाल हिमखंड पिघल जाएंगे, जिससे समुद्र के जल स्तर में 10 इंच से 5 फुट तक वृद्धि हो सकती है। इसका परिणाम यह होगा कि समुद्रतटीय नगर समुद्र में डूब जाएंगे। भारत के मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पणजी, विशाखापट्टनम, कोचीन और त्रिवेंद्रम नगर समुद्र में होंगे। इसी तरह न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स, पेरिस और लंदन आदि बड़े नगर भी जलमग्न हो जाएंगे।

प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व भर में पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। पर विडंबना यह है कि इस दिवस पर हम एक ओर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं।

चिंता जाहिर करते हैं, संगोष्ठियां करते हैं, नए कानून गढ़ते हैं, वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध विकास के नाम पर प्रति वर्ष 7 करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश करते हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों सालों में मनुष्य जाति ने विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों का विनाश किया है। उसके इस कृत्य से प्रकृति की तकरीबन एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हुई हैं। जंगली जीवों की संख्या में 50 फीसद की कमी आई है। उदाहरण के लिए भारत में पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। इससे मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण कार्य काफी हद तक प्रभावित हुआ है। गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। वनों के विनाश से वातारण भी जहरीला होता जा रहा है। यानी प्रतिवर्ष दो अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाईआक्साइड वायुमंडल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को नुकसान पहुंच रहा है।

विडंबना यह है कि ओजोन परत की सुरक्षा से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के मांट्रियल प्रोटाकाल में इन तत्वों पर नियंत्रण की कोई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यदि इनमें लगातार इजाफा हो रहा है, तो ओजोन परत के लिए नुकसानदायक स्वाभाविक है। पर्यावरण के साथ खिलवाड़ का सबसे घातक असर ध्रुवीय क्षेत्रों पर पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय अनुपात को देखते हुए उत्तरी ध्रुव क्षेत्र दोहरी तेजी से गरम हो रहा है। उत्तरी ध्रुव समुद्र में फैली स्थायी बर्फ की मोटी परत कम हो रही है। सदियों से बर्फ के मजबूत चादर में ढके क्षेत्र पिघल रहे हैं। वर्ष 2007 की इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई वर्ष 2005 में आधे मीटर से ज्यादा कम हो गई। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके लिए मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन जिम्मेदार है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। इसके अलावा हिमालय के 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते ग्लेशियर का एक अन्य उदाहरण है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो सकता है। कई जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो जाएंगी। जातियों के वितरण में इन परिवर्तनों का जाति विविधता तथा पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं इत्यादि पर असर पड़ेगा। विकास के लिए बिजली आवश्यक है, लेकिन जिस तरह बिजली के उत्पादन के लिए नदियों के सतत प्रवाह को रोककर बांध बनाया जा रहा है, उससे खतरनाक पारिस्थितिकीय संकट उत्पन हो गया है।

जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं। नतीजतन मनुष्य को मौसमी परिवर्तनों से जुझना होगा। गौर करें तो आज भी मनुष्य अपने दुराग्रहों के साथ ही खड़ा है। प्रकृति से उसका खिलवाड़ का तरीका पहले से भी जघन्य हो गया है। नतीजा सामने है। प्रकृति भी प्रतिक्रियावादी बनती जा रही है। विडंबना है कि मानव जाति समझने को तैयार नहीं, किंतु उसे समझना ही होगा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर वह स्वयं को सुरक्षित नहीं रख सकता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना में 15 आवेदनों में से 13 को मिली स्वीकृति

## पर्यटन स्वरोजगार और होम स्टे को लेकर जिला कार्यालय सभागार में हुआ साक्षात्कार

- डीएम ने रोजगारपरक योजनाओं का प्रचार करने के दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर


साक्षात्कार के दौरान मौजूद डीएम और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार की ओर से वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास योजना होम स्टे संचालित की गयी है। इसको लेकर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना व दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास होमस्टे योजना के आवेदकों के साक्षात्कार संपन्न हुए।

बुधवार को जिला कार्यालय सभागार में साक्षात्कार के बाद जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट ने बताया कि जिला स्तरीय स्क्रीनिंग व चयन समिति के समक्ष वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में 15 आवेदन व दीनदयाल उपाध्याय होमस्टे योजना में एक आवेदन प्रस्तुत किये। जिसमें से वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना वाहन मद में 10 व गैर वाहन मद में दो, होमस्टे के लिए एक आवेदन पर समिति द्वारा स्वीकृत दी गयी। इस दौरान समिति ने आवेदकों से वीर चंद्र सिंह गढ़वाली स्वरोजगार योजना व दीन दयाल होम स्टे योजना के साक्षात्कार के दौरान वाहन, व्यावसायिक व कार्यक्षेत्र और अनुभव आदि के बारे में संपूर्ण जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को समिति द्वारा स्वीकृत आवेदन पत्र संबंधित बैंकों को शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आवेदकों को बैंकर्स द्वारा समयबद्धता से ऋण मुहैया कराने और बैंक द्वारा जिन आवेदनों को अस्वीकृत किया जाता है उस पर अस्वीकृत का कारण स्पष्ट लिखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को रोजगारपरक योजनाओं का और भी अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। ताकि अधिक से अधिक युवा योजना का लाभ ले सकें। साक्षात्कार समिति में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, ओसी गौरव पांडेय, जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, एआरटीओ मोहित कोठारी, लीड बैंक अधिकारी शिखा नौटियाल, डीडीएम नाबार्ड राजीव प्रियदर्शी, प्रबंधक उद्योग किरन गोस्वामी आदि मौजूद रहे।


अभियान के दौरान फुटपाथ से सामान हटवातीं एसडीएम डॉ .अमृता शर्मा।

# अतिक्रमण करने पर 50 व्यापारियों के चालान

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** नगरीय क्षेत्र में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से पालिका प्रशासन द्वारा एसडीएम डॉ.अमृता शर्मा की अगुवाई में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया और लोगों को फुटपाथ खाली करने के निर्देश दिए गए। वहीं 50 से अधिक व्यापारियों के चालान भी किए गए।

तहसील दिवस में व्यापारियों द्वारा नाले से नाले तक का अतिक्रमण हटाए जाने की मांग पर मंगलवार की शाम पालिका प्रशासन द्वारा चेतावनी देते हुए मुनादी करवाई गई थी। वहीं बुधवार को एसडीएम डॉ.अमृता शर्मा के नेतृत्व में राजस्व, नगरपालिका एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने रेलवे क्रासिंग से अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की, जोकि ब्लॉक कार्यालय के सामने तक चलाया गया। इस दौरान अनेक व्यापारियों का सामान नाले के पीछे फुटपाथ पर होने के बावजूद भी चालान किए गए, जबकि व्यापारियों का कहना था कि मुनादी के अनुरूप उन्होंने अपना सामान नाले के पीछे रखा था, जबकि एसडीएम द्वारा नाले के पीछे फुटपाथ होने की बात कहते हुए उसे खाली करने के निर्देश दिए। ईओ मनोज कुमार दास ने बताया कि कुल 50 व्यापारियों के चालान कर 11 हजार 100 रुपये का अर्थदंड वसूल किया गया है।

## सार-संक्षेप


शरबत वितरित करतीं अग्रवाल समिति की महिलाएं।

### अग्रवाल महिला समिति ने वितरित किया शरबत

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए अग्रवाल महिला समिति के पदाधिकारियों ने छबील लगाकर शरबत वितरित किया। बुधवार को महिला समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल के साथ कई महिलाएं अग्रवाल धर्मशाला के सामने काशीपुर मार्ग पर एकत्रित हुईं और शरबत वितरित किया। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छबील लगाई है। इस मौके पर महामंत्री प्रिया गर्ग, कोषाध्यक्ष उषा श्याम पुरिया, अरुणा बंसल, सुमन मित्तल, महेंद्र मित्तल, विजय अग्रवाल नरेंद्र बंसल, विजय श्यामपुरिया, रणवीर गुप्ता, रुचि अग्रवाल, अंजू बंसल, राधा अग्रवाल, कुसुम जैन, पूनम बिंदल, नीतू गोयल, बबीता मित्तल, सविता अग्रवाल, कांता अग्रवाल, सपना मित्तल, ज्योति अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।


समर कैंप में थारू भाषा में तैयार पत्रिकाओं के साथ बच्चे और शिक्षक।

### समर कैंप में बच्चों ने थारू भाषा में तैयार कीं पत्रिकाएं

**खटीमा, अमृत विचार :** पीएमश्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज में चल रहे 10 दिवसीय समर कैंप के नवें दिन कैंप में भाग ले रहे सभी विद्यार्थियों ने थारू भाषा पर हस्तलिखित पत्रिकाएं तैयार कीं। जिसका आज विमोचन किया गया। बच्चों ने इस पत्रिका में अपने बारे में, अपने विद्यालय के बारे में थारू जनजाति की भाषा में कविता कहानी कहावतें तथा उनके पारंपरिक ज्ञान और पेंटिंग को समाहित किया। प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने कहा कि यह बच्चों का अद्वितीय प्रयास है निश्चित रूप से यह बच्चे अपने जीवन में बहुत अच्छा करेंगे अन्य बच्चों को भी कैंप में भाग ले रहे बच्चों से प्रेरणा लेनी चाहिए लाई। इस अवसर पर संदर्भ दाता मंजू राणा, जागेश तिवारी, डॉ बीडी पंत, नोडल अधिकारी नरेंद्र सिंह रौतेला, लिली सिंह, ज्ञान प्रकाश, ममता चौहान, भैरव दत्त भट्ट, नरेश चंद पांडे, शेखर कोठारी, हरीश सिंह, नवीन जोशी आदि उपस्थित रहे।


इंस्पेक्टर जसबीर चौहान का स्वागत करते भैरव सेना के कार्यकर्ता।

### इंस्पेक्टर चौहान को गीता भेंट कर किया सम्मानित

**गदरपुर :** भैरव सेना के कार्यकर्ताओं ने जसबीर चौहान का इंस्पेक्टर के पद पर प्रमोशन होने पर थाने में पहुंचकर गीता भेंट व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भैरव सेना के केंद्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने कहा कि जसबीर चौहान का इंस्पेक्टर पद पर प्रोन्नत होना सभी क्षेत्रवासियों के लिये गर्व की बात है। प्रदेश मंत्री हरचरन चन्ना ने इंस्पेक्टर चौहान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं इंस्पेक्टर चौहान ने सम्मानित करने पर भैरव सेना के कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इस अवसर पर हरचरन सिंह, अमित ढींगरा, प्रमोद चंद्र, सोनू प्रजापति, कुंवर सिंह, तेज रतन कश्यप, गोपाल सिंह, राजकुमार नैयर, मुकेश फौगाट, नितिन सैनी, सोनू भारद्वाज, अजय रावत, विपिन कश्यप आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में भौतिक विज्ञान में कैरियर बनाने की जानकारी देते विषय विशेषज्ञ।

### भौतिक विज्ञान में कैरियर के लिए काउंसलिंग की

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा भौतिक विज्ञान करियर के लिए उन्नत क्षेत्र" नामक विषय पर कैरियर काउंसलिंग की गई। विषय विशेषज्ञ डॉ. गिरीश चंद्रा एसोसिएट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल थे। उन्होंने एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर (भौतिक विज्ञान) के विद्यार्थियों को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में कैरियर चुनने के लिये मार्गदर्शन किया। डॉ. चन्द्रा ने करियर चुनने के लिए भौतिक विज्ञान को उन्नत क्षेत्र बताया। उन्होंने कहा कि भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में उच्च शिक्षा व शोध को लेकर भविष्य बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर के आदित्य, फराह खान, आशीष, रोहित सिंह, विवेक, शमी, कल्पना, सुप्रिया दास आदि विद्यार्थी समेत भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. महीपाल सिंह, डॉ. महेन्द्र जोशी, डॉ. अर्चना भट्ट, डॉ. रेणुका चौहान आदि मौजूद रहे।

# दो साल से खुली बैठक नहीं होने की जांच शुरू


चारुबेटा में शिकायत की जांच को पहुंची टीम के साथ पूर्व प्रधान रेखा सोनकर।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** ग्रामसभा चारुबेटा की पूर्व ग्राम प्रधान रेखा सोनकर द्वारा जिलाधिकारी नितिन भदौरिया के समक्ष ग्रामसभा की खुली बैठक न होने की शिकायत के बाद कार्रवाई शुरू हो गई है। डीएम भदौरिया के निर्देश पर दो साल से ग्रामसभा की खुली बैठक न होने के मामले में अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, एडीओ पंचायत केपी सैनी और रमनदीप कौर ने लंबित पेंशन की फाइलों सहित अन्य मामलों की जानकारी हासिल कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी।

## पिकअप व कार की भिड़ंत में दो घायल, विवाद

**बाजपुर :** नैनीताल स्टेट हाईवे पर डॉ. पांडेय अस्पताल मोड़ के सामने पिकअप व कार की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि टक्कर के बाद पिकअप वाहन सड़क किनारे पलट गया। हादसे में दो लोगों के चोटें आई हैं। वहीं घटना के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराते हुए चालकों के बीच विवाद हो गया। घटना मंगलवार मध्य रात्रि की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार मुख्यमार्ग पर डॉ. हरिओम पांडेय हॉस्पिटल को जाने वाले मोड़ के निकट पिकअप व कार के बीच भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि पिकअप सड़क किनारे पलट गया। हादसे में दो लोगों के चोटें आने की बात भी कही गई है।

# शिक्षकों को बाढ़ ड्यूटी से मुक्त रखें

संवाददाता, खटीमा


खटीमा में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के शिक्षक।

**अमृत विचार :** उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर बाढ़ नियंत्रण ड्यूटी से प्राथमिक शिक्षकों को मुक्त रखने की मांग की है।

तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि पूर्व वर्षों की भांति प्राथमिक शिक्षकों को बाढ़ नियन्त्रण ड्यूटी में लगाए जाने से शिक्षकों में रोष है। कहा है कि ऐसी स्थिति में न केवल शिक्षकों के शैक्षणिक कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रही है बल्कि निः शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अन्तर्गत छात्रों को उनके शिक्षा के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में नियुक्त करने से स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था बाधित होती है। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यह भी कहा है कि आरटीई अधिनियम के अनुच्छेदों का स्पष्ट उल्लंघन है। जो बच्चों को सतत और अवरोध रहित शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है। शिक्षकों ने पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी को भी ज्ञापन सौंपकर प्राथमिक शिक्षकों को आगामी बाढ़ नियंत्रण ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग की हैं। ज्ञापन देने वालों में एसोसिएशन अध्यक्ष कमान सिंह सामंत, कोषाध्यक्ष जितेंद्र यादव, मंत्री छविराज सिंह कफलिया, मुकेश सिंह राणा, रंजना ठकुराठी, नितिन चौहान, अजय कुमार, पूरन सिंह बिष्ट, रमेश सिंह रावत, भुवन चंद्र उप्रेती, सुरेन्द्र कुमार सिंह, राकेश सिंह राणा, रजनी गंगवार, भोपाल सिंह रावत, प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, रेनू टम्टा, अफजल हुसैन, नवीन सिंह राणा, संजय सिंह आदि शामिल थे।

# दिल्ली ने जसपुर को हराकर जीता क्रिकेट का पहला मैच

संवाददाता, जसपुर


जसपुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में खेलते खिलाड़ी।

**अमृत विचार :** सुनील कंबोज फ्रेंडशिप क्रिकेट कप प्रतियोगिता के पहले मैच में स्टेट हाई क्रिकेट अकादमी ने कंबोज क्रिकेट एकेडमी जसपुर को शिकस्त दी। टी-20 प्रतियोगिता के पहले दिन छह टीमों ने प्रतिभाग किया।

ब्राइट स्टार्ट इंटरनेशनल एकेडमी में बुधवार को कंबोज क्रिकेट अकादमी के सहयोग से तीन दिनी अंतरराज्यीय कंबोज फ्रेंडशिप क्रिकेट कप प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के कोच अतुल बेदी ने बताया कि बुधवार को पहले मैच में कंबोज एकेडमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की। उन्होंने 6 विकेट पर 20 ओवरों में 140 बनाए। युवराज का सर्वाधिक 36 स्कोर रहा।

जवाब में दिल्ली की टीम ने 4 विकेट खोकर 20 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। मीड़ावाथ ने 59 रन की विजयी पारी खेली। इसी तरह दूसरे मैच में डीपीएस दिल्ली की टीम ने टॉस जीतकर 4 विकेट पर 216 रन बनाए। मंथन ने 65 एवं सूर्यवंश ने 58 रनों का योगदान दिया। जवाब में इंद्रप्रस्थ दिल्ली की टीम 20 ओवरों में 137 रन पर ढेर हो गई।

अंतिम मैच में स्टेट हाई दिल्ली की टीम ने टॉस जीतकर 7 विकेट पर 137 रन बनाए। दीपक ने सर्वाधिक 85 रन का योगदान दिया। जवाब में सनराइज अकादमी दिल्ली की टीम 19.2 ओवर में 91 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस मौके पर एकेडमी के प्रबंधक सुमित कंबोज, अमित कंबोज एवं प्रधानाचार्या मधु शर्मा आदि मौजूद रहे।

## आपसी बात को लेकर पड़ोसियों में विवाद

**बाजपुर :** आपसी बात को लेकर पड़ोसियों में विवाद हो गया जिनमें बात बढ़ी तो मारपीट होने लगी। मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे एक पक्ष ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वार्ड-4 गांधीनगर निवासी सोनम पत्नी पिंटू ने पुलिस को बताया कि 31 मई को पड़ोस में रहने वाले एक परिवार के लोग उसके देवर के साथ मारपीट कर रहे थे। आरोप है कि जब उसने बीच-बचाव करना चाहा तो आरोपित हमलावर हो गए और बेरहमी से मारपीट की गई। उस समय तो अन्य मोहल्लेवालों ने बीच-बचाव करवा दिया। इतना ही नहीं एक जून को आरोपी पक्ष के लोग उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए फिर से मारपीट की गई। वहीं खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

# हासिम व कनिका सैनी ने कॉलेज टॉप किया


कनिका सैनी, अमित सिंह, अनिकेत सागर व मोहम्मद हासिम।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा भारत कॉलेज ऑफ फार्मेसी का डीफार्मा प्रथम और डी फार्मा द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें प्रथम वर्ष में मोहम्मद हासिम एवं द्वितीय वर्ष में कनिका सैनी ने कॉलेज टॉप किया है।

भारत कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक दीपक शर्मा, उदयवीर चौधरी ने समारोह में बताया कि कॉलेज का परीक्षाफल 96 प्रतिशत रहा है। जिसमें प्रथम वर्ष में 25 विद्यार्थी और दूसरे वर्ष में 28 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। कॉलेज में डी फार्मा प्रथम वर्ष के मो. हासिम ने 80 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया है, जबकि 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अमान सैफी ने दूसरा और 78 प्रतिशत अंक हासिल कर नईमा खालिद ने तीसरी स्थान प्राप्त किया है।

**उत्साह** — उत्तराखंड में चार धाम यात्रा शुरू होते ही श्रद्धालुओं में खासा उत्साह

# दंडवत प्रणाम करते हुए केदारनाथ जा रहे जयदेव

संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी


केदारनाथ के लिए दंडवत प्रणाम करते हुए जाते जयदेव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में चार धाम यात्रा शुरू होते ही श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कहीं लोग पैदल चलकर बाबा केदारनाथ के दर्शन को जा रहे हैं, तो कोई नंगे पांव। लेकिन दिनेशपुर के सुंदरनगर निवासी जयदेव साना ने भक्ति की एक अलग ही मिसाल पेश की है। जयदेव साना दंडवत प्रणाम करते हुए केदारनाथ के लिए रवाना हुए हैं जो कि एक कठिन और तपस्वी यात्रा मानी जाती है।

जयदेव ने अपनी यह कठिन यात्रा 31 मई 2025 को शुरू की। खास बात यह है कि इस यात्रा में उनके साथ उनकी मां आशा रानी भी पैदल चल रही हैं। मां-बेटे की यह जोड़ी रास्ते में मिलने वाले हर श्रद्धालु के लिए आस्था और समर्पण की प्रेरणा बन गई है। जयदेव साना पहले एक प्लाईवुड की दुकान में काम करते थे। उन्होंने बाबा केदारनाथ की यात्रा के लिए छुट्टी मांगी थी, लेकिन जब उन्हें छुट्टी नहीं मिली तो उन्होंने नौकरी छोड़ दी। जयदेव कहते हैं बाबा ने बुलाया है तो सब कुछ छोड़कर चल पड़ा हूं। ये जीवन उन्हीं की देन है। जयदेव ने बताया कि यात्रा के दौरान वे मंदिरों, गुरुद्वारों और धर्मशालाओं में रुकते हैं और वहीं भोजन आदि की व्यवस्था हो जाती है। उन्होंने अब तक किसी से कोई खास सहायता नहीं मांगी है और पूरी श्रद्धा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मंगलवार को जब जयदेव सुल्तानपुर पट्टी पहुंचे तो नगर पंचायत के चेयरमैन राजीव कुमार सैनी व उनके समर्थकों ने उनका स्वागत किया। चेयरमैन सैनी ने कहा कि जयदेव साना जैसे भक्त समाज के लिए प्रेरणा हैं। उनकी तपस्या और आस्था ने यह सिद्ध कर दिया है कि सच्चे मन से किया गया हर प्रयास ईश्वर तक ज़रूर पहुंचता है। उनकी यह यात्रा न सिर्फ भक्ति की मिसाल है, बल्कि आज के युवाओं को यह सिखाने वाली है कि श्रद्धा और संकल्प से बड़ा कोई साधन नहीं होता।

## अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बाजपुर :** केलाखेड़ा थाने की पुलिस ने 12 दिन पहले सड़क हादसे में घायल हुए बाइक सवार दो युवकों के मामले में अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम गूलड़ पीपलसाना स्वार रामपुर (उप्र) निवासी चंद्रपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा सतीश बाबू एवं कुलदीप सिंह 24 मई की सायं करीब 6 बजे बाइक पर केलाखेड़ा से आ रहे थे। आरोप है कि इसी बीच ग्राम रम्पुराकाजी केलाखेड़ा के पास ट्रक संख्या (यूके18/सीए6551) के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से बाइक में टक्कर मार दी और ट्रक का अगला पहिया सतीश के पैर पर चढ़ गया तथा बाइक को भी कुचल कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

# जेईई एडवांस्ड में भारतीयम के बच्चों ने लहराया परचम


आद्या श्रीवास्तव। देवांश गोयल। आर्यवीर सिंह रावत।

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2025 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन कर दिया।

परीक्षा में विद्यालय की आद्या श्रीवास्तव ने पीडब्ल्यूडी श्रेणी में सीआरएल 124 रैंक तथा देवांश गोयल ने एआईआर 2750 रैंक हासिल कर देश भर के होनहारों में अपनी पहचान बनाई है। विद्यालय के होनहार छात्र आर्यवीर सिंह रावत ने एआईआर 7382 रैंक तथा अभिनव ने एआईआर 17645 रैंक एवं संस्कृति भट्ट ने एआईआर 28448 रैंक हासिल कर अपनी कड़ी मेहनत का प्रमाण दिया है। भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक भरत गोयल एवं गुरजीत सिंह कामरा, प्राचार्य रश्मि आनंद एवं उप प्राचार्य भूपेंद्र सिंह ने मेघावी छात्रों को बधाई दी है।

## भाई और बहुओं के साथ मारपीट का आरोप

**खटीमा :** नौसर के एक ग्रामीण ने गांव के कुछ लोगों पर भाई व बहुओं को मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को नामजद तहरीर सौंपकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। ग्राम नौसर निवासी शिव बहादुर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बुधवार की सुबह उसका भाई जयचन्द, उसकी पत्नी उर्मिला देवी, भाई मन बहादुर और उसकी पत्नी सुचिता देवी अपने खेत देखने गए थे। वहां पर घात लगाकर बैठे गांव के कुछ लोगों ने लाठी डंडे, फावडे, बाका, रॉड व धारदार हथियार लेकर उसके भाई व बहुओं को एक राय होकर घेर लिया और मारना पीटना शुरू कर दिया। उसके परिवार वालों को बड़ी मुश्किल से बचाया गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया।

# बकरीद पर पर्दे में कुर्बानी करने की अपील

## ईद को देखते हुए सीओ ने ली अमन कमेटी की बैठक, शांति बनाए रखने और विवादास्पद पोस्ट न डालने को कहा



खटीमा में अमन कमेटी की बैठक लेते सीओ विमल रावत। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** सात जून को ईद के त्यौहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी विमल रावत ने अमन कमेटी की मीटिंग ली।

बैठक में सीओ रावत ने ईद के अवसर पर कुर्बानी पर्दे में करने, साफ सफाई रखने, सोशल मीडिया में कुर्बानी या अन्य विवादास्पद पोस्ट न डालने की अपील की गई। उन्होंने संबंधित विभागों से भी साफ सफाई, पानी की उपलब्धता आदि पर विशेष ध्यान रखने को कहा। सीओ रावत ने चेताया कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी, एसएसआई विनोद जोशी, तहसीलदार बीरेंद्र सजवान, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दीपक शुक्ला, जल संस्थान के अवर अभियंता गजेन्द्र सिंह, जफर खान, आनंद गोस्वामी, जीशान अहमद, गुरप्रीत सिंह, रमेश चंद्र, राजेंद्र बिष्ट, विश्वनाथ यादव, अभय शर्मा, रामदास गंगवार, अनवर मलिक, इरफान उल हक कादरी, रविंद्र सिंह, मोहम्मद शरीफ, वसीम आदि मौजूद रहे।

### ईद पर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने पर दिया जोर

**सितारगंज :** ईद के त्यौहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से कोतवाली सितारगंज में क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी की अध्यक्षता में सर्व समाज की अमन कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित नगर पालिका, विद्युत विभाग और जल संस्थान के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में त्यौहार के दौरान नगर क्षेत्र में बिजली, पानी, साफ-सफाई, लाइटिंग और यातायात व्यवस्था जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर गंभीर चर्चा हुई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि त्योहार के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया। क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और किसी भी प्रकार की अफवाह या अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। कोतवाल नरेश चौहान और एसएसआई विक्रम धामी ने भी सुरक्षा व्यवस्थाओं की रूपरेखा साझा करते हुए जनता से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल, विजय सलूजा, सतीश उपाध्याय, सलीम रिज़वी, मुख्तयार अंसारी, शैय्यद मुन्ने मियां, रेहान अंसारी, सलीम मालिक, चंदन श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, मो. शकील सहित क्षेत्र के अनेक समाजसेवी और जिम्मेदार नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का संकल्प लिया।

# कलेक्शन प्वाइंट पर ही डालें कुर्बानी का अवशेष

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने को नगर पालिका ने पूरी तैयारी कर ली है। कुर्बानी का अवशेष फेंकने को दो जगह खड्डु बनाए गए हैं। कई वाहनों को इस काम के लिए लगाया गया है। साथ ही लोगों से कलेक्शन प्वाइंट पर ही अवशेष फेंकने की अपील की गई है। पालिकाध्यक्ष ने बुधवार को स्वयं खड़े होकर खेड़ा स्थित कुर्बानगाह में सफाई कराई।

नगर पालिका के चेयरमैन नोशाद सम्राट एवं ईओ शाहिद अली ने बताया कि पालिका ने अवशेष फेंकने को शहर में आठ अलग-अलग स्थानों पर कलेक्शन प्वाइंट बनाए हैं। यहां पर पड़ने वाले अवशेष उठाने को पालिका के 10 वाहन लगाए गए हैं। इसमें दो ट्रैक्टर-ट्रॉली भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इमरान चौक, चांद मस्जिद, मोहल्ला चौहान एवं डेरियां आदि स्थानों पर लगाए वाहनों में ही कुर्बानी के अवशेष फेंकने की अपील की। ताकि इन्हीं वाहनों में अवशेष ढककर खेड़ा एवं ट्रचिंग ग्राउंड में बने खड्डु में ले जाया जा सके। सारा अवशेष वहां खड्डु में डालकर मिट्टी से पाट दिया जाएगा। यह काम सुबह से शाम तक चलेगा। वाहन लगातार चलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों को इन वाहनों के अंदर ही कुर्बानी के अवशेष फेंकने होंगे। ऐसा न करने वालों के खिलाफ पालिका प्रशासन जुर्माने एवं कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया को अपनाएगा। कार्य में लापरवाही बरतने पर सफाई कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।



जसपुर के खेड़ा कुर्बानगाह में सफाई कराते पालिकाध्यक्ष नौशाद सम्राट।

> सात मई को ईद-उल-अजहा की नमाज के बाद कुर्बानी कर सिलसिला शुरू हो जाएगा। जो तीन दिन यानी 9 मई तक यह सिलसिला चलेगा। अदब और एहतराम के साथ कुर्बानी की रस्म अदा करें। खुले में किसी ऐसी जगह कुर्बानी न की जाए जिससे दूसरे समुदाय के लोगों को परेशानी हो। कुर्बानी के अवशेष भी इधर-उधर न फेंके जाएं। -**शमीम अख्तर सअदी**, मुफती-ए-शहर, जसपुर

## सार-संक्षेप



खटीमा में अतिथि के साथ 13वीं बटालियन ब्रिगेड ऑफ दी गॉर्ड के पूर्व सैनिक।

### पूर्व सैनिकों की जीवनशैली जानने पहुंचे लेफ्टिनेंट अंकुश

**खटीमा :** 13वीं बटालियन ब्रिगेड ऑफ दी गॉर्ड के पूर्व सैनिकों की जीवन शैली व समाज में उनकी भूमिका समेत उनके रहन-सहन की जानकारी लेने बटालियन के सेवारत लेफ्टिनेंट अंकुश कुमार यहां पहुंचे। लेफ्टिनेंट अंकुश कुमार के आगमन पर 13वीं बटालियन ब्रिगेड ऑफ दी गॉर्ड के सेवानिवृत्त सैनिकों व अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। लेफ्टिनेंट कुमार ने बताया कि यह यात्रा केवल खटीमा तक सीमित नहीं रहेगी वह कुमाऊं, गढ़वाल, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर के बाद पूर्व राज्यों तक जाकर बटालियन के पूर्व सैनिकों से भेंट करेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रयास न केवल सैन्य संबंधों को दृढ़ता प्रदान करता है बल्कि देश के विभिन्न सांस्कृतिक एकता और सैन्य जीवन के गहरे मूल्यों को उजागर करता है। इस दौरान सेवानिवृत्त कैप्टन विक्रम सिंह बसेड़ा, कैप्टन दिवानी चंद, राजेन्द्र सिंह, पुष्कर सिंह, हीरा सिंह, सूबेदार क्लर्क मोहन सिंह भंडारी आदि मौजूद थे। की जानकारी लेने बटालियन के सेवारत लेफ्टिनेंट अंकुश कुमार यहां पहुंचे और सेवानिवृत्त सैनिकों से भेंट की। इस दौरान सेवानिवृत्त विक्रम सिंह बसेड़ा, दिवानी चंद, राजेन्द्र सिंह, पुष्कर सिंह, हीरा सिंह, मोहन सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।

### मंगलवार को मांस की दुकानें बंद रखने की मांग तेज

**सितारगंज :** नगरवासियों ने मांग की है कि मंगलवार को जब समस्त बाजार बंद रहता है, उस दिन मांस विक्रेताओं की दुकानें भी बंद रखी जाएं। नागरिकों का कहना है कि जब सभी व्यापारी अपनी दुकानें मंगलवार को बंद रखते हैं, तो मांस विक्रेता भी इस नियम का पालन करें। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी प्रतिभा कोहली ने बताया कि मांस विक्रेताओं की जांच की जाएगी, जिसमें विशेष ध्यान उनके पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) पर दिया जाएगा। साथ ही, खुले में मांस बेचने पर प्रतिबंध लगाने की भी बात कही गई है। नगर पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने कहा कि पहले भी मंगलवार को मांस की दुकानें बंद रहती थीं और अब भी पूरे बाजार की तरह इन्हें भी बंद कराया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर पालिका इस विषय में उचित कार्रवाई करेगी।

### निकाह का झांसा देकर 3 वर्षों तक लिव इन रिलेशनशिप में रहा युवक

**किच्छा :** तलाकशुदा महिला ने 3 वर्षों तक लिव इन रिलेशनशिप में पति-पत्नी की तरह साथ रहने वाले युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक एवं मानसिक शोषण करने तथा पीड़िता का जेवर एवं नगदी हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि निकाह का दबाव बनाने पर आरोपी युवक घर में रखे पीड़िता के सोने चांदी के जेवर तथा नगदी लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को लिखित शिकायत देते हुए आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा गहने नगदी वापस दिलाने की गुहार लगाई है। शिकायती पत्र में सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी महिला ने बताया कि वह किराए के मकान में रहती है और उसका अपने पति से तलाक हो चुका है। बताया कि विगत 3 वर्षों से ग्राम आमडंडा, थाना एवं तहसील बहेड़ी, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी फाजिल उसके साथ पति पत्नी की तरह लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा है तथा इसकी जानकारी फाजिल के परिवार के सभी सदस्यों को भी है। आरोप लगाया कि फाजिल द्वारा सभी को पीड़िता तथा खुद को पति-पत्नी के रूप में बताते हुए कई जगह साथ ले गया और सभी को पति-पत्नी होने की जानकारी दी, जिसके चलते पीड़िता की बदनामी हो रही है। आरोप है कि शादी की बात कहने पर फाजिल टालमटोल कर देता था जबकि 3 वर्षों से पीड़िता द्वारा फाजिल का सारा खर्चा उठाया गया। कहा कि शादी का दबाव बनाने पर एक सप्ताह पूर्व आरोपी फाजिल घर आया और घर में रखे जेवर और नगदी लेकर फरार हो गया। जब पीड़िता उसके घर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि फाजिल पहले से शादीशुदा है।



किच्छा में विकास कार्य का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

# विकास कार्यों का लोकार्पण किया

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत तमाम क्षेत्रों में करीब 23 लाख रुपये की लागत से किए गए विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

इस दौरान तमाम क्षेत्रों में क्षेत्रवासियों ने विधायक बेहड़ का फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। किच्छा विधायक बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत ग्राम पटेरी में 8 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, वार्ड नंबर 7 गैस एजेंसी रोड स्थित विवेकानंद स्कूल में 5 लाख रुपए की लागत से हॉल का निर्माण, वार्ड नंबर 7 स्थित कब्रिस्तान में 5 लाख रुपए की लागत से बाउंड्री वॉल का निर्माण तथा वार्ड नंबर 4 चीनी मिल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में 5 लाख रुपए की लागत से चार दीवारी निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक बेहड़ ने कहा कि उनके द्वारा समय-समय पर विधानसभा के तमाम ग्रामीण क्षेत्रों एवं वार्डों का भ्रमण कर क्षेत्र वासियों की समस्याओं का संज्ञान लिया जाता है तथा जन अपेक्षाओं के तहत विकास कार्यों को पूरा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय क्षेत्र वासियों की समस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से उनके द्वारा आज चार विकास कार्यों के लोकार्पण किए गए हैं तथा अन्य लोगों द्वारा भी अन्य समस्याओं से अवगत कराया गया है जिनका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा। इस दौरान सभी कार्यक्रम में स्थानीय लोगों द्वारा फूल मालाएं पहनाकर विधायक बेहड़ का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हरीश चंद पंत, किन्नू शुक्ला, मेजर सिंह, राजेश प्रताप सिंह, सुनीता कश्यप, ओमप्रकाश दुआ, छोटेलाल कोहली, शोभित शर्मा, विनोद पंत, नितिन शर्मा, नंदलाल गौतम, रामबाबू, लियाकत अंसारी, मुर्तजा अंसारी, देवेंद्र सिंह, सादिक अहमद, जीवन जोशी, अख्तर रजा, राजेंद्र राठौड़, विवेक पांडे आदि मौजूद रहे।

# 5 दिन पूर्व हुई मोबाइल लूट की घटना में आया नया मोड़

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में 5 दिन पूर्व आधा दर्जन बाइक सवार आरोपियों द्वारा शहदौरा जंगल में दो युवकों से मारपीट कर घायल करने एवं मोबाइल लूटने के मामले में नया मोड़ आ गया है। पीड़ित ने कंपनी में काम करने वाले आधा दर्जन कर्मचारियों पर लूट की वारदात को अंजाम देने तथा जानलेवा हमला करने का शक जाहिर कर पुलिस से घटना की जांच की गुहार लगाई है।

पुलभट्टा थाना पुलिस को दी शिकायत में ग्राम पाती मिधान, थाना हनुमना, जिला रीवा, मध्य प्रदेश निवासी राजीव कुमार पाल ने बताया कि वह अपने साथी अखलेश उपाध्याय तथा रामेश्वर मिश्रा के साथ रुद्रपुर की रेनटोकिल पी.मी.आई कंपनी में पेस्ट कंट्रोल के तहत फील्ड में काम करते हैं। बताया कि 30 मई को पीड़ित अपने दोनों साथियों के साथ दो बाइक से सितारगंज रैकेट कंपनी जा रहा था। एक बाइक पर अखलेश उपाध्याय एवं रामेश्वर मिश्रा तथा दूसरी बाइक पर पीड़ित अकेले जा रहा था। पीड़ित के अनुसार दोनों साथियों की बाइक आगे चल रही थी जबकि पीड़ित दूसरी बाइक पर करीब 5 किलोमीटर के अंतर से पीछे चल रहा था। बताया कि पुलभट्टा थाना अंतर्गत शक्तिफार्म रोड पर सुबह करीब 8 बजे जब वह शहदौरा जंगल पहुंचा तो सड़क पर अखलेश उपाध्याय एवं रामेश्वर मिश्रा पर घायल अवस्था में पड़े हुए थे और दर्द से कराह रहे थे। पूछने पर अखलेश तथा रामेश्वर ने बताया कि कुछ देर पहले दो बाइकों पर सवार लाठी डंडों से लैस करीब आधा दर्जन अज्ञात आरोपियों द्वारा उन्हें रोक कर जानलेवा हमला किया गया।

पीड़ित ने बताया कि घटना में अखलेश का एक हाथ व एक पैर तथा रामेश्वर के एक हाथ फैक्चर हो गया और शरीर पर गंभीर चोट लग गई। आरोप है कि मारपीट की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने तीन मोबाइल फोन लूट लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने मारपीट तथा लूट की घटना को साजिश बताते हुए कहा कि वे लोग जिस कंपनी में काम करते हैं, उसी कंपनी में कार्यरत स्थानीय निवासी राजीव शर्मा, सुशील शर्मा, धर्मेंद्र गंगवार तथा कंपनी के दो अधिकारी महेश दीक्षित एवं अमित चौहान द्वारा आए दिन बहाना बनाकर तीनों पीड़ितों के साथ झगड़ा कर जान से मारने की धमकियां दी जाती हैं।

# अवैध खनन को तत्काल बंद करने की मांग

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में अवैध तरीके से दिन-रात चल रहे अंधाधुंध खनन को बंद करने तथा ओवर लोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र आर्य के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम बिष्ट को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि कामन नदी में अनुमति की अवधि समाप्त के बाद भी अवैध खनन लगातार जारी है जिसको तत्काल बंद किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि इस मामले में यदि सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वहीं उन्होंने कहा कि खनन वाहनों के दिन रात चलने से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की सड़कों की हालत बेहद खराब हो गई है। खनन में लिप्त वाहनों और ओवरलोड वाहनों से लगातार सड़क हादसा होने से लोगों की मौतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन में बेखौफ दिन रात चल रहे तीव्र गति के वाहनों से क्षेत्रीय जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि हाल ही में विधायक भुवन चंद्र कापड़ी द्वारा अवैध खनन को रोकने की मांग को लेकर ग्रामीणों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया गया था लेकिन शासन प्रशासन द्वारा इस विषय को गंभीरता से नहीं लिया गया। बीते दिवस भी ओवरलोड अनियंत्रित डंपर की टक्कर से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई तथा पति अभी भी गंभीर हालत में है। जिससे क्षेत्र के लोगों में बेहद आक्रोश भी बना हुआ है। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश राठौर, यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, नीरज कन्याल, मनोज बसेड़ा, सतपाल राणा, संतोष चंद, करन सिंह विजय चंद आदि मौजूद रहे।



खटीमा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता।

## वर्ग पहेली- 452

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।

4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।

5. 1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।

6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।

9. 1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा 3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।

2. 1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।

3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।

7. 1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।

8. 1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।




### वर्ग पहेली -451 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | ■ | 2 अ | यो | 3 नि |
| हू | ■ | ■ | खं | ■ | छो |
| ■ | 4 को | ■ | ड | ■ | ह |
| ■ | 5 हि | म | पा | त | ■ |
| ■ | नू | ■ | ठ | ■ | 6 मुँ |
| 7 भै | र | वी | ■ | ■ | द |
| ■ | ■ | ■ | 8 खि | ल | ना |

## सुडोकू -176

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | | | | | | | 3 | |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| 7 | | | | 3 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 5 | | | | 8 | | | |

### सुडोकू - 175 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 2 | 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 4 | 9 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 6 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 3 | 1 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 2 | 4 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- दशमी 6 जून 02.15 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- हस्त पूर्ण रात्रि तक।

**मेष:** आज आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। अनुशासनहीनता के कारण दिनचर्या बिगड़ सकती है। बच्चे छुट्टी का आनंद उठाएंगे। कार्यक्षेत्र में काफी अच्छे परिणाम मिलेंगे। पैरों में खिंचाव हो सकता है। सेहत से जुड़े मामलों की अनदेखी न करें।

**वृष:** आज नए कार्यों की योजना बना सकते हैं। अपनी रूचि के अनुसार ही कार्य करें। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। व्यस्तता के कारण परिवार को समय मुश्किल से दे पाएंगे। छोटे बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को विरोध झेलना पड़ सकता है। अनजान व्यक्तियों पर अधिक विश्वास न करें। आपकी कार्यशैली की खूब प्रशंसा होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दांतों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कर्क:** आज बुद्धिमत्ता से अटके हुए काम बना लेंगे। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों से आपको बेहतरीन लाभ प्राप्त हो सकता है। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र से जुड़े व्यवसाय में प्रगति होगी। घर का वातावरण बहुत अच्छा रहने वाला है। दोस्तों के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनाएंगे।

**सिंह:** आज मित्रता और प्रेम को लेकर आपकी सोच बदल सकती है। गोपनीय विषयों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। बच्चों को लेकर सुखद समाचार मिल सकते हैं। व्यवसाय में संघर्ष वाली परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। केवल बातों पर विश्वास करके कोई डील न करें।

**कन्या:** आज कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको विजय प्राप्त होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यस्थल में वाद-विवाद जैसी स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। योग और अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि रहेगी।

**तुला:** आज आपका बजट गड़बड़ा सकता है। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान थोड़ी सावधानी रखें। आपके व्यक्तिगत कार्यों में व्यवधान आने की संभावना है। आलस्य के कारण अच्छे मौकों को चूक सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज व्यापार में अपेक्षानुसार धन लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में आप सहकर्मियों के ऊपर अपना प्रभाव डालेंगे। संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। संपत्ति से जुड़े विवादों का निवारण हो सकता है। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**धनु:** आज लवमेट के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आयात-निर्यात से जुड़े कारोबार में बेहतरीन लाभ मिल सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की बातों का खंडन करने के बजाय उनका शांतिपूर्वक समाधान करें।

**मकर:** आज नया व्यापार शुरू करना चाहते हैं, तो उसकी पूरी योजना बना लें। आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। किसी बड़े काम के लिए लोग आपसे सलाह ले सकते हैं। सहकर्मी आपका उपहास कर सकते हैं।

**कुंभ:** आज अपनी कमजोरी पर नियंत्रण कर लें। ससुराल पक्ष के साथ अपने संबंध मधुर रखें। बचपन के मित्रों से मुलाकात हो सकती है। अनावश्यक यात्राओं से बचना चाहिए। पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं से दोबारा परेशान होना पड़ सकता है।

**मीन:** आज करियर को लेकर सावधानी रखनी चाहिए। मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। लंबे समय से सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। जीवनसाथी का भावनात्मक सहयोग आपको प्राप्त होगा। नई वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

# मांगों को लेकर राजस्व कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार, लोग परेशान

## खतौनी में अंश निर्धारण और राजस्व क्षेत्रों को नियमित पुलिस के अधीन करने की मांग

- मांगें पूरी होने तक कार्य बहिष्कार पर डटे रहने की दी गई चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में प्रदर्शन करते राजस्व कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** खतौनी में अंश निर्धारण करने समेत तमाम समस्याओं के निराकरण को लेकर राजस्व कर्मियों ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को भी राजस्व निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक व राजस्व सेवक कार्यबहिष्कार पर डटे रहे। कार्य बहिष्कार पर जाने विभिन्न प्रमाण पत्रों और राजस्व पुलिस से संबंधित काम काज ठप रहे। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर जिलेभर में राजस्व निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक व राजस्व सेवक कार्यबहिष्कार पर अडे रहे। इस दौरान कार्मिकों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। कहा कि खतौनी में अंश निर्धारण में कई समस्याएं आ रही हैं। पूर्व में शासन को अवगत कराने के बाद भी अब तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। जिससे कार्मिकों में भारी रोष व्याप्त है। कहा कि न्यायालय की ओर से राजस्व पुलिस क्षेत्र को नियमित पुलिस के अधीन करने का आदेश जारी किया गया है, आदेश के बाद भी अब तक राजस्व पुलिस क्षेत्र को नियमित पुलिस के अधीन नहीं किया गया है। कार्मिकों ने जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। यहां पंकज शर्मा, प्रवीण सिंह रावत, जगदीश प्रसाद, राजेंद्र सिंह मेहरा, दीप जोशी, महेंद्र सिंह गैड़ा आदि मौजूद रहे।

### अनदेखी का लगाया आरोप

**अल्मोड़ा :** राजस्व निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक व राजस्व सेवकों ने द्वाराहाट तहसील में भी प्रदर्शन कर विरोध जताया। कहा कि लगातार शासन को समस्याओं के बारे में अवगत कराने के बाद अब तक इसका निदान नहीं हो सका है। जिससे राजस्व कर्मियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द समस्याओं का निराकरण की मांग उठाई। यहां राजेंद्र प्रसाद, कमल गुणवंत, हेमंत नेगी, योगेश कुमार, खीम सिंह नेगी, सपना लोहनी, रोहित रौतेला, कमल आर्य, आशुतोष लोहनी आदि रहे।

### प्रमाण-पत्र बनाने पहुंचे लोग बैंरग लौटे

**अल्मोड़ा :** राजस्व कर्मियों के कार्यबहिष्कार के चलते जिले के सभी तहसीलों में काम काज पूरी तरह प्रभावित रहा। इस दौरान स्थाई निवास, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्र बनाने पहुंचे लोगों को बैंरग वापस लौटना पड़ा।

## राजस्व कर्मियों ने किया धरना-प्रदर्शन

**पिथौरागढ़ :** राजस्व निरीक्षक और उपनिरीक्षकों ने दो सूत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार करते हुए प्रदर्शन किया। कार्य बहिष्कार से प्रमाण-पत्र बनाने सहित भूमि से संबंधित काम पूरी तरह ठप रहे। राजस्व निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों ने कार्य बहिष्कार करते हुए अपनी-अपनी तहसीलों में प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। जिला मुख्यालय की तहसील में संगठन के जिलाध्यक्ष विजय पंत के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए राजस्व निरीक्षक और निरीक्षकों ने कहा कि वे अंश निर्धारण के लिए अपने निजी मोबाइल का प्रयोग करने के लिए मजबूर हैं। लंबे समय से इस काम के लिए लैपटॉप और इंटरनेट के लिए डॉटा पैक देने की मांग की जा रही है, इसे सरकार अनसुना कर रही है। अब भी उनसे पुलिस कार्य किया जा रहा है। चेतावनी देते हुए यदि उनकी दोनों मांगें नहीं मानी गईं, तो वे पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार शुरू कर देंगे। युवा भर्ती सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन करने के लिए जरूरी स्थायी, जाति, चरित्र सहित अन्य प्रमाण पत्र बनाने तहसील पहुंचे। राजस्व निरीक्षकों की हड़ताल से काम नहीं हुआ, तो युवाओं को निराश होकर घर लौटना पड़ा। प्रदर्शन करने वालों में देव गिरी, मदन मोहन जोशी, मनीषा पवार, योगिता जोशी आदि शामिल रहे।

# मानदेय को लेकर गरजे मनरेगा कर्मी, प्रदर्शन


मानदेय को लेकर प्रदर्शन करते मनरेगा कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पिथौरागढ़

- विभागीय समायोजन की भी उठाई मांग, जल्द मांगें पूरी न होने पर दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**अमृत विचार :** मनरेगा कर्मियों ने मानदेय और विभागीय समायोजन सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। संगठन के जिलाध्यक्ष महादेव प्रसाद के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए मनरेगा कर्मियों ने कहा कि योजना का कुशल संचालन करने के बाद भी सरकार उनके हितों को लेकर गंभीर नहीं है।

लंबे समय से वे सम्मानजक मानदेय की मांग कर रहे हैं। इसे बढ़ाने के बजाय उन्हें तीन महीने से मानेदय का भुगतान नहीं किया गया है। वहीं, उन्होंने कर्मचारी भविष्य निधि, बीमा का लाभ देने के साथ ही विभागीय समायोजन की मांग की। उन्होंने कहा कि कार्यमेट राष्ट्रीय मोबाइन निगरानी प्रणाली से मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करता है। यदि कार्यमेट गलत फोटो अपलोड करता है, तो इसका दोषी उन्हें ठहराया जा रहा है, जोकि गलत है। कहा कि मनरेगा कर्मियों का ग्रेडिंग के आधार पर मूल्यांकन कर उनकी सेवा समाप्ति की तैयारी सरकार कर रही है। यदि ऐसा हुआ, तो वे सड़कों पर उतरेंगे। चेतावनी देते हुए कहा उनकी ये सभी मांगे नहीं मानी गईं, तो वे कार्य बहिष्कार करते हुए न्यायालय की शरण में जाने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान महामंत्री कौस्तुब पांडे, संरक्षक गोविंदी देवी, उपाध्यक्ष अजय मोहन, कोषाध्यक्ष त्रिलोचन कोहली, मीडिया प्रभारी हितेंद्र वल्दिया, तेज सिंह, कैलाश चंद्र, प्रदीप, किशन राम, कमल सौन, हरीश सेक्रियाल आदि मौजूद थे।

## आज से तीन दिन जिले के भ्रमण पर रहेंगे राज्यपाल

**अल्मोड़ा :** प्रभारी अधिकारी विशिष्ट अभ्यागत ने बताया कि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेनि गुरमीत सिंह आज अल्मोड़ा में होंगे। दोपहर 12 बजे वह केआरसी रानीखेत पहुंचेंगे। छह जून को उनका एसएसजे विवि में कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके बाद अधिकारियों से बैठक, शाम चार बजे चितई और छह बजे जागेश्वर धाम में पूजा-अर्चना करेंगे। सात जून सुबह नौ बजे कसारदेवी दर्शन, 12:10 बजे स्वामी विवेकानन्द धाम आश्रम काकड़ीघाट का कार्यक्रम है। इसके बाद वह राजभवन नैनीताल को प्रस्थान करेंगे।

## पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया

**बनबसा :** थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कोरंगा ने बताया कि आरोपी डालचंद निवासी पोस्ट मुड़िया भीकमपुर नवाबगंज बरेली न्यायालय से जमानत के बाद लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है। टीम में थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कोरंगा, जीवन चंद जोशी, हेड कास्टेबल संजय शर्मा और पूरन आर्य शामिल थे।

# मौसम के अनुरूप कृषि कार्य करने के लिए प्रेरित किया

संवाददाता, अल्मोड़ा


लमगड़ा में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व कृषक।

**अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत लमगड़ा और द्वाराहाट विकास खंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कृषकों को बेमौसमी सब्जी उत्पादन, फल उत्पादन एवं पुष्प उत्पादन के बारे में जानकारी दी गई।

द्वाराहाट में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. आरके शर्मा स्वरोजगारपरक व्यवसाय के बारे में जानकारी देने के साथ ही कृषकों को फसल उत्पादन के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ. रेनू ने कृषकों को बेमौसमी सब्जी उत्पादन, फल उत्पादन एवं पुष्प उत्पादन के बारे में जानकारी दी। साथ ही सरकार की ओर से चलाई जा रही कृषकों के लिए उपयोगी जानकारियों के बारे में भी बताया। डा. मुक्ता नैनवाल ने कृषकों को मौसम अनुरूप कृषि कार्य करने के लिए प्रेरित किया। लमगड़ा में डा. उमा नौलिया ने विकसित कृषि संकल्प अभियान में पशु पालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां कृषकों को दी। कृषकों की ओर से किए जा रहे कार्यों और कार्यक्रम का फीडबैक भी लिया।

## महिला से मारपीट में पति समेत चार पर मुकदमा

- एनटीडी निवासी महिला ने पति, सास और जेठ पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** नगर के एनटीडी निवासी एक महिला ने बागेश्वर निवासी पति सहित ससुरालियों पर प्रताड़ित करने और मारपीट का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित महिला की ओर से महिला थाने में तहरीर सौंपी। तहरीर में बौड़ी बागेश्वर निवासी पति नवीन लाल सहित ससुर चंद्र लाल, सास उमा देवी और जेठ संतोष कुमार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि उसका विवाह दिसंबर 2019 में हुआ था। इसके बाद से पति की ओर से लगातार मारपीट की जाती रही। सास-ससुर भी उसे प्रताड़ित करने लगे। परेशान होकर वह एनटीडी स्थित मायके आ गई। आरोप है कि 30 मई को आरोपी पति ने नशे की हालत में मारपीट की और गले पर चाकू रखकर जान से मारने का प्रयास किया। 31 मई को आरोपी ने उसकी मां के साथ मारपीट की। जेठ ने जान से मारने की धमकी दी। रात दस बजे घर का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। इधर, पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

- मौसम के बिगड़े मिजाज से ठंड का एहसास, निकले गर्म कपड़े
- अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में बुधवार को बारिश से बचने के लिए छाता लगाकर जातीं युवतियां।

**अमृत विचार :** बेमौसमी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार हो रही बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। आलम यह है लोगों को जून में भी गर्म कपड़े निकालने पड़ रहे है। वहीं, लगातार बारिश को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है।

जिलेभर में बारिश ने अब लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बुधवार दिन में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहा। शाम होते होते झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। बारिश के चलते लोग घरों के अंदर दुबकने को मजबूर रहे। लगातार हो रही बारिश से तापमान में भी काफी गिरावट आ गई है। जिस कारण जून में भी लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है।

दिन भर बारिश का असर बाजार में भी देखने को मिला। बाजार समय से पहले सुनसान हो गई। हालांकि बारिश सूख रहे जलस्रोतों के लिए जीवनदायिनी बताई जा रही है।

आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## कोरोना से निपटने को स्वास्थ्य विभाग सतर्क

संवाददाता, टनकपुर

- जिला अस्पताल सहित टनकपुर व लोहाघाट के उप जिला अस्पतालों में मॉक ड्रिल आयोजित

**अमृत विचार :** वर्तमान में देश के कई हिस्सों में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए शासन प्रशासन द्वारा बचाव की तैयारी तेज कर दी गई है। बुधवार को चम्पावत जिले के तीन अस्पतालों में मॉक ड्रिल कर तैयारियों का जायजा लिया गया।

करीब 10 मिनट तक चले मॉक ड्रिल में कोरोना पॉजिटिव वाले एक डमी मरीज को एंबुलेंस से अस्पताल लाने से लेकर परीक्षण व अन्य जरूरी जांच की गई। एंबुलेंस से कोरोना संक्रमित एक मरीज को टनकपुर के उप जिला अस्पताल लाया गया। जांच और परीक्षण के बाद यह कवायद पूरी की गई। मॉक ड्रिल के दौरान आइसोलेशन वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट, आईसीयू, एंटीजन परीक्षण आदि की जांच की गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने अस्पतालों में मॉक ड्रिल कर तैयारियों को जांचा गया है। चम्पावत जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्साधीक्षक, लोहाघाट की डॉ. सोनाली मंडल व टनकपुर के सीएमएस डा. घनश्याम तिवारी के नेतृत्व में मॉक ड्रिल संपन्न हुई। जिसमें सभी चिकित्सक शामिल हुए।

# रोगियों को वितरित किए फल

- विधायक के रूप में सीएम के तीन साल पूर्ण होने पर हुए कार्यक्रम

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत


चम्पावत में गोल्ज्यू मंदिर में पूजा-अर्चना करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चम्पावत के विधायक के रूप में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मंगलवार को 3 साल पूरे हुए। इस दिन को भाजपा ने सेवा सुशासन और विकास के रूप में मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने टनकपुर उप जिला चिकित्सालय में जाकर रोगियों को फल वितरित किया। साथ ही बालाजी मंदिर में सुंदरकांड कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, रोहिताश अग्रवाल, हंसा जोशी, रवि प्रजापति आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। चम्पावत में भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, उत्तराखंड वन एवं पर्यावरण विकास सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष श्याम नारायण पांडेय, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी और नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडेय के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। इंसाफ के देव गोल्ज्यू मंदिर में पूजा-अर्चना कर लगातार प्रदेश की सेवा करते रहने के अलावा सीएम के दीर्घायु की कामना की गई। जिलाध्यक्ष सामंत सहित तमाम वरिष्ठ नेताओं ने धामी के तीन साल के विधायक के काल को विकास की सौगात देने वाला और उपलब्धियों भरा बताया। कार्यक्रम में चंपावत क्षेत्र पंचायत की प्रशासक रेखा देवी, सुनील पुनेठा, कैलाश अधिकारी, सूरज प्रहरी, मुकेश महाराना मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं से करें विनम्र व्यवहार

**टनकपुर :** सीओ वंदना वर्मा द्वारा अस्थाई थाना भैरव मंदिर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी अधिकारी और कर्मचारियों का सम्मेलन लेकर उनसे समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अभिलेखों, मैस, बैरक, आवास परिसर, आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस चौकी पर तैनात सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को साफ वर्दी धारण करने, श्रद्धालुओं से विनम्र व्यवहार करने, मेला क्षेत्र में लगी दुकानों का लगातार सत्यापन करने, बदलने वाले कारीगरों की भी संपूर्ण जानकारी रखने के साथ-साथ साइबर क्राइम टोल फ्री नंबर 1930 , पोक्सो, नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में नागरिकों को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया।

# अतिक्रमण हटाने को डीएम को दिया ज्ञापन

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** भदेलवाड़ा क्षेत्र के लोगों ने भी मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए इसे हटाने की मांग की है। लोगों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन देते हुए कहा कि लंबे समय से अतिक्रमण किया जा रहा है।

प्रशासन की लापरवाही से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। भदेलवाड़ा क्षेत्र के लोगों ने जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट मोहन चंद्र भट्ट के नेतृत्व में कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि जिले के लोगों की आस्था का केंद्र चंद्रभागा पुल के पास स्थित शिव मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण जारी है। भूमाफियाओं ने बेखौफ होकर मंदिर की भूमि पर अवैध निर्माण भी कर डाला है। पीपल के पेड़ को नुकसान पहुंचाते हुए पॉलीहाउस भी लगा दिए गए हैं। लंबे समय से अतिक्रमण हटाने की की जा रही है, लेकिन प्रशासन मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है। भूमाफिया लगातार मंदिर की भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। चेतावनी देते हुए कहा जल्द प्रशासन ने अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में पूरन चंद्र तिवारी, डीएस नगरकोटी, हरीश तिवारी, भवानी दत्त तिवारी, केसी पंत, चंद्रशेखर जोशी आदि शामिल रहे।

**आयोजन** — नमामि गंगे के तहत काकड़ीघाट में वेद पुराणों और नदी सभ्यता पर की गई चर्चा

# वेद हमें आगे बढ़ने की देते हैं प्रेरणा : परिहार

- आओ हम सब योग करें अभियान के तहत शिविर आयोजित

संवाददाता, अल्मोड़ा


काकड़ीघाट में नमामि गंगे अभियान के तहत आयोजित शिविर में योग करते साधक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वामी विवेकानंद की तपस्थली रही काकड़ीघाट में योग शिविर आयोजित किया गया। आओ हम सब योग करें अभियान के तहत शिविर में लोगों ने योगभ्यास किया। इसके अलावा नमामि गंगे के तहत वेद पुराणों और नदी सभ्यता पर चर्चा हुई।

मौके पर मुख्य अतिथि हरीश परिहार ने बताया वेद हमें एक साथ मिलकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं और बताया स्वामी विवेकानंद ने छोटी सी उम्र में संपूर्ण वेद पुराणों का अध्ययन कर किया था। कार्यक्रम अध्यक्ष डा. नवीन भट्ट ने बताया कि नमामि गंगे के कार्यक्रम संपूर्ण राष्ट्र को एक सुत्र में बांधने का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया हमारे वेदों में नदियों का वर्णन मिलता है, हमारी प्राचीन नदी गंगा, यमुना, सरस्वती, सिंध नदी का वर्णन ऋग्वेद में मिलता है। कल्याण मंत्र, गायत्री मंत्र ये सब वेदों से ही लिए गए हैं। दीपक परिहार ने हठयोग हठयोग को वेदों के साथ जोड़कर बताया कि वेदों में इड़ा, पिंगला, सुष्मन, नाड़ी का वर्णन मिलता है ये नाड़िया हमारे चित्त को शुद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यहां डा. कमलेश कांडपाल, योग शिक्षक लल्लन कुमार सिंह, योग शिखक रजनीश जोशी डा. गिरीश अधिकारी, प्रकाश कांडपाल, दीपा पडियार, अनुराधा धामी, नेहा आर्य, मीना, काजल गोस्वामी, नीतू पंकज राठौर आदि मौजूद रहे।

## पुलिस व एसएसबी ने चलाया अभियान

**टनकपुर :** सुरक्षा की दृष्टि से इस समय जनपद चम्पावत सीमा से लगे भारत नेपाल सीमा में सुरक्षा एजेंसियों द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को एएसआई सुभाष राणा प्रभारी चौकी मंडल के नेतृत्व में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली पंचेश्वर क्षेत्र के भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा पर स्थित सीमावर्ती ग्राम सभा जमरसों व नगरू घाट क्षेत्र में आतंरिक सुरक्षा के दृष्टिगत आसामाजिक व आवांछित तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखे जाने को अभियान चलाया। इस दौरान बाहरी जनपदों व राज्यों से आए व अपरिचित व्यक्तियों के सत्यापन के लिए जांच की गई। स्थानीय ग्रामीणों को सुरक्षा, क़ानून व्यवस्था के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# हरेला पर्व तक होंगे पौधरोपण कार्यक्रम

संवाददाता, पिथौरागढ़

- जिलाधिकारी ने की पर्यावरण दिवस को लेकर समीक्षा बैठक

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में पर्यावरण दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने बताया कि गुरवार को पर्यावरण दिवस से लेकर हरेला पर्व तक पूरे जनपद में पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पर्यावरण दिवस को मतदाता जागरुकता से जोड़ते हुए कार्यक्रम होंगे। उन्होंने जिला पंचायत को ऊंच हिमालय क्षेत्रों आदि कैलाश, ॐ पर्वत में प्लास्टिक कूड़े के उचित निस्तारण किए जाने के लिए वाहन की व्यवस्था बैनर सहित संचालित किए जाने के साथ ही खालियाटॉप, पंचाचुली बेस कैंप में आने वाले ट्रैकर्स के माध्यम से पर्यावरण दिवस पर हस्ताक्षर अभियान चलाने के निर्देश दिए। तय हुआ कि जिला मुख्यालय अंतर्गत पौधरोपण के लिए मिशन इंटर कॉलेज, भाटकोट चयनित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर वैभव कांडपाल, परियोजना निदेशक डीआरडीओ आशीष पुनेठा, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी, मुख्य उद्यान अधिकारी अभिनव कुमार आदि मौजूद रहे।

## नशा तस्कर छह माह के लिए जिला बदर

**चम्पावत :** जनपद चम्पावत के नशा तस्कर प्रभात जोशी पुत्र राम दत्त जोशी, निवासी छतार, कोतवाली व जिला चम्पावत को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है। यह अभियुक्त पूर्व में नशा तस्करी के 3 अभियोगों, 107/116 सीआरपीसी तथा गुंडा एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अभियुक्त प्रभात जोशी गुण्डा प्रवृत्ति का व्यक्ति है जो क्षेत्र में गुण्डागर्दी एवं मादक पदार्थो की तस्करी करने में संलिप्त है। अभियुक्त को वर्ष 2021, 2022 तथा 2025 में 3 अभियोगों में 17.93 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। बची सिंह बिष्ट प्रभारी कोतवाली चम्पावत के नेतृत्व में अभियुक्त को जनपद की सीमा से बाहर खदेड़ा गया तथा 6 माह तक भीतर प्रवेश नही करने के लिए निर्देशित किया गया।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,998.25 | 24,620.20 |
| बढ़त | 260.74 | 77.70 |
| प्रतिशत में | 0.32 | 0.32 |





अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, गुरुवार, 5 जून 2025

## एक नजर

### अडानी एयरपोर्ट्स ने जुटाए 75 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** अडानी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड ने अंतरराष्ट्रीय बैंकों के समूह से बाहरी वाणिज्यिक उधारी के माध्यम से 75 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण प्राप्त किया है। कंपनी ने बुधवार को कहा कि प्राप्त वित्तपोषण का एक हिस्सा मौजूदा 40 करोड़ डॉलर के ऋण के पुनर्वित्त में लगाया जाएगा जबकि शेष धनराशि का उपयोग देश के प्रमुख हवाईअड्डों के बुनियादी ढांचे के उन्नयन में इस्तेमाल होगा।

### मौसमी कारकों और मांग में तेजी से बढ़ा ट्रक किराया

**मुंबई।** मांग में तेजी और मौसमी कारकों से मई में देश में ट्रकों के किराए में बढ़ोतरी हुई है। श्रीराम मोबिलिटी के बुलेटिन के अनुसार, गर्मियों के फलों की बागवानी केंद्रों में आवक ने उपभोग को बढ़ावा दिया, जिससे बेड़े की ऑक्यूपेंसी बेहतर हुई। दिल्ली-कोलकाता मार्ग पर ट्रक किराया मासिक आधार पर 1.9 प्रतिशत वहीं बेंगलुरु-मुंबई और दिल्ली-मुंबई मार्गों पर क्रमशः 1.6 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# अमेरिका से बढ़ेगा तेल-गैस का आयात

## आयात में विविधता के लिए शैल गैस, एलएनजी और कच्चे तेल जैसे उत्पादों पर नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत का अमेरिका को निर्यात बढ़ रहा है और वह अपने आयात में विविधता लाने के लिए अमेरिका से शैल गैस, एलएनजी और कच्चे तेल जैसे उत्पादों का आयात बढ़ा सकता है। इसका कारण अमेरिका में इन वस्तुओं की कीमतों का कम होना है।

एक अधिकारी के मुताबिक दोनों देशों के अधिकारी प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर इस सप्ताह यहां अगले दौर की बातचीत शुरू करेंगे। हालांकि, भारत अमेरिका के साथ एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते की तलाश कर रहा है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में हमें जो मिलता है, वह निर्धारित करेगा कि हम समझौते में आखिरकार क्या अंतिम रूप देते हैं।



● भारत की मंशा अमेरिका के साथ संतुलित और पारस्परिक तौर पर लाभकारी व्यापार समझौते की

यह पूछे जाने पर कि क्या नौ जुलाई से पहले किसी तरह के अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बन सकती है, अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में बहुत सारी अनिश्चितताएं हैं। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की इस्पात पर शुल्क बढ़ाने की योजना और शुल्क पर अमेरिकी अधिकारियों के फैसले के खिलाफ अदालत के आदेश पर रोक जैसे घटनाक्रम हैं।

उन्होंने कहा कि लेकिन अनिश्चितताओं के बीच, भारत को ऐसे रास्ते तलाशने होंगे जो देश के लिए अच्छे हों। अधिकारी ने कहा, निर्यात बढ़ रहा है...ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें हम अमेरिका से खरीद सकते हैं। उदाहरण के लिए शैल गैस, एलएनजी, कच्चा तेल। हमारे स्रोत जितने विविध होंगे, हमारे लिए उतना ही अधिक लाभ होगा। अमेरिका में कीमतें भी कम हैं।

अधिकारी ने कहा कि अमेरिका भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत के पक्ष में व्यापार अधिशेष की स्थिति है। इसके अलावा, बड़ी संख्या में नौकरियां अमेरिका को होने वाले निर्यात से जुड़ी हैं। भारत ने पहले ही इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखा है।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एमपीसी की बैठक शुरू

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। इसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती का फैसला लिया जा सकता है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिन तक चलने वाली बैठक में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय एवं घरेलू परिवेश को देखते हुए नीतिगत दर पर विचार किया जाएगा। एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी शुक्रवार को दी जाएगी। इसके पहले आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल में हुई पिछली दो मौद्रिक समीक्षा बैठकों में प्रमुख ब्याज दर रेपो में कुल 0.50 प्रतिशत की कटौती की है।

## गिरावट थमी, 261 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 261 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 78 अंक की तेजी आई।

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 260.74 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,998.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 349.78 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 77.70 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,620.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) 3.32 प्रतिशत के लाभ में रही।

# भारत ने पाकिस्तान को एडीबी की सहायता का किया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा पाकिस्तान को किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता दिए जाने का कड़ा विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को एडीबी ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्तीय सहायता को अनुमोदित किया था। इसमें 30 करोड़ डॉलर नीति आधारित ऋण है और 50 करोड़ डॉलर नीति आधारित गारंटी के तहत दिया जा रहा है।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत ने एडीबी संसाधनों के संभावित दुरुपयोग के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की, विशेष रूप से पाकिस्तान के बढ़ते रक्षा व्यय, उसके घटते कर जीडीपी अनुपात और प्रमुख व्यापक आर्थिक सुधारों पर स्पष्ट प्रगति की कमी का हवाला देते हुए यह विरोध जताया है। भारत ने एडीबी को अपने संसाधनों के




● एडीबी ने किया 80 करोड़ डॉलर की मदद का अनुमोदन, भारत ने जताई दुरुपयोग की आशंका

दुरुपयोग की संभावना के बारे में भी आगाह किया है।

सूत्रों ने कहा कि विकास के विपरीत, अपनी सेना पर व्यय में वृद्धि के बीच पाकिस्तान के संबंध को केवल उसके घरेलू संसाधन जुटाने के संदर्भ में पूरी तरह नहीं समझाया जा सकता। भारत ने इस पर प्रकाश डाला कि जीडीपी के हिस्से के रूप में पाकिस्तान का कर संग्रह वित्त वर्ष 2018 में 13.0 प्रतिशत था जो 2023 में घटकर 9.2 प्रतिशत रह गया। यह एशिया और प्रशांत क्षेत्र के औसत 19.0 प्रतिशत से काफी कम बना हुआ है।

# भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मोटे तौर पर स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में मोटे तौर पर स्थिर रही। इसे मांग की बेहतर स्थिति, नए ग्राहक मिलने आदि जैसे कारकों से समर्थन मिला। बुधवार को जारी एक मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में 58.8 रहा जो अप्रैल में 58.7 पर था। यह आंकड़ा विस्तार की एक और तीव्र दर का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब



● नए ऑर्डर में वृद्धि से सेवा प्रदाताओं ने कर्मचारियों की भर्ती बढ़ाई

गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है।

एचएसबीसी में भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत का सेवा पीएमआई मई 2025 में 58.8 रहा जो हालिया वृद्धि के अनुरूप मोटे तौर पर स्थिर है। मजबूत अंतरराष्ट्रीय मांग ने सेवा गतिविधि को बढ़ावा देना जारी रखा, जैसा कि अप्रैल से नए निर्यात व्यापार सूचकांक में उछाल से स्पष्ट है।

सर्वेक्षण के अनुसार, नए ऑर्डर में तीव्र वृद्धि हुई, जो मुख्य रूप से विज्ञापन, मांग की मजबूती और मौजूदा ग्राहकों से दोबारा मिले ऑर्डर के कारण हुई। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सेवा प्रदाताओं ने कर्मचारी भर्ती में वृद्धि की है। वास्तव में, रोजगार सूचकांक इस सर्वेक्षण में अब तक दर्ज किए गए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। सर्वेक्षण में शामिल करीब 16 प्रतिशत सदस्यों ने वेतन वृद्धि की बात कही, जबकि एक प्रतिशत ने गिरावट का संकेत दिया।

## फ्लिपकार्ट की शाखा ने 583 करोड़ में बेची 6% हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट की इकाई फ्लिपकार्ट इन्वेस्टमेंट्स ने आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) में अपनी पूरी छह प्रतिशत हिस्सेदारी बुधवार को 583 करोड़ रुपये में बेच दी। फ्लिपकार्ट इन्वेस्टमेंट्स फ्लिपकार्ट प्राइवेट लिमिटेड (एफपीएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। एफपीएल अमेरिका स्थित वॉलमार्ट समूह का हिस्सा है। 'पीटीआई-भाषा' के पास मौजूद 'टर्म शीट' के अनुसार, एबीएफआरएल के 7.31 करोड़ शेयर 79.50 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेचे गए। यह मंगलवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर एबीएफआरएल के 86 रुपये के बंद भाव से करीब 7.6 प्रतिशत कम है। गोल्डमैन सैक्स इस सौदे का एकमात्र 'बुकरनर' है। इस लेनदेन में 7.31 करोड़ शेयर की बिक्री शामिल है, जो मुंबई स्थित एबीएफआरएल की करीब छह प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

# अच्छे मानसून से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान

**मुंबई, एजेंसी**

देश में इस वर्ष सामान्य से बेहतर मॉनसून की संभावनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंक दी है और इससे कृषि एवं एफएमसीजी क्षेत्र की आय में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। स्मॉलकेस मैनेजर गोलफाई की बुधवार को जारी रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि यदि मानसून की तीव्रता और वितरण कृषि क्षेत्रों में अनुकूल बना रहता है, तो वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में कृषि-आधारित क्षेत्रों में 10-15 प्रतिशत तक की सालाना आय वृद्धि संभव है।

इससे ट्रैक्टर, कृषि इनपुट, ग्रामीण एनबीएफसी और टिकाऊ उपभोक्ता



● कृषि आधारित क्षेत्रों में 10 से 15 प्रतिशत तक सालाना आय वृद्धि संभव

● एफएमसीजी क्षेत्र की आय में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद

वस्तुओं जैसे क्षेत्रों को सीधा लाभ होगा। गोलफाई का मानना है कि खाद्य महंगाई में नरमी और अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.16 प्रतिशत पर आने जैसे संकेत भारतीय रिजर्व बैंक को 06 जून की मौद्रिक नीति बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।

यदि मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से नीचे बनी रही तो अगस्त तक और 0.25 प्रतिशत की कटौती संभव है। इस तरह की मौद्रिक नरमी आवास, ऑटो और ऋण आधारित खपत क्षेत्रों में मांग को गति दे सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण आय में तेज सुधार के कारण एफएमसीजी, दोपहिया वाहन और कृषि उपकरणों जैसे खपत आधारित क्षेत्रों में छह से आठ प्रतिशत की बिक्री वृद्धि संभव है। डाबर, मैरिको, इमामी, हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी कंपनियों को ग्रामीण बाजारों से अच्छे ऑर्डर मिलने की उम्मीद है।



## एक नजर

### थाने में पत्रकारों की पिटाई पर सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार से उन दो पत्रकारों की याचिका पर बुधवार को जवाब मांगा, जिन्होंने आरोप लगाया है कि अवैध रेत खनन पर रिपोर्टिंग करने के कारण राज्य के एक थाने में उनके साथ मारपीट की गई। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने दोनों पत्रकारों को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देने से इन्कार कर दिया। पीठ ने पत्रकार शशिकांत गोयल और अमरकांत सिंह चौहान की याचिका पर मध्य प्रदेश एवं दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

### देश में कोविड-19 के मामले बढ़कर 4,302

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार सुबह आठ बजे तक कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,302 हो गई है, जबकि मंगलवार को यह संख्या 4,026 थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक दो और मौतों के साथ इस साल मरने वालों की संख्या सात हो गयी है। पिछले 24 घंटों में करीब 300 नए संक्रमण के मामले सामने आए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

### हैदराबाद में ट्रॉली बैग में मिला महिला का शव

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाचुपल्ली में बुधवार को एक अज्ञात महिला का शव ट्रॉली बैग में मिला, जिसे झाड़ियों में फेंक दिया गया था। पुलिस के अनुसार महिला की उम्र 25 से 35 वर्ष के बीच लग रही है और संदेह है कि उसकी हत्या कहीं और की गई और शव ट्रॉली बैग में डालकर फेंक दिया गया। अनुमान है कि शव को करीब 10-15 दिन पहले ट्रॉली बैग में डाला गया था। महिला की मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। इस संबंधम में बाचुपल्ली थाने में एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

### विमान को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी निकली

**पटना।** गुजरात के अहमदाबाद से पटना आने वाली इंडिगो की एक उड़ान को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे यहां हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में यह धमकी फर्जी निकली। उन्होंने बताया कि उड़ान संख्या 6ई921 के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपराह्न 12.45 बजे उतरने से कुछ समय पहले मिली। उन्होंने बताया कि इस विमान में 192 यात्री सवार थे। हालांकि, अधिकारियों ने यह बताने से इनकार कर दिया कि धमकी भरा संदेश कैसे आया।

# राहुल का बयान देशद्रोह से कम नहीं

## भाजपा अध्यक्ष का पलटवार- नेहरू-गांधी परिवार के आत्मसमर्पणों से भरा है इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आत्मसमर्पण वाले बयान की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि यह न केवल सशस्त्र बलों और देश का घोर अपमान है, बल्कि यह देशद्रोह से कम नहीं है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि यदि किसी पाकिस्तानी ने ऐसा दावा किया होता तो हम उस पर हंसते।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मचाई गई तबाही के बाद पाकिस्तान की जनता से लेकर उसकी सेना और उसके प्रधानमंत्री ने भी ऐसा कहने की हिम्मत नहीं की लेकिन राहुल गांधी ऐसा बोल रहे हैं! उन्होंने कहा, यह देशद्रोह से कम नहीं है। नड्डा ने 'एक्स' पर



● अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव में प्रधानमंत्री मोदी के आत्मसमर्पण के बयान पर जताई तीखी प्रतिक्रिया

कई पोस्ट में कहा, राहुल गांधी, आत्मसमर्पण आप करते होंगे, आपकी पार्टी ने किया होगा, आपके नेताओं ने आत्मसमर्पण किया होगा क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है लेकिन भारत कभी आत्मसमर्पण नहीं करता।

उन्होंने कहा, आत्मसमर्पण आपकी पार्टी कांग्रेस के शब्दकोश में है, आपके डीएनए में है। आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण किया, शर्म-अल-शेख में आत्मसमर्पण किया, 1971 की लड़ाई जीतने के बाद शिमला में आत्मसमर्पण किया, सिंधु जल समझौते को लेकर आत्मसमर्पण किया, और यहां तक कि देश की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने आत्मसमर्पण किया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नेता ने पड़ोसी देश के समर्थन में बोलने में पाकिस्तानी सेना प्रमुख, उसके प्रधानमंत्री और वहां के आतंकवादी सरगनाओं को भी पीछे छोड़ दिया है। आरोप लगाया राहुल गांधी के कटाक्ष बीमार और खतरनाक मानसिकता को दर्शाते हैं। त्रिवेदी ने भारत की प्रतिष्ठा को कमतर आंकने के लिए पाकिस्तानी सेना प्रमुख और प्रधानमंत्री के उपनामों का उपयोग करते हुए गांधी को 'राहुल मुनीर' और 'राहुल शरीफ' कहा।

### कांग्रेस ने फिर कहा- मोदी जी, 'नरेंदर बनिए सरेंडर' नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर हमला किया। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, सैन्य कार्रवाई के दौरान जब बहादुर भारतीय सेना ने पाकिस्तान की गर्दन दबोच रखी थी, तभी ट्रंप का एक फोन आता है और मोदी ने सरेंडर कर दिया। ट्रंप ने कई बार कहा कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर सैन्य कार्रवाई को रुकवाया है लेकिन मोदी जी ने इसका कभी जवाब नहीं दिया। ये जवाब देंगे भी नहीं, क्योंकि नाम नरेंदर, काम सरेंडर-ये असलियत और हकीकत है। देश के अंदर सारी नीतियां ट्रोल्स चला रहे हैं और विदेश नीति एक ऐसे व्यक्ति चला रहे हैं जो सरेंडर कर चुके हैं।

## शाहदरा के गुरुद्वारे की भूमि पर वक्फ का दावा खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड का शाहदरा की एक संपत्ति (जहां गुरुद्वारा है) पर दावा जताने वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने वक्फ बोर्ड की विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। याचिका में 2010 के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड के दावे को खारिज कर दिया था। मामला 1980 के दशक का है, जब दिल्ली वक्फ बोर्ड ने हीरा सिंह (अब मृतक) के खिलाफ शाहदरा के एक गांव में स्थित एक मस्जिद के कब्जे के लिए मुकदमा दायर किया था। बोर्ड ने तर्क दिया कि संपत्ति वक्फ की संपत्ति थी। प्रतिवादी ने दावे को विवादित बताते हुए तर्क दिया कि केस समयसीमा पार कर चुका और दावा किया कि संपत्ति उसे मोहम्मद ने बेची थी।

# प्रदूषणकारी ईंधन से चलने वाली बसों की 2026 से दिल्ली में नो एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बुधवार को निर्देश दिया कि सीएनजी, बिजली या नवीनतम बीएस-6 डीजल जैसे स्वच्छ ईंधन से न चलने वाली किसी भी बस को एक नवंबर 2026 से दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

यह आदेश दिल्ली में प्रवेश करने वाली सभी बसों पर लागू होगा, जिनमें अखिल भारतीय पर्यटक परमिट और स्कूल बस परमिट के तहत चलने वाली बसों समेत विभिन्न श्रेणी की बस शामिल हैं। हालांकि, दिल्ली में पंजीकृत बसों को छूट दी गई है। दूसरे राज्यों की पुरानी और प्रदूषणकारी

● वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से जारी किया निर्देश

बसों से दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ता है। भले ही स्वच्छ ईंधन वाली बस अब अधिक आम हैं, लेकिन राजधानी में आने वाली कई बसों में अब भी अस्वच्छ ईंधन का उपयोग किया जाता है।

आयोग ने पहले हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और जम्मू कश्मीर समेत विभिन्न राज्यों को 2024 के मध्य या 2025 की शुरुआत तक स्वच्छ ईंधन वाली बसों का इस्तेमाल करने के लिए कहा था।

## रक्षा अलंकरण



नई दिल्ली में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में बुधवार को 92 सैन्यकर्मियों को विशिष्ट सेवा सम्मान मिला। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति से परम विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त करते लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह औजला। एजेंसी

## ईडी ने गोवा भूमि घोटाले के सरगना को किया गिरफ्तार

**पणजी।** ईडी ने गोवा में करोड़ों के भूमि घोटाले के सरगना रोहन हरमलकर को पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वह 2022 में गोवा विधानसभा चुनाव में कुम्भरजुआ से निर्दलीय उम्मीदवार रहा है। पणजी की एक विशेष अदालत ने उसे 14 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। एजेंसी ने दावा किया कि छापों और तलाशी के बाद हुई जांच के दौरान हरमलकर फरार रहा। धन शोधन का यह मामला गोवा पुलिस की एक प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि हरमलकर और अन्य आरोपियों ने छद्म नाम, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और राजस्व अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ आदि के जरिये वास्तविक संपत्ति मालिकों के साथ धोखाधड़ी की है।

# अपशिष्ट निपटान के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई से कोर्ट का इन्कार

**1984 भोपाल गैस त्रासदी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के खतरनाक अपशिष्ट को जलाने के खिलाफ दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई से बुधवार को इनकार कर दिया। इस त्रासदी में 5,479 लोगों की जान चली गई थी और पांच लाख से अधिक लोग अपंग हो गए थे। कोर्ट ने जहरीले कचरे को स्थानांतरित करने और धार जिले के पीथमपुर क्षेत्र में निपटान करने के मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश में 27 फरवरी को हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति संजय करोल और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने वकील से पूछा, आप मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के समक्ष इस प्रयास में विफल रहे हैं। आपने इस अदालत के समक्ष भी इसे रोकने का प्रयास किया था। कोई अंतरिम आदेश नहीं दिया गया। अब छुट्टियों के दौरान, आप चाहते हैं कि हम यह सब रोक दें।

# भारत में प्राकृतिक आपदाओं के कारण एक दशक में 3.2 करोड़ लोग विस्थापित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में बाढ़ और तूफान समेत अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण वर्ष 2015 से 2024 के बीच 3.23 करोड़ लोगों का आंतरिक विस्थापन दर्ज किया गया। किसी देश के अंदर विस्थापित होने वालों की संख्या के लिहाज से चीन और फिलीपीन के बाद भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है।

जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान आपदाओं के कारण 210

● जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र की रिपोर्ट

देशों और क्षेत्रों में 26.48 करोड़ लोगों का आंतरिक विस्थापन हुआ या उन्हें मजबूरी में विस्थापित होना पड़ा। पूर्व और दक्षिण एशिया सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र रहे। रिपोर्ट में कहा गया है, देशों के स्तर पर, पिछले दशक में बांग्लादेश, चीन, भारत, फिलीपीन और अमेरिका में दर्ज विस्थापन के आंकड़े सबसे अधिक रहे।

चीन में 4.69 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ जबकि फिलीपीन में यह आंकड़ा 4.61 करोड़ रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर 90 फीसदी आपदा जनित विस्थापन बाढ़ और तूफान का परिणाम था। इसमें कहा गया है, वर्ष 2015 से 2024 के बीच दुनिया के अधिकांश आपदा जनित विस्थापनों का कारण तूफान रहा जिसके चलते 12.09 करोड़ लोग विस्थापित हुए। इसी अवधि में बाढ़ से 11.48 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ। वर्ष 2020 में वैश्विक स्तर पर तूफान से विस्थापनों में 'अम्फान' सहित अन्य चक्रवातों का योगदान लगभग 92 प्रतिशत है।

## एससीएओआरए अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कर रहा है काम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष ने बुधवार को सीजेआई बीआर गवई को पत्र लिखकर शीर्ष अदालत की 'एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड' एसोसिएशन (एससीएओआरए) पर अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम करने का आरोप लगाया। दावा किया कि एससीएओआरए ने शीर्ष कोर्ट के सामान्य बुनियादी ढांचे और बार सदस्यों से जुड़े मामलों पर संचार जारी किया था। एससीबीए अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि वह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इस संस्था का कामकाज सुसंगत, अनुशासित रहने के साथ अतिक्रमण या टकराव से मुक्त रहे, खास तौर पर बार या सुप्रीम कोर्ट के बुनियादी ढांचे के सामान्य हितों से संबंधित मामलों में। सिंह ने बार में एकीकृत राय को बढ़ावा देने, निर्बाध सहयोग और संस्थागत शुचिता के प्रति सम्मान सुनिश्चित करने तथा बार एवं पीठ के बीच सामंजस्य बनाए रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

# अमेरिकी कदमों से भारतीय छात्र प्रभावित, फिर भी सरकार चुप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के कदमों के कारण बड़ी संख्या में भारतीय छात्र प्रभावित हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर इस मामले में पूरी तरह चुप हैं, हालांकि यह आश्चर्य की बात नहीं हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, विदेश मंत्रालय के अनुसार 2024 में 3,37,630 भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गए। अमेरिकी शैक्षणिक परिसरों में एक तिहाई विदेशी छात्र भारत से हैं। अमेरिका गए छात्र अनिश्चित भविष्य का

● कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पर कटाक्ष

सामना कर रहे हैं तथा 2025 में वहां जाने की योजना बना रहे बड़ी संख्या में छात्रों की आकांक्षाएं शायद पूरी न हो पाएं। उन्होंने कहा, ट्रंप ने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। चीनी छात्रों को लेकर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है लेकिन हमारे प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री चुप हैं। रमेश ने कहा, वे ऑपरेशन सिंदूर को केवल चार दिनों के बाद बंद करने के राष्ट्रपति ट्रंप के दावों पर पूरी तरह चुप हैं और उन्होंने इस पर चिंता का एक शब्द भी नहीं कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यों से भारतीय छात्रों और उनके परिवारों पर कितना बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

# बेंगलुरु में आरसीबी के लिए बिछे पलक-पांवड़े

## बड़ी संख्या में प्रशंसकों ने टीम का किया गर्मजोशी से अभिवादन, विराट कोहली की झलक पाने को रहे बेताब

**बेंगलुरु, एजेंसी**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम बुधवार दोपहर जब यहां पहुंची तो हवाई अड्डे के बाहर सड़क पर दोनों तरफ बड़ी संख्या में खड़े प्रशंसकों ने उनका अभिवादन किया। प्रशंसक करिश्माई विराट कोहली के साथ टीम के खिलाड़ियों की झलक पाने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े थे। यही हाल चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भी दिखा जहां प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम का राज्य के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने हवाई अड्डे पर स्वागत किया। शिवकुमार ने कहा, विराट कोहली ने पिछले 18 सालों से अपना अनुभव, अपना प्यार और अपना दिल (आरसीबी को) देकर हमारे राज्य को गौरवान्वित किया है। मैं अपने राज्य के सभी युवाओं की तरफ से उनके प्रति प्यार और सम्मान लेकर यहां खड़ा हूं। उन्होंने कहा, कर्नाटक सरकार की ओर से हम इस अभियान में शामिल सभी को बधाई देते हैं। मैं उनकी निरंतर सफलता की कामना करता हूं। 18 साल का संघर्ष कोई छोटी बात नहीं है। विधान सौध (विधानसभा) में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कार्यालय के रास्ते में सड़क के दोनों ओर खड़े प्रशंसकों ने चैंपियन टीम का उत्साह बढ़ाया। आरसीबी ने मंगलवार को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर 18 साल में अपना पहला खिताब जीता था। यह टीम के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली के लिए बड़ी उपलब्धि है। कोहली लीग की शुरुआत से केवल इसी फ्रेंचाइजी के लिए खेल रहे हैं।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद आरसीबी के खिलाड़ी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में प्रशंसकों से मुखातिब होंगे। मुख्यमंत्री द्वारा विशेष अनुमति दिए जाने के बाद विधान सौध से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली बस परेड भी शाम पांच बजे शुरू होगी। इससे पहले बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस के एक्स पर जारी बयान के अनुसार विधान सौधा से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली छत वाली बस परेड यातायात संबंधी परेशानियों के कारण नहीं हो सकती है। आरसीबी ने 'एक्स' पर लिखा, हम सभी प्रशंसकों से पुलिस और अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने का अनुरोध करते हैं, ताकि सभी लोग शांतिपूर्वक इसका मजा ले सकें। चिसोशल मीडिया पर साझा तस्वीरों और वीडियो में कोहली को ट्रॉफी पकड़े हुए और टीम के बस मार्ग पर खड़े हजारों प्रशंसकों को सुखद आश्चर्य से देखते हुए देखा जा सकता है।

### सरकार ने किया विधान सौध में चैंपियन आरसीबी का स्वागत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को 18 साल में पहला आईपीएल खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू टीम को सम्मानित किया। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम का विधान सौध के सामने बनी भव्य सीढ़ियों पर स्वागत किया। एक छोटे से कार्यक्रम में खिलाड़ियों को मैसुरू फेटा (पारंपरिक पगड़ी), शॉल और पुष्पमाला पहनाई गई। इस कार्यक्रम को देखने के लिये बड़ी तादाद में प्रशंसक जमा थे।



### तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली

अहमदाबाद। 18 साल के इंतजार के बाद आईपीएल ट्रॉफी जीतने के साथ विराट कोहली ने अपना हाल-ए-दिल इंस्टाग्राम पर लिखा, इस टीम ने सपना सच कर दिया। इस सत्र को मैं कभी नहीं भुला सकूंगा। यह आरसीबी के सभी प्रशंसकों के लिए है, जिन्होंने खराब से खराब समय में भी टीम का साथ नहीं छोड़ा। यह बरसों की निराशाओं और दिल टूटने के सिलसिले के लिए है। यह टीम के लिए खेलते समय एक ही पल के योगदान के लिए है। कोहली ने कहा, जहां तक आईपीएल ट्रॉफी का सवाल है तो तुमने मुझे तुम्हे थामने और जश्न मनाने के लिए 18 साल तक इंतजार कराया, लेकिन यह पल इंतजार के लायक था। वहीं उन्होंने इंस्टाग्राम स्टेटस पर दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व धुरंधर एबी डिविलियर्स के साथ तस्वीर साझा की है, जिसमें उन्होंने आईपीएल ट्रॉफी को थामा हुआ है। कैप्शन में लिखा, समान रूप से तुम्हारी भी बिस्कोटी (दोनों एक दूसरे को प्यार से यही बुलाते हैं) वहीं दूसरे स्टेटस में फिल साल्ट के साथ ट्रॉफी को थामे हुए तस्वीर डाली है। इसमें कैप्शन में लिखा है, शानदार प्रदर्शन पार्टनर।

### चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप ने वंशिका से की सगाई

**कानपुर, अमृत विचार।** भारतीय टीम के गेंदबाज कुलदीप यादव ने बुधवार को अपनी बचपन की दोस्त वंशिका से सगाई कर ली। यह समारोह लखनऊ में हुआ। वंशिका कानपुर के श्याम नगर की रहने वाली हैं। कुलदीप और वंशिका बचपन से ही एक दूसरे को जानते हैं। जानकारी के अनुसार वंशिका ऑस्ट्रेलिया में जॉब करती हैं और उनके पिता एलआईसी में अधिकारी हैं। लखनऊ में हुये समारोह में कुलदीप के परिवार समेत क्रिकेटर रिंकू व यूपी के कई क्रिकेटर भी शामिल हुए। अपने संघर्ष और मेहनत के बल में टीम इंडिया में जगह बनाने वाले कुलदीप पूरे विश्व में चाइनामैन बॉलर के रूप में जाने जाते हैं। वह सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में गिने जाते हैं। उन्होंने भारतीय टीम और आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की टीम से खेलते हुए कई मुकाम हासिल किए। कुलदीप यादव का जन्म उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में 14 दिसंबर 1994 को हुआ था। इसके बाद पढ़ाई और प्रशिक्षण के लिए पिता परिवार सहित कानपुर शिफ्ट हो गए थे।



# अनुभवहीनता से हमें नुकसान हुआ, युवा टीम भविष्य में बहुत कुछ जीतेगी: पोंटिंग

**अहमदाबाद, एजेंसी**



पंजाब किंग्स के मुख्य को रिकी पोंटिंग ने माना कि आरसीबी के खिलाफ आईपीएल के फाइनल में लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम को मध्यक्रम में अनुभव की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज ने उम्मीद जताई कि टीम के युवा खिलाड़ी भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।आईपीएल के इस सत्र में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन फाइनल में आरसीबी से 6 रन की हार के साथ समाप्त हुआ।

पोंटिंग ने मैच के बाद कहा कि आप महसूस कर सकते हैं कि शायद थोड़ी सी अनुभवहीनता से हमें हार का सामना करना पड़ा। आज मध्यक्रम में थोड़ा सा अनुभव शायद हमारी मदद कर सकता था। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि वे आगे चलकर हमारे लिए कई मैच जीतने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रही लेकिन मैच के आगे बढ़ने के साथ यह धीमी होती चली गयी। पोंटिंग ने हालांकि हार के लिए कोई 'बहाना' बनाने से इन्कार कर दिया।

दूसरी पारी में पिच के बदले मिजाज पर उन्होंने कहा कि नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता। हम कोई बहाना नहीं बनाना चाहते हैं। शशांक ने मैच के बाद कहा कि यह पूरे सत्र की सबसे अच्छी विकेट थी। हमने मैच के अहम चरण में लय गवां दी। हम पावरप्ले के आखिरी ओवरों में थोड़ा पिछड़ने लगे थे। हमने इसके बाद जरूरी मौकों पर अपने अहम विकेट गंवा दिये। पोंटिंग ने कहा कि उनकी टीम आरसीबी को 190 रन पर रोककर संतुष्ट थी। उन्होंने कहा कि आरसीबी को भी लगा होगा कि उन्होंने थोड़े कम रन बनाये है। हम हालांकि लक्ष्य का पीछा करते समय अच्छा नहीं खेल सके। पोंटिंग ने कहा कि मैंने सत्र शुरू होने से पहले मुल्लांपुर में श्रेयस (अय्यर) के साथ कहा था... यह एक बेखौफ, आक्रमण और अलग टीम बनाने के बारे में था।

# नए कैप्टन कूल के तौर पर उभरे अय्यर



**नई दिल्ली, एजेंसी**

- धोनी व रोहित के बाद श्रेयस टीम को आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के 10 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने वाले श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन बनाने से बेहद मामूली अंतर से चूक गए, लेकिन उन्होंने खुद को एक ऐसे कप्तान के रूप में स्थापित कर लिया है जिसकी भारत को शायद भविष्य में जरूरत हो सकती है।

महेंद्र सिंह धोनी व रोहित शर्मा के बाद अय्यर आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान हैं। उनकी यह उपलब्धि बेहद खास है क्योंकि उन्होंने पांच सालों में तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ऐसा किया है। यह एक ऐसे खिलाड़ी के लिए बड़ी बात है, जिसे इस महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। केकेआर ने पिछले साल उन्हें जाने दिया क्योंकि फ्रेंचाइजी को बड़ी रिटेंशन फीस की उनकी मांग उचित नहीं लगी। केकेआर का यह नुकसान पंजाब किंग्स के लिए एक बड़ा फायदा साबित हुआ। पंजाब की टीम को इस खिलाड़ी के रूप में समझदार और जज्बे वाला कप्तान मिला।

शुभमन गिल की कप्तानी की परीक्षा अभी नहीं हुई है। उन्हें इंग्लैंड में कप्तान के रूप में कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा, लेकिन 3 जून 2025 के बाद श्रेयस संतोष अय्यर को भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक माना जाना चाहिए। अय्यर की कप्तान में अपनी समझदारी के साथ महेंद्र सिंह धोनी जैसा संयम और विराट कोहली जैसा आक्रामक रवैया के साथ मुंबई के उनके सीनियर रोहित शर्मा की तरह बिंदास मुंबईकर के मिश्रण का पुट दिखा।

आईपीएल के फाइनल में हार के बावजूद अय्यर के आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने निराशा को पीछे छोड़ते हुए कहा, अभी काम आधा बाकी है, हमें अगले साल जीतना है। इंग्लैंड के लिए टीम में उनका न होना पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग के लिए भी काफी हैरानी भरा रहा। पोंटिंग ने आईपीएल प्लेऑफ से पहले आईसीसी रिव्यू में कहा था कि मैं वास्तव में बहुत दुखी था लेकिन उसने इसे बहुत अच्छे से स्वीकार कर लिया है और वह आगे बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि उनकी आंखों में हर बार अच्छा प्रदर्शन करने की ललक रहती है। वह हर मैच को जीतना चाहता है और एक सर्वश्रेष्ठ कप्तान के रूप में विकसित होना चाहता है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का यह बयान काफी मायने रखता है। पोंटिंग ने यह बात सिर्फ फ्रैंचाइजी कप्तान का समर्थन करने के लिए नहीं कही। 2017 में जब गौतम गंभीर ने बीच सत्र में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया, तो पोंटिंग की सलाह पर अय्यर दिल्ली आईपीएल फ्रैंचाइजी के कप्तान बने।

## खेल डायरी



इंग्लैंड के लीसेस्टर में अप्टनस्टील काउंटी ग्राउंड पर इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान वेस्टइंडीज की करिश्मा रामहरैक द्वारा आउट किए जाने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करतीं इंग्लैंड की एमी जोन्स।

### इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन का भारत में टेस्ट खेलना संदिग्ध

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गुस एटकिंसन का हैमस्ट्रिंग चोट से भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। भारत और इंग्लैंड जून से पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। गेंदबाज गुस एटकिंसन का भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है क्योंकि उनकी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है। 27 वर्ष के एटकिंसन को जिम्बाब्वे में पिछले महीने टेस्ट के दौरान चोट लगी थी, जिससे वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीती श्रृंखला में नहीं खेल सके। अगर एटकिंसन फिट नहीं होते हैं तो यह इंग्लैंड के लिए बड़ा झटका होगा क्योंकि मार्क वुड और ओली स्टोन पहले से चोटिल हैं।

### सीनियर वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत ने जीते तीन कांस्य

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ मुएथाई एसोसिएशन आईएफएमए द्वारा अंटालिया टर्की में आयोजित सीनियर वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत के म्यू थाई खिलाड़ियों ने तीन कांस्य पदक जीते। राजस्थान के साहिल ने दो कांस्य पदक एक टीम और एक व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता। राजस्थान के ही आदित्य देवन्दा, छत्तीसगढ़ की टिकेश्वरी साहू और अरुणाचल की पनि मंजू जोराम ने एक-एक कांस्य पदक जीता।

# करुणाकरण-वरियाथ की जोड़ी ने भारत की उम्मीदें रखीं कायम

**जकार्ता, एजेंसी**

सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन भारत की अन्य जोड़ियां बुधवार को शुरुआती दौर के बाद बाहर हो गईं। करुणाकरण और वरियाथ ने 45 मिनट चले मुकाबले में चीनी ताइपे की ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को हराया।

इस स्पर्धा में हालांकि अन्य भारतीय जोड़ियों ने निराश किया क्योंकि वे अगले दौर में आगे बढ़ने में असफल रहीं। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाड्डे को युची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी से शिकस्त मिली। आशिथ सूर्या और अमृता प्रमथेश को डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश के हाथों हार का सामना करना पड़ा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी भी शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में विफल रही। इस जोड़ी को मलेशिया के दूसरे वरीय टैंग जी चेन और ई वेतोह के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।



सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ

### थाईलैंड से अभियान शुरू करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**एशिया कप**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप में अपने अभियान का आगाज पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी जिसके बाद गत चैम्पियन जापान और सिंगापुर से खेलना है। हॉकी इंडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछली बार कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को पूल बी में जापान, थाईलैंड और सिंगापुर के साथ रखा गया है। पूल ए में मेजबान चीन, कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं।

टूर्नामेंट चीन के हांगझोउ में 5-14 सितंबर तक खेला जाएगा। इसके विजेता को 2026 विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। भारत को 6 सितंबर को जापान से खेलना है जबकि 8 सितंबर को सिंगापुर से मुकाबला होगा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि पूल बी में गत चैंपियन जापान के साथ होने से हमें अच्छी चुनौती मिलेगी और खुद को आंकने का मौका भी। हम चतुर और अनुशासित हॉकी खेलने का प्रयास करेंगे। हमारा लक्ष्य विश्व कप में सीधे जगह बनाना है। हर पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर चार में पहुंचेंगी जहां सभी को एक दूसरे से एक बार खेलना है।

# नॉर्वे शतरंज के आठवें दौर में हिकारू ने गुकेश को हराया

**स्टवान्गर।** नॉर्वे शतरंज 2025 के आठवें दौर में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा ने मौजूदा विश्व चैंपियन डोमराजू गुकेश को हराया। नाकामुरा ने शुरुआत में ही जोरदार हमला करके बढ़त हासिल की और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रहे। इस जीत के साथ नाकामुरा ने पूरे तीन अंक प्राप्त किए।



इस बीच, अर्जुन एरिगैसी और फैबियानो कारुआना ने एक लंबा और कड़ा मुकाबला खेला। ऐसा लग रहा था कि कारुआना का पलड़ा भारी रहेगा। कारुआना ने एक निर्णायक गलती की जिसका फायदा अर्जुन एरिगैसी ने उठाकर पूरे तीन अंक जीत कर फिर से खिताबी दौड़ में वापसी कर ली है। टूर्नामेंट के अभी दो दौर शेष हैं। गुकेश 11.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 12.5 अंक के साथ अभी भी शीर्ष पर हैं। जबकि कार्लसन आर्मागेडन में वेई यी से हारकर 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

# अल्काराज, स्वियातेक और सबालेंका सेमीफाइनल में

**पेरिस, एजेंसी**

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने बुधवार को अमेरिका के टॉमी पॉल को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की इगा स्वियातेक और विश्व की नवंबर वन खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने भी अगले दौर में जगह बना ली हैं।



स्पेन के अल्काराज ने टॉमी पॉल पर 6-0, 6-1, 6-4 से शानदार जीत दर्ज रोलांड-गैरोस में लगातार तीसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में अल्कराज का सामना इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा। मुसेटी ने फ्रेंच ओपन में अमेरिका को टियाफो को 6-2,4-6, 7-5, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मुसेटी ने पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में स्वियातेक का मुकाबला बेलारुस की आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका ने चीन की किनवेन झेंग को 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की है।

# वेस्टइंडीज का इंग्लैंड ने वनडे शृंखला में किया सूपड़ा साफ



**लंदन, एजेंसी**

- सात विकेट से मैच जीतकर शृंखला को 3-0 से किया अपने नाम, दोनों टीमें अब खेलेंगी तीन मैचों की टी-20 शृंखला

आदील राशिद के नेतृत्व में गेंदबाजों के प्रदर्शन के बाद जैमी स्मिथ की वनडे करियर की पहली अर्धशतकीय पारी से इंग्लैंड ने तीन मैचों की शृंखला के बारिश से प्रभावित आखिरी वनडे में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से शिकस्त दी। इंग्लैंड ने इसके साथ ही इस शृंखला को 3-0 से अपने नाम किया। दोनों टीमें शुक्रवार से 3 मैचों की टी-20 शृंखला में भिड़ेंगी।

स्मिथ ने 28 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में 10 चौके और 3 छक्के की मदद से 64 रन बनाने के साथ पहले विकेट के लिए बेन डकेट (58) के साथ 93 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में जीत के लिए मिले 246 रन के लक्ष्य को 62 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। मैच में दो बार देरी हुई। वेस्टइंडीज की टीम बस ट्रैफिक लाइट की खराबी से देर तक फंसी रही। टीम टॉस के लिए तय समय पर मैदान तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद बारिश से 90 मिनट का खेल प्रभावित हुआ। यातायात की इस समस्या से निपटने के लिए इंग्लैंड के खिलाड़ी टीम बस को छोड़ किराए की साइकिल से स्टेडियम पहुंचे। नेट सत्र में वार्मअप के बिना मैदान पर उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों में 28 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। इसके बाद मैच में बारिश ने खलल डाला। मैच दोबारा शुरू हुआ तो वेस्टइंडीज ने 154 रन तक 7 विकेट गंवा दिए। टीम नौ विकेट पर 251 रन बनाने में सफल रही। शेरफेन रदरफोर्ड ने 70 रन बनाकर टीम को 250 रन के पार पहुंचने में योगदान दिया। गुडाकेश मोती और अल्जारी जोसेफ ने आठवें विकेट के लिए 11.2 ओवरों में 91 रनों की साझेदारी करके अपनी टीम को संघर्ष करने का मौका दिया। इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज की ओर से आठवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। जोसेफ 41 और मोती 63 रन बनाकर आउट हुए। स्पिनर आदिल राशिद ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते इंग्लैंड ने पावर प्ले में एक विकेट पर 121 रन बना लिए थे। जो रूट (44) व जोस बटलर (नाबाद 41) ने इसके बाद टीम को आसान जीत दिला दी।


बेंगलुरु में विधान सौधा में आरसीबी द्वारा आईपीएल 2025 जीतने के बाद टीम के सम्मान समारोह के दौरान एकत्रित प्रशंसकों की भीड़।

# 35 हजार क्षमता, पहुंच गए 3 लाख लोग

## अनियंत्रित प्रशंसक, तैयारियों में चूके अधिकारी, नतीजा मातम में बदला जश्न

बेंगलुरु, एजेंसी

मुझे नहीं पता कि मेरी गलती क्या है? हमारे पास टिकट थे, आरसीबी के एक समर्थक ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर यह बात कही जो आईपीएल में टीम की जीत के जश्न को देखने आया था लेकिन भगदड़ में प्रशंसकों की मौत के बाद का मातम देखकर स्तब्ध था। इसके अलावा 33 चोटिल प्रशंसकों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। वहीं एक प्रशंसक ने कहा कि क्षमता से अधिक भीड़ का पहुंचना लापरवाही उजागर करता है। स्टेडियम की क्षमता 35 हजार है, जबकि करीब 3 लाख भीड़ वहां पहुंच गई।

आनन फानन में आयोजित इस कार्यक्रम के टिकट भी हड़बड़ी में बेचे गए। मुख्य द्वार नंबर 12 और 13 के अलावा क्लब हाउस प्रवेश द्वार नंबर 10 पर भी भारी भीड़ जमा हो गई जिन पर नियंत्रण के लिए पर्याप्त सुरक्षाबल नहीं था। दोपहर साढ़े तीन बजे तक प्रशंसकों की संख्या कई गुना बढ़ गई जिससे पुलिस और स्टेडियम के सुरक्षा अधिकारियों को सारे दरवाजे बंद करने पड़े ताकि वे लोग भीतर नहीं आ सकें जिनके पास टिकट नहीं था। अपने दोस्तों के साथ आये पोस्ट ग्रेजुएट छात्र प्रशांत शेट्टी ने कहा, हम अपने सितारों को देखने आए थे। मैने समारोह के टिकट लिए थे लेकिन भीतर नहीं जा सका। पुलिस ने अचानक सारे रास्ते और दरवाजे बंद कर दिए और मुख्य द्वार के पास लाठीचार्ज शुरू कर दिया। गेट नंबर दस पर बच्चे और महिला भगदड़ का शिकार हुए और पुलिस ने इस रिपोर्टर पर भी लाठी चलाई और स्थानीय भाषा में अपशब्द कहे।


स्टेडियम में घुसने के लिए जद्दोजहद देखी गई।

### पिछले कुछ महीनों में यहां मची भगदड़

**जुलाई 2024, हाथरस सत्संग**
उप्र के हाथरस में भोले बाबा के नाम से चर्चित नारायण साकार हरि के सत्संग कार्यक्रम में मची भगदड़ से 121 लोगों की मौत।

**जनवरी 2025, महाकुंभ**
प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हुआ था। मौनी अमावस्या के दिन घाट पर भगदड़ मच गई और 30 लोगों की मौत हो गई थी।

**जनवरी 2025, तिरुपति मंदिर**
आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में वैकुंठ धाम दर्शन के लिए टोकन की बिक्री के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की जान चली गई थी।

## एक नजर

### असद सरकार गिरने के बाद पहली बार सीरिया से हमला

**इजराइल।** इजराइली सेना ने कहा कि सीरिया से मंगलवार को दो रॉकेट दागे गए जो इजराइल नियंत्रित गोलान हाइट्स के खुले क्षेत्रों में गिरे। सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार दिसंबर में गिरने बाद पहली बार सीरियाई क्षेत्र से इजराइल की ओर हमला किया गया है। सीरियाई सरकारी मीडिया ने बताया कि रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल ने सीरिया के दारा प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाकों पर बमबारी की।

### पाकिस्तान में मुठभेड़ में 14 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** सुरक्षा बलों ने उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में अफगानिस्तान की सीमा से लगे एक कबायली जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाकर 14 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर दो-तीन जून, 2025 को उत्तरी वजीरिस्तान जिले में दत्ता खेल के सामान्य क्षेत्र में खुफिया सूचना के आधार पर एक अभियान चलाया था।

### भारत से फिर संघर्ष शुरू होने की आशंका कम : डार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बुधवार को कहा कि नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच फिर से सैन्य संघर्ष शुरू होने की आशंका बहुत कम है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी किसी भी स्थिति (सैन्य संघर्ष) में मुंहतोड़ जवाब देगा। डार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

### सिंगापुर: भारतीय मूल के व्यक्ति को धोखाधड़ी में जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को धोखाधड़ी के 62 आरोपों में से 21 में दोषी पाए जाने पर बुधवार को ढाई साल की जेल की सजा सुनाई गई। एशियन रिपोर्ट चैनल की खबर के अनुसार, अरिवलागन मुथुसामी (40) ने छह माह के भीतर कम से कम 61 पीड़ितों से लगभग 3,10,000 सिंगापुर डॉलर की ठगी की।

# ट्रंप का कर विधेयक घृणित : मस्क

## कुछ दिन पूर्व दक्षता विभाग से इस्तीफा देने के बाद कहा- इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता

वाशिंगटन, एजेंसी

अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कर और खर्च में कटौती के विधेयक को घृणित करार किया है। रिपब्लिकन पार्टी के विधायी एजेंडे के केंद्रबिंदु माने जाने वाले इस विधेयक को निशाना बनाने वाला मस्क का यह बयान रिपब्लिकन पार्टी में उनकी प्रभाव की परीक्षा होगा। मस्क ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब कुछ ही दिन पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया था।

मस्क ने कुछ दिन पहले सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व किया था और हाल में उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया था। मस्क ने एक्स पर लिखा, मुझे खेद है लेकिन मैं अब इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, खर्च संबंधी संसद का यह बड़ा, अपमानजनक, घटिया विधेयक घृणित है। इसके लिए वोट देने वालों पर शर्म आती है: आप जानते हैं कि आपने गलत किया। आप यह जानते हैं। यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में पारित हो चुका है और सीनेट में इस पर चर्चा होनी है। यह विधेयक मस्क की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला को मिलने वाली सब्सिडी में कटौती करेगा। मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं को धमकी भरे अंदाज में एक पोस्ट में लिखा, अगले वर्ष नवंबर में हम उन सभी नेताओं को बर्खास्त कर देंगे जिन्होंने अमेरिकी जनता के साथ विश्वासघात किया है। यह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क के रुख में बड़े बदलाव को दर्शाता है जिन्होंने ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान के समर्थन में कम से कम 25 करोड़ डॉलर खर्च किए थे। इससे पहले वह ट्रंप के प्रति पर्याप्त रूप से वफादार नहीं माने जा रहे थे, लेकिन अब वह ऐसा सुझाव देते प्रतीत होते हैं कि यदि सांसद राष्ट्रपति की विधायी प्राथमिकता का समर्थन करते हैं तो उन्हें हटाने का प्रयास किया जाए। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान 2017 में स्वीकृत कर कटौती को आगे बढ़ाने और नयी कर कटौती को इसमें जोड़ने का प्रयास किया गया है।



### अस्पतालों को आपात स्थिति में गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशा-निर्देश वापस लेगा ट्रंप प्रशासन

**वाशिंगटन।** ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने कहा कि वह देश के अस्पतालों को आपात स्थिति में महिलाओं का गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशानिर्देश को वापस लेगा। यह दिशानिर्देश 2022 में अस्पतालों को जारी किया गया था, जब अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका में राष्ट्रीय गर्भपात अधिकारों को खत्म कर दिया था। यह दिशानिर्देश अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने उन गंभीर मामलों में गर्भपात की अनुमति देने के लिए जारी किया था।

### तेल व गैस के नए खनन पर ट्रंप प्रशासन की आलोचना

**अमेरिका।** पर्यावरणविदों ने अलास्का में तेल और गैस के नए खनन को लेकर ट्रंप प्रशासन की आलोचना की है और कहा है कि इससे जलवायु संकट में वृद्धि हो सकती है। दर्जनों प्रदर्शनकारी एंकरेज में गवर्नर माइक डनलेवी द्वारा आयोजित वार्षिक अलास्का सतत ऊर्जा सम्मेलन के आयोजन स्थल के बाहर एकत्र हुए, जहां अमेरिका के आंतरिक मामलों के मंत्री डग बर्गम, ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट और पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के प्रशासक ली जेल्डिन मुख्य वक्ता थे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर ले रखे थे जिन पर अलास्का बिकाऊ नहीं है और हमारी सार्वजनिक जमीनों की रक्षा करें जैसे नारे लिखे थे।

### वियतनाम में बढ़े बुजुर्ग तो दो बच्चों की नीति खत्म की

**हनोई।** वियतनाम ने घटती हुई जन्म दर को रोकने और देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के दबाव को कम करने के प्रयास के तहत लंबे समय से लागू दो बच्चों की अपनी नीति को समाप्त कर दिया है। वियतनाम ने बुधवार को बताया कि नेशनल असेंबली ने उन नियमों को खत्म करने के लिए संशोधन पारित किया है, जो परिवारों को एक या दो बच्चे पैदा करने की ही अनुमति देते थे। मौजूदा समय में वियतनामी परिवारों में पहले की तुलना में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं।

वियतनाम में वर्ष 2021 में जन्म दर प्रति महिला 2.11 बच्चे थी, जो कि लंबे समय में जनसंख्या में कमी से बचने के लिए आवश्यक प्रतिस्थापन दर से थोड़ा अधिक है। तब से, जन्म दर में लगातार गिरावट आई है: 2022 में जन्म दर 2.01, 2023 में 1.96 और 2024 में यह घटकर 1.91 रह गयी। वियतनाम कम प्रजनन दर वाला एकमात्र एशियाई देश नहीं है। लेकिन जापान, दक्षिण कोरिया या सिंगापुर के विपरीत यह अभी तक एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। वियतनाम की राजधानी हनोई में मार्केटिंग मैनेजर 37 वर्षीय गुयेन थू लिन्ह ने कहा कि उन्होंने और उनके पति ने केवल एक ही बच्चा पैदा करने का निर्णय लिया, क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि वे बेटे को सर्वोत्तम शिक्षा और पालन-पोषण दे सकें।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ: आस्ट्रेलिया

- रक्षामंत्री राजनाथ ने नई दिल्ली की ठोस जवाबी कार्रवाई के प्रति ऑस्ट्रेलिया के स्पष्ट समर्थन की सराहना की


रक्षामंत्री राजनाथ के साथ मौजूद आस्ट्रेलियाई समकक्ष।

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत तथा ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को अपने रणनीतिक संबंधों को और बढ़ाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बर्बर पहलगाम आतंकी हमले पर नयी दिल्ली की ठोस जवाबी कार्रवाई के प्रति ऑस्ट्रेलिया के स्पष्ट समर्थन की सराहना की।

सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्लेस के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं तथा पाकिस्तान से लगती अपनी सीमा पर भारत की गंभीर चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की। ऑस्ट्रेलिया में लेबर पार्टी की जीत के बाद प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के दूसरी बार सत्ता में बने रहने के बाद मार्लेस भारत की यात्रा करने वाले पहले वरिष्ठ ऑस्ट्रेलियाई मंत्री हैं। मार्लेस की नई दिल्ली यात्रा भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। इस साझेदारी से दोनों देशों के बीच विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिली है।

### आतंकवाद विरोधी संदेश देने लिए अमेरिका पहुंचा भारतीय प्रतिनिधिमंडल

**वाशिंगटन।** कांग्रेस नेता शशि थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी सांसदों, अधिकारियों, विभिन्न थिंक टैंक के सदस्यों एवं नीतिगत मामलों के विशेषज्ञों से मुलाकात करेगा और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर, भारत के सामने मौजूद आतंकवाद की चुनौती और क्षेत्रीय सुरक्षा संबंधी स्थिति की जानकारी देगा। यह प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अमेरिका की राजधानी पहुंचा और बृहस्पतिवार तक यहां रहेगा।

### कंचनजंगा पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से मजबूत होंगे संबंध

**काठमांडू।** नेपाल के रक्षा मंत्री मनबीर राय ने कहा है कि भारतीय एवं नेपाली सेना के सदस्यों के कंचनजंगा पर्वत पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

राय ने यह टिप्पणी सोमवार को यहां सेना मुख्यालय में आयोजित नेपाल-भारत संयुक्त माउंट कंचनजंगा पर्वतारोहण अभियान के ध्वजारोहण समारोह के दौरान की। नेपाली सेना के 10 और भारतीय सेना के पांच जवानों के संयुक्त दल ने 19 और 20 मई को दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा पर चढ़ाई की थी। सोमवार को आयोजित समारोह में दल के सदस्यों ने इस अभियान का झंडा रक्षा मंत्री को सौंपा।

# बांग्लादेश : मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ली

- अंतरिम सरकार ने संशोधित किया कानून, देश के संस्थापक व पूर्व पीएम हसीना के पिता हैं मुजीबुर्रहमान

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कानून में संशोधन करके बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ले ली है और उनका उल्लेख स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर किया गया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के संस्थापक और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता मुजीबुर्रहमान के चित्र को नए मुद्रा नोटों से हटाने के कुछ दिन बाद मंगलवार को यह कदम उठाया है।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, अंतरिम सरकार ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिषद अधिनियम में संशोधन करते हुए स्वतंत्रता सेनानी की परिभाषा में परिवर्तन कर दिया है। कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार रात को संबंधित अध्यादेश जारी किया। खबर में कहा गया है कि कानून में संशोधन के तहत राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान शब्द को भी संशोधित किया गया है।



### संरा सुरक्षा परिषद में गाजा में संघर्षविराम के प्रस्ताव पर होगा मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उस प्रस्ताव पर मतदान होना है जिसमें गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग की गई है जिसका सभी पक्षों द्वारा सम्मान किया जाए। अमेरिका के इस प्रस्ताव पर वीटो करने की करने की संभावना है। परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा तैयार प्रस्ताव में सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद दक्षिणी इजराइल से हमास और अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की रिहाई की मांग दोहराई गई है। प्रस्ताव में गाजा में प्रवेश पर लगे सभी प्रतिबंधों को तत्काल और बिना शर्त हटाने तथा संरा व मानवीय साझेदारों के साथ राहत सामग्री को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से वितरित करने की भी मांग की गई है।

# संरा में भारतीय मुस्लिमों पर टिप्पणी करने पर बिलावल भुट्टो की बेइज्जती

- खराब और खतरनाक छवि पेश किये जाने पर पत्रकार ने घेरा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के उस बयान को लेकर एक पत्रकार ने यहां उनको आड़े हाथ लिया जिसमें उन्होंने भारत में मुस्लिमों की कथित तौर पर खराब और खतरनाक छवि पेश किए जाने को लेकर टिप्पण की थी।

भारत के साथ हालिया संघर्ष के बारे में दुनिया को जानकारी देने के लिए रवाना हुए पाकिस्तानी विशेषज्ञों की एक टीम का नेतृत्व कर रहे बिलावल मंगलवार को मीडिया को अपने दृष्टिकोण से अवगत करा रहे थे। सवाल-जवाब सत्र के दौरान, मिस्र-अमेरिकी पत्रकार अहमद फातही, जो कि अमेरिकी टेलीविजन समाचार (एटीएन) के संरा में संवाददाता हैं, ने बिलावल से मुसलमानों के साथ भारत के व्यवहार पर उनकी टिप्पणियों के बारे में पूछा और उन्हें याद दिलाया कि संघर्ष के दौरान मीडिया को जानकारी देने वाली एक भारतीय मुस्लिम सैन्य अधिकारी थीं। फातही ने कहा, मैं आज आपके (बिलावल) द्वारा दिए गए एक बयान से शुरुआत करना चाहता हूं, जिसमें कहा गया है कि कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले का इस्तेमाल भारत में मुसलमानों को बदनाम करने के लिए एक राजनीतिक उपकरण के रूप में किया जा रहा है।

महोदय, मैंने दोनों पक्षों की ओर से प्रेस को घटनाक्रम से अवगत कराने के कार्य को देखा है, जहां तक मुझे याद है भारतीय पक्ष की ओर से मीडिया को अवगत कराने का काम एक मुस्लिम भारतीय सैन्य अधिकारी कर रही थीं। वह अपना दूसरा सवाल पूछने ही वाले थे कि बिलावल ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। इसके बाद पाकिस्तानी नेता ने भारत की आलोचना की और हमेशा की तरह बयानबाजी जारी रखी।



# सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया- प्रतिबंध के बावजूद काजीरंगा के पास अवैध खनन बढ़ा

- शीर्ष कोर्ट द्वारा 2019 में रोक लगाने के बावजूद खनन जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) ने उच्चतम न्यायालय को बताया है कि शीर्ष अदालत द्वारा 2019 में रोक लगाने के बावजूद असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के पास पार्कुप पहाड़ क्षेत्र में अवैध खनन जारी है तथा और तेज हो गया है। न्यायालय ने 2019 में उद्यान के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में और उसके आसपास खनन और संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा में दुनिया में लुप्तप्राय एक सींग वाले गैंडों की लगभग 65 प्रतिशत आबादी निवास करती है। यह ब्रह्मपुत्र बाढ़ क्षेत्र और कार्बी आंगलोंग पहाड़ियों के बीच एक महत्वपूर्ण वन्यजीव गलियारे का हिस्सा है। उच्चतम न्यायालय ने सीईसी के पूर्व निष्कर्षों पर कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण वन्यजीव आवासों और वन्य परिदृश्यों के क्षरण को रोकने के लिए इस क्षेत्र में खनन और संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। असम में एक अज्ञात सरकारी कर्मचारी की शिकायत और फील्ड स्तरीय सत्यापन के आधार पर, सीईसी ने 30 मई को सुप्रीम कोर्ट को एक नई रिपोर्ट सौंपी, जिसमें कहा गया कि चार अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध के आदेश के बावजूद क्षेत्र में खनन गतिविधियां जारी हैं तथा और तेज हो गई हैं। बड़े पैमाने पर खनन जारी है, विशेष रूप से पार्कुप पहाड़ रेंज में, जो एक घोषित वन्यजीव अभयारण्य है और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की दक्षिणी सीमा बनाता है। दिसंबर 2024 में सरकारी कर्मचारी से प्राप्त शिकायत में 2019 से 2023 तक की गूगल अर्थ इमेजरी और स्थल-विशिष्ट डेटा शामिल थे। कथित तस्वीरों से पता चलता है कि खनन कोर्ट के 2019 के प्रतिबंध आदेश के बाद बंद हो गया था लेकिन 2021 के बाद फिर से शुरू हुआ तथा तेज हो गया।



**प्रतिक्रिया** पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रह चुके टीसीए राघवन ने दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर दी प्रतिक्रिया

# समग्र दृष्टिकोण से ही सुलझेगा भारत-पाकिस्तान विवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रह चुके टीसीए राघवन ने दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर कहा कि इस समस्या का कोई सैन्य समाधान नहीं है तथा इसके लिए एक अधिक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें कूटनीतिक, सामाजिक एवं राजनीतिक साधनों सहित भारत की पूरी ताकत का लाभ उठाया जा सके।

राघवन ने मंगलवार को इंडिया हैबिटेट सेंटर में ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर भारत-पाकिस्तान संबंध विषय पर अपने विचार रखते समय इस बात पर जोर दिया कि भारत का वास्तविक प्रभाव उसकी आर्थिक जीवंतता, सामाजिक बहुलवाद, संस्थागत लचीलेपन और सांस्कृतिक पहुंच में निहित है, न कि केवल उसकी सैन्य शक्ति में। पाकिस्तान में सात साल तक सेवा देने वाले पूर्व राजनयिक ने कहा कि दरअसल पाकिस्तानी सेना भारत की सैन्य शक्ति से खतरा महसूस नहीं करती, बल्कि वह उसके सामने खड़ा होना चाहती है। उन्होंने कहा, पाकिस्तानियों को आपकी सेना की चिंता नहीं है, बल्कि एक राष्ट्र के रूप में आपकी समग्र प्रगति- आपकी आर्थिक वृद्धि, आपकी सामाजिक प्रगति, आपके समाज की बहुलता और आपकी संस्थाओं की ताकत उसकी चिंता है। यही वह चीज है जिससे वे वास्तव में डरते हैं, कोई सैन्य समाधान नहीं है, आपको अपनी पूरी ताकत लगानी होगी। राघवन ने कहा, वास्तविक अर्थों में आपकी ताकत बहुत बड़ी है, वास्तव में आपका सांस्कृतिक, सामाजिक व राजनीतिक रूप से आधिपत्य पाकिस्तान की चिंता है। इसलिए अगर हम पूरी तरह से सुरक्षा आधारित संबंध की ओर बढ़ते हैं तो यह सब एक तरफ रह जाएगा। आपको पाकिस्तान से केवल दो, तीन या पांच साल के लिए ही नहीं, बल्कि बहुत लंबे समय के लिए निपटना है तथा यह देखते हुए आपको अधिक व्यापक दृष्टिकोण की जरूरत है। इस बात को रेखांकित किया कि पाकिस्तान के साथ स्थिति महज एक सामरिक या सैन्य मुद्दा नहीं है।


टीसीए राघवन

### संबंध 2017-18 से उत्तरोत्तर खोखले हो रहे : राघवन

राघवन (69) ने जोर देकर कहा कि आज मुख्य चुनौती यह है कि एक कार्यशील द्विपक्षीय संबंध की अनुपस्थिति में उस पड़ोसी के साथ अस्थिर एवं टकराव वाली स्थिति का प्रबंधन कैसे किया जाए जिससे निपटना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि ये संबंध 2017-18 से उत्तरोत्तर खोखले हो रहे हैं। राघवन ने कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को स्थगित करने का हालिया निर्णय दर्शाता है कि मेज पर कितने कम राजनयिक विकल्प बचे हैं। उन्होंने कहा, इस बार, एक तरह से आपके पास आईडब्ल्यूटी को स्थगित करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था। बाकी जो कुछ भी किया जा सकता था, वह पहले ही किया जा चुका है।